सूर्योदय 5:41 सूर्यास्त 6:55

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 25.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.2 न्यू | 31.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80288.38 |
| निफ्टी | 24335.95 |
| सोना | 97,960 |
| चांदी | 1,00, 447 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए सामान्य सी बात: सूर्यवंशी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 30 अप्रैल 2025 | 18 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 121, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs पंजाब किंग्स

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

## न्यूज शॉर्ट्स

### दोषियों के राजनीतिक दल बनाने पर रोक की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दोषी व्यक्तियों को राजनीतिक दल बनाने और उनमें पद धारण करने से रोकने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई 11 अगस्त तक टाल दी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार पीठ ने वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर अंतिम सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद पीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की और पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दी। (अनंत ज्ञान)

### वक्फ कानून को चुनौती देने वाली 13 याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) एक्ट, 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 13 नई याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि नई याचिकाएं नहीं जोड़ना संभव नहीं है, क्योंकि उन्हें संभालना मुश्किल हो जाएगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि हमने पांच मामले दर्ज किए हैं, उन पर सुनवाई करेंगे, अगर आप एडिशनल प्वॉइंट पर बहस करना चाहते हैं तो इंप्लीडमेंट एप्लिकेशनल दायर करें। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम हमले के बाद केंद्रीय कैबिनेट बैठक आज

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुधवार को होगी। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई गई है। पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल की कोई बैठक नहीं हुई और केवल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक 23 अप्रैल को हुई थी जिसमें पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### चीन के रेस्तरां में आग से 22 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के लिओनिंग प्रांत के लिओयांग शहर में मंगलवार दोपहर एक रेस्तरां में आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के मुताबिक, रेस्तरां में आग दोपहर 12.25 बजे लगी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। चीन में इस महीने आग लगने की दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले नौ अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत की लोंघुआ काउंटी में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल के नए पुलिस महानिदेशक को लेकर अटकलें हुईं तेज -पेज 3
- नशे से छुटकारे के लिए खेलें जरूरी: अनिरुद्ध -पेज 6
- टैलेंट, टेंपरामेंट और टेक्नोलॉजी बदलेगी भारत का भविष्य: मोदी -पेज 13
- आगे बढ़ने और आगामी मुकाबलों पर ध्यान देने की जरूरत: हर्षित -पेज 14

# हिमाचल में सरकारी और व्यावसायिक वाहनों में डस्टबिन जरूरी

## पर्यावरण संरक्षण से ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में सुक्खू सरकार की पहल, नियम लागू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**पर्यावरण** को साफ-सुथरा रखने के लिए राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। प्रदेशभर में सभी सार्वजनिक और व्यावसायिक परिवहन वाहनों में डस्टबिन लगाना अनिवार्य होगा। यह नियम मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

परिवहन विभाग ने सभी क्षेत्रीय परिवहन दफ्तरों को इसके तत्काल कार्यान्वयन के निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसका मकसद यात्रियों और चालकों के बीच कचरा फैलाने की प्रवृत्ति को कम करना और जिम्मेदार कचरा निपटान को बढ़ावा देना शामिल है। यह नया नियम पुराने और नए दोनों तरह के वाहनों पर लागू होगा, जिनमें टैक्सी, बसें सरकारी और निजी दोनों और अन्य वाणिज्यिक वाहन आएंगे। नए वाहनों को डस्टबिन फिटिंग के बिना पंजीकरण स्वीकृति नहीं दी जाएगी, जबकि पुराने वाहनों को भी शीघ्र ही इस नियम का पालन करना होगा। आलाधिकारियों को निरीक्षण का अधिकार दिया गया है और जिन वाहनों में डस्टबिन नहीं होगा, उनकी पासिंग व पंजीकरण नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### सड़क किनारे कचरा कम करने में मिलेगी मदद

**यह** पहल राज्य के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसमें सड़क किनारे कचरा कम करना, पर्यावरण अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देना और परिवहन प्रदाताओं एवं यात्रियों के बीच नागरिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना शामिल है।

### डस्टबिन न लगाने पर 10 हजार जुर्माना

**इस** नीति को प्रभावी रूप से लागू करने को सरकार ने कड़े दंड का प्रावधान भी किया है, जिसके तहत व्यावसायिक वाहनों में डस्टबिन न लगाने पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वाहन के बाहर कचरा फेंकने पर 1500 रुपए का जुर्माना देना होगा। परिवहन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 29 अप्रैल से सड़क पर निरीक्षण के दौरान चालान जारी कर दिए गए हैं। उच्च जुर्माने की राशि तय करने का मकसद है कि परिवहन ऑपरेटर तेजी से इस नियम का पालन करें और दीर्घकालिक व्यवहार में सुधार लाएं। परिवहन निदेशक ने हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन और निजी ऑपरेटरों दोनों को विशेष निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द अपने वाहनों में डस्टबिन लगवाएं। अगस्त निर्धारित समय सीमा में डस्टबिन नहीं लगाए गए, तो फिर भारी भरकम जुर्माना तैयार रहने की हिदायत भी दी गई है।

### उचित कचरा संग्रहण बिंदुओं पर एकत्र करने में करें मदद

**वाहनों** में डस्टबिन होने से यह सुनिश्चित होगा कि कचरा, विशेषकर खाद्य पैकेट, टिशू पेपर और डिस्पोजेबल पैकेजिंग जैसे जैविक कचरे को सड़कों या सार्वजनिक स्थलों पर फेंकने के बजाए उचित कचरा संग्रहण बिंदुओं पर एकत्र कर निपटाया जाए।

### ग्रीन हिमाचल बनाए रखने में करें सहयोग

**राज्य** में आने वाले सभी यात्रियों से अपील की गई है कि वे इस नई पहल में सहयोग करें, उपलब्ध डस्टबिन का उपयोग करें और स्वच्छता अभियानों का समर्थन करें, ताकि सभी मिलकर हिमाचल को एक स्वच्छ और ग्रीन हिमाचल बना सकें।

## सीडीएस, एनएसए, तीनों सेनाओं के प्रमुख व रक्षा मंत्री के साथ पीएम ने की हाई लेवल मीटिंग

# पाकिस्तान के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पहलगाम** में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बड़े एक्शन मोड में है। पीएम मोदी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मुलाकात की। पीएम हाउस में हुई इस मीटिंग में चीफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान, नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। इस हाईलेवल बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मोदी ने कहा कि सेना की क्षमता पर पूरा भरोसा है कि हमारे जवान करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के लिए सेना को पूरी छूट है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन और तेज कर दिए गए हैं। हमले के बाद नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर भारतीय सेना पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ चुकी है। सभी सेक्टरों में चौकसी बढ़ा दी गई है और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। वहीं, बारामूला, कुपवाड़ा व अखनूर सेक्टर में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौते का लगातार पांचवीं रात उल्लंघन किया है और जवानों ने कड़ा जवाब दिया है। (अनंत ज्ञान)



नई दिल्ली में मंगलवार को सीडीएस, एनएसए, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा मंत्री के साथ बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### जम्मू-कश्मीर में 48 गंतव्य पर्यटकों के लिए बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट जारी है। सुरक्षाबलों की ओर से चलाए जा रहे सघन तलाशी अभियान के मद्देनजर सरकार ने घाटी के 48 पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इनमें श्रीनगर, बारामूला, बडगाम, अनंतनाग, कुपवाड़ा जैसे जिलों के प्रमुख पर्यटक स्थल शामिल हैं। अन्य स्थलों को उचित सुरक्षा प्रदान की गई है।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का 'एक्स' अकाउंट बंद

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ का 'एक्स' अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। वे भारत के खिलाफ भी अनरगल बयानबाजी कर रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था। आसिफ ने सोमवार को कहा था कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है।

# सुप्रीम कोर्ट का पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इनकार

## कहा- देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पेगासस** जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्तूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त, 2022 में इसकी रिपोर्ट आई, जिसमें कहा कि 29 फोनों की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को याचिका में रिपोर्ट सार्वजनिक करने की 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। (अनंत ज्ञान)

**अब 30 जुलाई को होगी सुनवाई**

### बिल्डरों और बैंकों के बीच 'गठजोड़' की जांच जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच 'गठजोड़' की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हजारों फ्लैट खरीदने वालों की याचिकाएं आईं थीं, जिसमें आरोप लगाया कि उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70 फीसदी लोन की रकम सीधे दे देते थे, लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है।

### कुआं विवाद: संभल मस्जिद समिति से मांगा जवाब

**सुप्रीम** कोर्ट ने संभल की मुगलकालीन जामा मस्जिद के बाहर विवादित कुएं को लेकर दी गई स्थिति रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष कोर्ट ने समिति को इसके लिए दो हफ्ते का समय दिया। शीर्ष कोर्ट ने 10 जनवरी को संभल के जिलाधिकारी को निर्देश दिया था कि कुएं पर यथास्थिति को बनाए रखें। कोर्ट ने केंद्र सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक, संभल के जिलाधिकारी और हरिशंकर जैन के नेतृत्व में हिंदू पक्ष के अन्य निजी पक्षकारों को नोटिस जारी किया।

# वनों का ख्याल रखने के लिए सीएम ने नवनियुक्त वन मित्रों के लिए जारी किया ट्रेनिंग मैनुअल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओकओवर, शिमला में नवनियुक्त 'वन मित्रों' के लिए प्रशिक्षण मैनुअल जारी किया। इस मैनुअल का उपयोग वन मित्रों को वन अग्नि प्रबंधन, विभागीय कार्यप्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, विभिन्न पौधरोपण कार्यक्रमों और समग्र वन प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

वन मित्र इस वर्ष 1 से 5 मई तक अपने-अपने रेंज में प्रशिक्षण लेंगे। सभी वन मंडल अधिकारियों (डीएफओ) को प्रशिक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इसकी निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने मैनुअल को प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षकों को शीघ्र वितरित करने के निर्देश देते हुए दक्ष प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वन मित्र विभाग की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह जानकर अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षण मैनुअल को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 15 मई के बाद नवनियुक्त वन मित्रों से संवाद करेंगे।



ओकओवर से नवनियुक्त 'वन मित्रों' को प्रशिक्षण मैनुअल जारी करते सीएम सुक्खू।

# कांग्रेस किस मजबूरी में बोल रही पाक के बोल : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस व उनके नेताओं की ऐसी क्या मजबूरी है कि पाकिस्तान के बोल बोलना जरूरी है।

आखिरी भारतीयों के खून बहने पर कांग्रेस का खून नहीं खौलता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का एक ऐसा देश है, जिसकी स्टेट पॉलिसी में टेररिस्ट फंडिंग है। पाकिस्तान को खून बहाने में आनंद आता है। भारत में बार-बार आतंकवादी हमले कराने का जो काम करता है, उसका नाम पाकिस्तान है। कांग्रेस और उनके नेताओं की क्या मजबूरी है कि उन्हें पाकिस्तान की भाषा बोलनी पड़ रही है? क्या उन्हें भारत के खिलाफ हुए आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिकों का खून नजर नहीं आता? आखिर कांग्रेस बार-बार पाकिस्तान का बचाव क्यों कर रही है? सैफुद्दीन सोज पाकिस्तान के उस बयान का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें वह कह रहा है कि उसका हमले में कोई हाथ नहीं है। क्या अब हमें पाकिस्तान की सफाई पर यकीन करना चाहिए? क्या अब कांग्रेस इस्लामाबाद की जुबान बोलने लगी है? पाकिस्तान के मंत्री ने माना है और उनके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुल्लम-खुल्ला धमकी दी है कि भारत के अलग-अलग शहरों में वह आतंकवादी हमले करवा सकते हैं।

### राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज दंड स्थापित



**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना होने के बाद मंगलवार को धर्म ध्वज दंड भी स्थापित कर दिया गया। इस ध्वज दंड की लंबाई 42 फुट और वजन लगभग साढ़े पांच टन है। धर्म दंड लगने के बाद अब राम मंदिर की कुल ऊंचाई 201 फुट हो गई। राम मंदिर के मुख्य शिखर का निर्माण पूरा होने के बाद गत 14 अप्रैल को कलश की स्थापना की थी। अब इसके प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना का कार्य अगले माह संपन्न होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

**निराशा** विलय होगा, पर जमीन का मालिकाना हक भारत सरकार के पास ही रहेगा, नियम और शर्तों में बदलाव से कसौली, सुबाथू और डगशाई वासी उदास

# छावनियों के स्थानीय निकाय में विलय पर नियम-शर्तों का पेंच

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**आजादी** के 78 साल बाद भी ब्रिटिश शासन के समय बने कानून की बंदिश से जमीन का मालिकाना हक से वंचित देश की 61 छावनियों सहित प्रदेश की 6 छावनियों में रह रहे लोग अभी भी केंद्र सरकार से राहत मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

रक्षा मंत्रालय ने 36 छावनियों को सिविल एरिया में शामिल करने का निर्णय लिया है, लेकिन नियम और शर्तों में बदलाव किए जाने से विलय का प्रस्ताव अधर में है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से नियम और शर्तों में बदलाव कर विलय की स्थिति में छावनी के लोगों को भवन का मालिकाना हक तो मिलेगा पर जमीन का अधिकार नहीं रहेगा। इससे सोलन जिले के तहत आने वाली कसौली सुबाथू और डगशाई के छावनीवासी निराश हैं। हालांकि, प्रदेश सरकार ने स्थानीय लोगों को निकाय में विलय के साथ जमीन का मालिकाना हक देने के लिए रक्षा मंत्रालय को लिखा है, लेकिन जवाब आना अभी बाकी है। छावनी के सिविल क्षेत्रों को स्थानीय निकाय में विलय करने की प्रक्रिया अंतिम चरण होने के बावजूद रक्षा मंत्रालय के तकनीकी निर्णय से हर छावनीवासी के जमीन के मालिकाना हक का सपना टूट गया। डिफेंस सचिव के साथ हुई व्यापक स्तर की मीटिंग के मिनिट्स में सामने आया कि छावनियों के सिविल क्षेत्र स्थानीय निकाय में मर्ज तो होंगे, लेकिन जमीन का मालिकाना हक भारत सरकार के पास ही रहेगा। मीटिंग में स्पष्ट किया गया कि सिविल क्षेत्र को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए निर्मित संपत्तियां स्थानीय निकाय में बिना शुल्क हस्तांतरित कर दी जाएंगी। छावनी की सारी संपत्तियां और दायित्व भी राज्य के स्थानीय निकाय को हस्तांतरित कर दी जाएगी। संपूर्ण नागरिक क्षेत्र राज्य के स्थानीय निकाय को सौंप दिए जाएंगे, लेकिन जहां कहीं भी भूमि पर भारत सरकार का स्वामित्व अधिकार है, उस पर भारत सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। प्रदेश में कुल सात छावनी हैं, जिसमें डलहौजी, सबाथू, डगशाई, कसौली, बकलोह, जतोग और खास योल। खास योल को छोड़कर अन्य छावनी के नागरिक क्षेत्रों को अभी तक विमुक्त नहीं किया गया है। पहले हुई बैकों केंद्र ने शर्त रखी थी कि राज्य सरकार उन लोगों को जमीन का मालिकाना हक दे सकती है जो उस जमीन पर स्थापित हैं। बशर्तें जमीन से होने वाली कमाई का 30-35 फीसदी केंद्र सरकार को देना होगा। चर्चा है कि मंत्रालय और कैंट बोर्ड में बैठी लॉबी जानबूझकर पेंच डाल रही है। (अनंत ज्ञान)





देश का सबसे पुराना छावनी क्षेत्र सुबाथू।

> **रक्षा** मंत्रालय की ओर से 23 मई, 2022 को सभी चीफ सेक्रेटरी को पहला पत्र जारी हुआ था। इसमें तौर तरीका अलग था। ऐसा लग रहा है बिना राज्य सरकारों को विश्वास में लिए नए बदलाव किए गए हैं। पहले प्रदेश सरकारों को जमीन का हक देने की बातें हो रही थीं, जिसमें अब अचानक बदलाव किया गया है। रक्षा मंत्रालय अब इसे क्रियान्वित करने की योजना बना रहा है, तो देखना होगा कि क्या पीएमओ इसे मंजूरी देता है। हम ऐसा नहीं होने देंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। हमें विश्वास है एक बार जब हम सभी छावनीवासी मजबूत तरीके से अपना प्रतिनिधित्व आगे बढ़ाएंगे तो प्रधानमंत्री निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेंगे।
>
> **-मनमोहन शर्मा, फाउंडर मेंबर एवं महासचिव प्रदेश छावनी एसोसिएशन।**

# कनाडा में ट्रंप के विरोधी मार्क कार्नी होंगे नए पीएम

**एजेंसी, टोरंटो**



**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने देश के संघीय चुनाव में सोमवार को जीत हासिल की। कनाडा में ट्रंप के विरोधी मार्क कार्नी नए पीएम होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री चुनाव में पियरे पोइलिवरे को हराया।

मार्क कार्नी ने देश के संघीय चुनाव में सोमवार को लिबरल पार्टी की जीत के बाद अपने संबोधन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रंप देश के लोगों को तोड़ना चाहते हैं। ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और व्यापार युद्ध ने लिबरल पार्टी की इस जीत में अहम भूमिका निभाई।

### मोदी ने जीत पर मार्क कार्नी को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संघीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत पर इसके नेता मार्क कार्नी को मंगलवार को बधाई दी और कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए व्यापक अवसर सृजित होने की उम्मीद कर रहे हैं। कार्नी की लिबरल पार्टी ने कनाडा के चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर आपको बधाई मार्क जे. कार्नी।

# डीसी के स्थानांतरण के बाद ठंडे बस्ते में गसोता मंदिर के पास बना स्विमिंग पूल

## स्विमिंग पूल की टाइलें भी उखड़ना शुरू, पर्यटन की दृष्टि से किया जा रहा विकसित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए गसोता महादेव मंदिर के पास तत्कालीन डीसी हरिकेश मीणा ने एक मुहिम शुरू की थी। उनके यहां से स्थानांतरण होने के बाद यह काम ठंडे बस्ते में चला गया है।

उनके जाने के बाद यहां जितनी भी धनराशि स्विमिंग पूल को विकसित करने के लिए खर्च की गई, वह भी अब व्यर्थ साबित हो रही है। यहां पर आने वाले श्रद्धालु पहले स्विमिंग पूल में नहाने के साथ मंदिर में स्थापित स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन भी करते थे, जब स्वीमिंग पूल को विकसित करने का कार्य शुरू हुआ तो यहां पर आने वाले लोगों को आस जगी कि फिर से इस स्विमिंग पूल की स्थिति में सुधार होगा। बता दें कि वर्ष 2020 में तत्कालीन उपायुक्त हमीरपुर हरिकेश मीणा ने यहां पर हेलिपॉर्ट, वाटर पार्क, स्विमिंग पूल और चिल्ड्रन पार्क के निर्माण की योजना बनाई थी। जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन की संभावनाएं तलाशने के लिए यह कदम उठाया था। हालांकि, यहां पर पहले मंदिर कमेटी ने अपनी राशि खर्च कर यहां पर स्वीमिंग पूल बनाया था। कुछ साल बाद स्वीमिंग पूल से पानी लीक होना शुरू हो गया था। स्विमिंग पूल में टाइलें भी लगाई, जो देखरेख और स्विमिंग पूल के शुरू न होने से अब उखड़ना शुरू हो गई हैं।



बता दें कि गसोता महादेव मंदिर में बने स्वीमिंग पूल को सुंदर तथा आकर्षक बनाने के लिए इसकी गहराई तथा चौड़ाई को तो बढ़ा दिया गया, लेकिन उसके बाद कोई कार्य नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ माह पहले इसमें पानी डाला गया, लेकिन अब वो भी खराब हो गया है। गर्मी के चलते यहां पर आने वाले लोग खाली स्वीमिंग पूल को देखकर मायूस हो रहे हैं। गसोता महादेव मंदिर कमेटी डीसी अमरजीत सिंह से इसका कार्य पूरा करने के लिए मिले थे, लेकिन उन्होंने भी आश्वासन ही दिया है। इस स्विमिंग पूल के साथ जल शक्ति विभाग द्वारा वाटर रिसोर्स बनाया है, जिससे इसमें पानी डाला जाएगा, लेकिन स्विमिंग पूल के साथ नहाने के लिए बाथरूम और अन्य कार्य करवाया जाना बाकी है, जिसका सभी को इंतजार है। इस बारे में मंदिर कमेटी के प्रधान प्रकाश चंद ने बताया कि स्विमिंग पूल की टाइलें भी उखड़ना शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इस बारे में डीसी से भी मुलाकात की थी, उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि इसका कार्य जल्द शुरू करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## गौतम बने प्रवक्ता संघ के जिला प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्कूल प्रवक्ता संघ जिला हमीरपुर के चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में हुए। चुनाव में लगभग चार सौ प्रवक्ता प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ये सभी प्रतिनिधि जिला हमीरपुर के प्रत्येक स्कूल में बनी यूनिट स्तर की समितियों से चुनकर आए थे। सभी प्रतिनिधियों ने आम सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें प्रधान पद के लिए गौतम सिंह राणा, प्रवक्ता जीव विज्ञान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा व महासचिव पद के लिए डॉ. सुरेश कुमार प्रवक्ता गणित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना-करौर को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर संघ के राज्य महासचिव संजीव ठाकुर व जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव का निरीक्षण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धबीरी के प्रिंसिपल अश्विनी कुमार एवं प्रिंसिपल राजेश कुमार तथा उनकी टीम की देखरेख में निष्पक्ष रूप से किया गया। नवनियुक्त प्रधान गौतम सिंह राणा ने सभी उपस्थित प्रवक्ताओं व अन्य साथियों का सहयोग व समर्थन के लिए आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

# नशे में धुत होकर दो युवाओं ने चोरी की केबल

## डांग कवाली में सैर करके लौट रहे लोगों ने पकड़े, नहीं थे पहचान पत्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

चोरी करके केबल को ले जा रहे दो नशे में धुत युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। घटना सुबह तकरीबन 6:30 बजे की है, जब सैर सपाटे से लौट रहे लोगों ने डांग कवाली में इन दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा उन्होंने अच्छी खासी मात्रा में मोटी केबल की तार बड़े-बड़े बोरों में छुपाई हुई थी। उनसे जब पूछा, तो उन्होंने कहा यह उनके ठेकेदार की है, जिसे वे घर पर ले जा रहे हैं, लेकिन जब बातचीत आगे बढ़ी तो सारा खुलासा हुआ। पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

केबल तार को चोरी करके ले जाने की बात तो अलग है। अब पुलिस उसमें क्या कार्रवाई करेगी? यह विषय तो अलग से पुलिस और प्रशासन को देखना है, मगर इन दोनों युवकों के पास किसी तरह के कोई पहचान पत्र भी नहीं थे, जिससे लोगों को इन पर शक हुआ। प्रवासी युवक जो खुद को सगे भाई बता रहे थे। वे यह भी कह रहे थे कि नशा तो वे पिछले लंबे समय से कर रहे हैं।

कल भी उन्होंने दिनभर शराब पी और आज भी सुबह-सुबह ही वे शराब पीकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। हमीरपुर में पिछले कुछ समय से कई चोरियां हुई हैं और इस तरह की चोरियां इसलिए मायने रखती हैं क्योंकि नशे में धुत यदि इस तरह के लोग चोरियों को अंजाम देंगे और वह भी जब उनके पास किसी तरह का कोई पहचान पत्र ही न हो, तो यह लोग यहां रह कैसे रहे हैं। क्या पुलिस की आंख इन पर नहीं पड़ रही है। यही सवाल है जो शहर वासियों को अखर रहा है। फिलहाल पुलिस इन दोनों सगे भाइयों को चोरी के आरोप में पकड़कर पुलिस स्टेशन ले गई है। (अनंत ज्ञान)



### पुलिस कांस्टेबल को कहने लगे ठेकेदार

**पुलिस** के दो कांस्टेबल जैसे ही घटनास्थल पर पहुंचे, तो चोरी करने वाले दोनों युवक एक पुलिस कांस्टेबल को ठेकेदार कहने लगे। बता रहे थे कि उनके पास हमने काम भी किया है। उन्हें ऐसा लग रहा था कि अपने लोग पहुंच गए, अब डर काहे का, लेकिन जब उनको गाड़ी में बिठाकर पुलिस स्टेशन ले जाया गया, तब उनकी दारू उतर गई थी।

# हमीरपुर जिले में स्थानांतरित हो स्कूल शिक्षा निदेशालय : संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हेडमास्टर ऑफिसर कैडर एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित करने की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव केवल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर जमवाल ने कहा कि हमीरपुर एक ऐसी जगह है, जो प्रदेश के सभी जिलों से समान केंद्रीय दूरी पर स्थित है और यहां पर पूरा वर्ष भर आवाजाही बनी रहती है।

हमीरपुर जहां शिक्षा का हब बना हुआ है। वहीं, यहां कर्मचारियों का घनत्व प्रदेश में सबसे अधिक है। प्रदेश की राजधानी शिमला का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है और यह पर्यटन का मुख्य केंद्र है। राजधानी शिमला प्रदेश के एक छोर पर स्थित है, अतः शिक्षा निदेशालय शिमला में स्थित होने के कारण जहां यह स्थान विभिन्न जिलों के लिए दूर पड़ता है। वहीं, लोगों की आवाजाही ज्यादा होने के कारण स्थानीय जनता के साथ-साथ सैलानियों के लिए भी सुविधा होती है।

अतः जब वर्तमान में शिक्षा निदेशालयों का पुनर्गठन किया जा रहा है, तो संघ के पदाधिकारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गौतम, मुख्य संगठन सचिव हरीमन शर्मा, कार्यकारी प्रधान जिला हमीरपुर रविदास, महासचिव संजीव ठाकुर, वित्त सचिव मनोज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीतम कौशल, मुख्यालय सचिव महेश कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों राजीव आदि का कहना है कि जिला हमीरपुर की भौगोलिक स्थिति, यातायात कनेक्टिविटी एवं मौसम संबंधी घटकों को मध्य नजर रखते हुए शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर में स्थानांतरित किया जाए।

# ठेकेदारों को पेमेंट नहीं कर रही सरकार : राणा



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र राणा और अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व विधायक और भाजपा के नेता राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग में पंपिंग मशीनरी की रिपेयर करने वाले ठेकेदारों को लंबे समय से पेमेंट नहीं की जा रही है।

उनका कहना है कि इसी वजह से पंपिंग मशीनरी कई जगह खराब भी है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की एक्सटेंशन देना बंद करनी चाहिए।

इससे उन नौजवान युवाओं को भी नौकरी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन वह पूरा नहीं हो पा रहा। एक्सटेंशन देने से उन अधिकारियों कर्मचारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो प्रमोशन के दायरे में आते हैं। यदि पद ही खाली नहीं होगा, तो उनकी प्रमोशन कैसे होगी। राजेंद्र राणा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में एक जूनियर अधिकारी को सीनियर पद का चार्ज दे दिया गया, जिन दो अधिकारियों को उच्च पद पर पदोन्नत किया गया है, उन्हें ऐसी जगह बैठाया गया है, जहां काम नहीं है। पूर्व विधायक ने कहा कि ठेकेदारों को समय पर पेमेंट नहीं हो रही है। बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की कमी इस हद तक है कि शाम को बिजली चली जाए, तो दूसरे दिन आती है।

## सरकार ओबीसी वर्ग की न करे अनदेखी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** क्षत्रिय घृत बाहती चांहग महासभा हिमाचल प्रदेश महासभा की बैठक नादौन के सेरा में आयोजित की गई। इसमें ओबीसी वर्ग की समस्याओं व मांगों बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी आशुतोष पराशर ने की। बैठक में महासभा के नेता फूला सिंह, राजेश चौधरी, मोहन लाल, विपन कुमार, शेर सिंह, अश्वनी कुमार, स्वर्ण सिंह, संजीव कुमार, सुभाष चंद, प्यार चंद, प्रदीप कुमार, अजय पराशर, विजय चंद पराशर, अरविंद पराशर, कुलदीप पराशर, राजेश पराशर, अमी चंद, विवेक पराशर, पवन पराशर, रविंद्र कुमार पराशर, विनेश पराशर, ज्ञान चंद, प्रताप सिंह, सुरेश चौधरी, यशपाल सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव निर्णय लिया गया है कि समाज में फैल रहे नशे को जड़ से उखाड़ने व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए सरकार व पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग दिया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार को बनाने में ओबीसी वर्ग ने काफी मेहनत की और बहुत बड़ा योगदान रहा इसलिए सरकार ओबीसी वर्ग की अनदेखी न करे।

# बीमार बेटी को जबरन पत्नी के पास छोड़ा, रात को हुई मौत

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन पुलिस थाना क्षेत्र के एक दंपती के बीच चल रहे तलाक के मामले के बीच जब पति ने अपने पास रह रही बीमार बेटी को जबरन पत्नी के पास छोड़ा, तो रात को ही बेटी की मौत हो गई। पुलिस थाना क्षेत्र नादौन के अंतर्गत मण पंचायत के तरेटी गांव में अपने मायके में रह रही 6 वर्षीय मृतक बच्ची की मां रेखा देवी पत्नी पवन कुमार निवासी वार्ड-4 डोली सुजानपुर ने बताया कि उसका पति अक्सर उससे मारपीट करता है, जिस कारण वह काफी समय से अपने बेटे के साथ मायके में रह रही है, जबकि उसकी बेटी उसके ससुराल की इच्छानुसार अपने पिता के पास सुजानपुर में रह रही थी।

दो वर्ष पूर्व उसकी बेटी बीमारी के कारण कोमा में चली गई। इसके बाद से ही उसका पति बेटी को ले जाने के लिए दबाव बना रहा था, जब दोनों अलग हुए तो वह लड़की को भी साथ ले जाना चाहती थी, लेकिन उस समय पवन ने उसे नहीं भेजा था। सोमवार को बाल विकास विभाग हमीरपुर ने उसे और उसके पति को हमीरपुर बुलाया था। रेखा के अनुसार जब वह पुलिस कर्मी के साथ हमीरपुर पहुंची, तो उसके पति सहित बाल विकास विभाग ने भी उस पर दबाव बनाकर लड़की को साथ ले जाने को उसे मजबूर किया। रेखा ने बताया कि जब वह नहीं मानी, तो पवन जबरन लड़की को वहीं छोड़ कर वहां से अचानक गायब हो गया। उसने बताया कि जब वह लड़की को लेकर अपने मायके पहुंची, तो रात को ही लड़की की तबीयत खराब हो गई, जब उसे अस्पताल ले जाया गया, तो चिकित्सकों ने लड़की को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## मां भगवती जागरण में भेंटों पर खूब झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मां भगवती जन जागरण सेवा समिति मां दुर्गा मंदिर एवं भवन द्वारा ऊटपुर, जिला हमीरपुर में 13वां विशाल मां भगवती जागरण भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह ऊटपुर के भक्तों के बीच अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ हर साल मनाया जाता है। जागरण की शुरुआत मां ज्वाला की ज्योति प्रज्वलित करने के साथ हुई। इस भव्य आयोजन में भक्ति संगीत की अद्भुत प्रस्तुतियों के लिए बिजेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप (आलमपुर साई) और स्टार ग्रुप ऑर्केस्ट्रा ने अपने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य भजन गायक संजीव राणा, कुमार संजय और दीप शिक्षा ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर किया। भजनों, भेंटों और बाबा बालक नाथ के धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु खूब झूमते नजर आए। इसके अतिरिक्त, दीप मुस्कान आर्ट ग्रुप और कुल्लू की आकर्षक झांकियां इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं।



# मेवा उत्सव : चक्की पर धम्मा रखाई जायो... पर नाचा जाहू



मेवा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में नाचते हुए विधायक रणजीत व सुरेश।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

जाहू मेवा उत्सव की अंतिम संध्या पर दर्शक पहाड़ी व अन्य गानों पर खूब झूमे।

पहाड़ी जोड़ी गोपाल व रंजना रघुवंशी ने अपने गानों से ऐसा समा बांधा की दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अतिरिक्त पंजाबी गायक अनिल मान ने भी पंजाबी गानों की धूम मचाई। मेवा उत्सव की अंतिम संध्या पर मुख्यातिथि सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह, विशेषातिथि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार रहे। इनको मेवा उत्सव कमेटी के प्रधान अनुराधा शर्मा व अन्य अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया।

हिमाचली जोड़ी ने चक्की पर धम्मा रखाई जायो फिर शिमला जो चली जायो, कौन चारे बकरियां, मेरी मोनिका नाटी गाने गाकर खूब नचाया और साथ में विधायक रणजीत सिंह और सुरेश कुमार ने भी खूब ठुमके लगाए। पंजाबी गायक ने पंजाबी गाने गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर जाहू पंचायत के उपप्रधान चमन लाल, भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय आदि उपस्थित रहे।

# जाइका समीक्षा दल ने लाहौल-स्पीति के दो क्षेत्रों का किया दौरा

## उपपरियोजना जोबरंग 84 परिवारों को करेगी लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका) की दो सदस्यीय समीक्षा मिशन टीम ने मंगलवार 29 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना द्वितीय के अंतर्गत जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति में विकसित दो उप-परियोजनाओं जोबरंग और यारती-तिन्नो का दौरा किया।

इस जाइका समीक्षा मिशन में दोनों ही महिलाएं हैं, जिन्होंने सर्व महिला प्रशासित जिले का दौरा किया। समीक्षा मिशन में परियोजना निर्माण सलाहकार सुश्री इनागाकी युकारी विकास विशेषज्ञ सुश्री निष्ठा वेंगुर्लेकर शामिल हैं। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, इस जाइका समीक्षा मिशन के परियोजना क्षेत्रों के चार दिवसीय दौरे में साथ हैं, जिसका समापन आगामी एक मई को होगा। जोबरंग में किसान मेले में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जबकि तिन्नो में 120 किसानों ने भाग लिया। मिशन टीम ने जोबरंग उपपरियोजना क्षेत्र में ट्रांजेक्ट वॉक के दौरान आलू, फूलगोभी के खेतों और प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन भूखंडों का दौरा किया।



किसान मेलों में समीक्षा मिशन टीम ने आधुनिक कृषि मशीनरी की प्रदर्शनी का दौरा किया और किसानों के साझा हित समूहों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाए गए कृषि उपज और उत्पादों को देखा। समीक्षा यात्राओं के दौरान परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू, वित्त अधिकारी प्रदीप शर्मा भी मौजूद थे। उप-परियोजना जोबरंग लाहौल-स्पीति जिले के अंतर्गत आती है और इसका निर्माण 72.29 लाख रुपए की लागत से किया गया है। यह 55.66 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र को कवर करती है और 84 परिवारों को लाभान्वित करेगी। आलू, मटर और फूलगोभी इस उप-परियोजना की प्रमुख व्यापारिक फसलें हैं। दूसरी ओर, उप-परियोजना यारती-तिन्नो लाहौल-स्पीति जिले की कोलींग पंचायत के अंतर्गत आती है। हिमाचल प्रदेश में जाइका कृषि परियोजना को 1010 करोड़ रुपए के दूसरे चरण की जुलाई-2021 में हुई शुरुआत के बाद से यह परियोजना क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मिशनों का छठा दौरा है। परियोजना की अवधि 2029 तक है, जिसमें 306 उप-परियोजनाओं के तहत 8,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रदान करना और 25,000 किसान परिवारों की समृद्धि के लिए प्रतिकृति फसल विविधीकरण मॉडल स्थापित करना शामिल है।

## परशुराम के जन्मोत्सव पर जिले में लगे खीर के भंडारे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर हमीरपुर शहर में जगह-जगह लोगों के लिए खीर के भंडारे लगाया गए, जो कि सुबह से लेकर दोपहर तक जारी रहे। राह चलते लोगों को खीर बांटकर परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी। लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। जिला ब्राह्मण सभा ने हमीरपुर जिले में भी जगह-जगह खीर व हलवे का प्रसाद बांटकर परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। ब्राह्मण सभा हमीरपुर के जिला अध्यक्ष चेतन लखनपाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हमीरपुर शहर में भी जगह-जगह खीर व हलवे का प्रसाद राह चलते लोगों में बांटकर जन्मोत्सव मनाया।

# गारनी कृषक विकास एसोसिएशन के प्रधान बने मदन, उपप्रधान चमन



कलूर के गारनी में कृषि आधारित रोजगार बारे जागरूकता रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन विकास खंड की पंचायत कलूर के गांव गारनी फरनाट में कृषि विभाग द्वारा फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें कृषकों को कृषि के क्षेत्र में स्वरोजगार श्रृजन बारे विस्तार से बताया। शिविर की अध्यक्षता कलूर पंचायत के प्रधान राजेंद्र कुमार ने की। शिविर में खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जीत राम व कृषि अधिकारी पूजा भारद्वाज ने किसानों को परियोजना के उद्देश्य बारे जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषि आधारित रोजगार श्रृजन करना तथा उच्च गुणवत्ता, कीमत वाली फसलों के मूल्यवर्धन और विपणन के लिए स्थायी विविधिकरण के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी करना है। शिविर में मोनिका सहित करीब 40 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर गारनी कृषक विकास एसोसिएशन का गठन भी किया गया।

इसमें मदन लाल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया, जबकि उपप्रधान चमन लाल, सचिव मीना कुमारी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार व बरसला देवी, राजेंद्र कुमार व रमेश चंद को सदस्य चुना गया।

**परेशानी** संघ ने कहा, विभागीय वेबसाइट पर डाले जाएं शिक्षकों के तबादला आदेश

# बिना ट्रांसफर आदेश दिखाए रिलीव किए शिक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश में शिक्षकों के तबादले पहले शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते थे।

ऐसे में तबादला हुए शिक्षकों को भी इसकी जानकारी मिल जाती थी और पारदर्शी प्रशासन चलता था, मगर इस सत्र में जो भी तबादला आदेश हो रहे हैं, वे स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड ही नहीं किए जा रहे। सूत्रों के अनुसार कई तबादला आदेश विभागीय ई-मेल और डाक से भी आगे नहीं भेजे जा रहे हैं। व्हाट्सऐप पर ही कुछ स्रोतों से तबादला आदेश सर्कुलेट हो रहे हैं, जिनकी सच्चाई और वैधता भी पता नहीं है। ऐसे में बिना विभागीय चैनल के कुछ बाहरी लोगों द्वारा भेजे जा रहे तबादला आदेश कुछ प्रिंसिपल आंख मूंदकर लागू कर रहे हैं। हमीरपुर में हाल ही में एक तबादला आदेश ऐसा भी हुआ है, जिसमें तबादला आदेश शिक्षक को दिए नहीं गए और कोई भी सूचना दिए बिना सीधा क्लस्टर स्कूल से ही उसको रिलीविंग व्हाट्सऐप कर दी। इस घटना पर राजकीय टीजीटी कला संघ ने गहरा रोष व्यक्त किया है और इसे अति दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और उपाध्यक्ष देशराज कालिया सहित कार्यकारिणी सदस्य संगीता शर्मा, रीता बल्यानी, रीता भारद्वाज, अंजु बाला, कमला चौधरी, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, दुनी चंद, सोहन सिंगटा, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, सागर चंदेल, संजय वर्मा, सुभाष भारती, अजय कुमार, इंदु शेखर, राकेश चौधरी आदि ने कहा कि जिन तबादला आदेशों में शिक्षक का नाम भी पूरा नहीं है, क्लस्टर का नाम तक नहीं लिखा, उनको संबंधित शिक्षक को दिखाए बिना अपने स्तर पर ही प्रिंसिपल संशोधित कर रहे हैं, जो कि निदेशक के क्षेत्राधिकार में आने वाली शक्ति है। ऐसे भी आपसी तबादला आदेश हैं, जिनमें एक शिक्षक को ज्वाइनिंग टाइम और टीटीए है और दूसरे को वह भी नहीं दिया जा रहा।

### मुख्यमंत्री से शिकायत तबादलों के लिए बहुत जटिल प्रक्रिया बनाई गई

### तबादला आदेश मिलने के बाद तय समय अवधि 5 दिन देने की अपील की

इस तरह निदेशक के द्वारा जारी तबादला आदेश संशोधन करने का इस्तेमाल स्कूल प्रधानाचार्य नहीं कर सकते, बल्कि वे ऐसे आदेश रैफर बैक करते हैं, मगर हमीरपुर में कुछ और ही घट रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से इस अव्यवस्था का संज्ञान लेते हुए समस्त शिक्षकों को तबादला आदेश मिलने के बाद तय समय अवधि 5 दिन देने की अपील की है अन्यथा संघ इस मामले में हाईकोर्ट का रुख करेगा। संघ ने कहा कि अगर शिक्षकों के तबादला आदेश जारी करने हैं, तो उनको विभागीय वेबसाइट पर डाला जाए। संघ ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि तबादलों के लिए बहुत जटिल प्रक्रिया बनाई गई है। इसमें शिक्षकों, निदेशालय स्टाफ और मंत्रियों को भी काफी कसरत करनी पड़ रही है। एक बार मुख्यमंत्री का नोट अप्रूव होने के बाद निदेशालय से दोबारा सचिवालय फाइल भेजने का क्रम समाप्त किया जाए और एक बार ही ठीक से पड़ताल कर आदेश निदेशालय भेजे जाएं।

### पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करे विभाग

**शिक्षा** विभाग में 700 प्रधानाचार्य, 500 मुख्याध्यापक, 900 प्रवक्ता और 300 टीजीटी और सी एंड वी पदों पर फीडिंग कैडर से होने वाली पदोन्नति सूचियां मई माह में जारी करने की अपील की है। पहले पदोन्नतियों को यह कहकर टाला जाता रहा कि सत्र के शुरू में ही होंगी और अब सत्र शुरू होने पर इनको ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। इससे सैकड़ों शिक्षक बिना प्रमोशन सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर के अध्यक्ष बने देवराज पटियाल



हिम आंचल पेंशनर्स संघ की हमीरपुर बैठक के बाद सामूहिक चित्र में सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ की हमीरपुर खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव पर्यवेक्षक जगदीश चंद शर्मा व तोता राम की देखरेख में पेंशनर भवन में संपन्न हुआ।

खंड प्रधान देव राज पटियाल की अध्यक्षता में खंड की आम बैठक हुई। इसमें खंड इकाई की दो वर्ष की गतिविधियों बारे जानकारी दी और वर्ष 2023-25 के लेखे-जोखो को हाउस के सामने प्रस्तुत किया, जिसे बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। उसके बाद प्रधान द्वारा कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई। इसके बाद पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। खंड प्रधान पद के लिए कर्म चंद कानूनगो द्वारा देव राज पटियाल का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसका जोगिंद्र सिंह शांडिल ने समर्थन किया। प्रधान पद के लिए अन्य कोई नाम प्रस्तावित न होने पर देवराज पटियाल को सत्र 2025-27 के लिए पुनः निर्विरोध खंड प्रधान घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त हाउस की सर्वसम्मति से खंड महासचिव पद के लिए हेमराज शर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए उर्मिला आनंद को निर्विरोध चयनित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, संघ संस्थापक बीडी शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, पर्यवेक्षक जगदीश शर्मा व तोता राम द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। बैठक में उपस्थित पेंशनर्स ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# बज्रेश्वरी मंदिर में खंडित मूर्तियां श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़









**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विश्व विख्यात बज्रेश्वरी देवी मंदिर में लंबे अर्से से स्थापित खंडित हो चुकी मूर्तियां श्रद्धालुओं को चिढ़ा रही हैं। यहां देवी दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु इसे अपनी आस्था से खिलवाड़ बता रहे हैं। मंदिर परिसर में इन खंडित मूर्तियों को रखने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इन खंडित मूर्तियों को यहां से दूसरी जगह शिफ्ट करने या फिर नदी में प्रवाहित करने की मांग स्थानीय लोग और श्रद्धालु करने लगे हैं।

**मामले ने पकड़ा तूल, विसर्जित करने या म्यूजिम बनाकर दूसरी जगह रखने की उठ रही मांग**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

जी हां, यहां मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर मां गंगा-यमुना की खंडित मूर्तियों को दीवारों पर देखा जा सकता है। वहीं, मंदिर अधिकारी के कार्यालय के भीतर भी इन खंडित मूर्तियों को एक कोने पर रखा हुए देखा जा सकता है। मंदिर में पूरे विश्व से वीआईपीज सहित श्रद्धालु दर्शनों को आते हैं, परंतु इन खंडित मूर्तियों को देखकर शायद हर कोई कांगड़ा मंदिर प्रशासन को कोसता होगा कि आखिर इन खंडित मूर्तियों को इनकी सही जगह पर क्यों नहीं रखा जा रहा? स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि खंडित मूर्तियों को मंदिर में रखना उचित नहीं है और उनका विधिवत विसर्जन किया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### धार्मिक दृष्टिकोण

**धार्मिक** दृष्टिकोण से खंडित मूर्तियों का विसर्जन करना आवश्यक माना जाता है। इससे न केवल मूर्ति की ऊर्जा और महत्व को मुक्त किया जा सकता है, बल्कि इससे मंदिर और आसपास के क्षेत्र को भी पवित्र रखा जा सकता है।

### मंदिर प्रशासन की भूमिका

**मंदिर** प्रशासन को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए और खंडित मूर्तियों का विधिवत विसर्जन करना चाहिए। इससे न केवल धार्मिक दृष्टिकोण उचित होगा, बल्कि इससे मंदिर की पवित्रता और सुंदरता भी बनी रहेगी।

### मंदिरों का बनना चाहिए रिकॉर्ड

**मंदिर** ट्रस्टी अशोक हिमाचली से बात की तो



उनका कहना था कि पूर्व में इस विषय को लेकर मंदिर ट्रस्ट की बैठक में चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा कि इस मसले पर भाषा एवं संस्कृति विभाग को भी चाहिए कि व पूरे प्रदेश के मंदिरों का रिकॉर्ड बनाकर रखे।

### अगली बैठक में गंभीरता से करेंगे चर्चा



**मंदिर** ट्रस्टी उमाकांत शर्मा का कहना है कि यह जो खंडित मूर्तियां मंदिर परिसर में पड़ी हुई हैं इनकी पूजा अर्चना भी निषेध है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर आगामी बैठक में गंभीरता से चर्चा की जाएगी।

### म्यूजियम में रखा जाए संरक्षित



**मंदिर** ट्रस्टी सदन शर्मा ने कहा कि इन खंडित मूर्तियों को रखने के लिए एक म्यूजियम बनाना चाहिए जहां पर इन्हें संरक्षित रखा जाए। अगर प्रशासन ऐसा नहीं कर सकता तो इन्हें प्रवाहित किया जाए।

### मूर्तियों की पहचान का रखूंगा प्रस्ताव

**मंदिर** ट्रस्टी इशांत चौधरी ने कहा कि इस विषय को लेकर उनकी एसडीएम से चर्चा हुई थी। वह आगामी बैठक में यह प्रस्ताव भी रखेंगे कि देवी-देवताओं की इन



प्राचीन मूर्तियों की पहचान कर उनको नाम सहित मंदिर या किसी ऐसी जगह पर रखा जाए ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु उनके इतिहास से परिचित हो सकें।

### क्या कहते हैं एसडीएम कांगड़ा

**एसडीएम** कांगड़ा इशांत जसवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में खंडित शेर वाला मामला है। उसे ठीक करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि अगर बाकी और कोई बात उनके ध्यान में आती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्थानीय लोगों की मांग

**स्थानीय** लोगों और श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से मांग की है कि खंडित मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया जाए और मंदिर को पवित्र और सुंदर बनाया जाए।

### क्या कहती हैं मंदिर अधिकारी

**मंदिर** अधिकारी नीलम कुमारी से बात की तो उनका कहना था कि इस मसले का जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। मंदिर में माता के गर्भ गृह के बाहर जो माता का खंडित शेर है उसको ठीक करवाने के लिए मंदिर प्रशासन तो तैयार है, परंतु मंदिर का पुजारी वर्ग उसको वहां से नहीं उठाने दे रहा, जिस कारण कार्य नहीं हो पाया है। इसके लिए अब उक्त स्थान पर ही बेल्डिंग का कार्य लगवाकर खंडित शेर को ठीक किया जाएगा।



# हिमाचल के नए पुलिस महानिदेशक को लेकर अटकलें हुईं तेज

## डॉ. अतुल वर्मा 31 मई को हो रहे रिटायर, 3-4 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के नाम चर्चा में

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक को लेकर अटकलें तेज हो गई है। मौजूदा पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा 31 मई को रिटायर हो रहे हैं। पूर्व डीजीपी संजय कुंडू के रिटायर होने पर वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को राज्य पुलिस का महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

वर्तमान परिदृश्य में वरिष्ठता की सूची में तीन से चार आईपीएस अफसरों के नाम अगले डीजीपी के लिए चल रहे हैं। सबसे पहले वर्ष 1989 बैच के आईपीएस डीजी जेल एसआर ओझा का नाम लिया जा रहा है, मगर ओझा की दिक्कत यह है कि वह अगले माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनका कार्यकाल 5 मई तक है, उसके बाद वे रिटायर हो जाएंगे।



फिलहाल उनके नाम की चर्चा जरूर है, मगर डीजीपी पद के लिए उनकी नियुक्ति संभव होती नहीं दिख रही है।

उनके बाद वरिष्ठता की सूची में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे वर्ष 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी श्याम भगत नेगी का नाम सुर्खियों में है। ये दूर दराज जनजातीय जिला किन्नौर से संबंध रखते हैं। पहले भी इनका नाम डीजीपी के लिए चल चुका है, मगर किन्ही अज्ञात राजनीतिक कारणों से वह डीजीपी नहीं बन पाए थे। (अनंत ज्ञान)

### सरकार की रणनीति पर रहेगी नजर

**गौरतलब** है कि वर्तमान समय में सरकार के पास डीजीपी को सेवा विस्तार देने की शक्तियां मौजूद है, इससे पहले भी सरकार ने प्रदेश के मुख्य सचिव को छह माह का सेवा विस्तार दे दिया है। अब इस अहम पद के लिए भी सरकार किस तरह की रणनीति अपनाती है, इस पर विशेष निगाह बनी रहेगी।

### कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम आगे

**इसके** बाद वरिष्ठता की सूची में 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गर्ग का नाम चर्चा में है, जो वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे हैं, इसी बैच के एक अन्य आईपीएस अधिकारी अशोक तिवारी वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर कार्यरत हैं, उनके नाम की भी चर्चाएं भी तेज है, ऐसे में अब देखना यह रहेगा कि सरकार वरिष्ठता को प्राथमिकता देती है, या फिर किसी अन्य अधिकारों को सुपरसीड कर डीजीपी पद पर अपने पसंदीदा अधिकारी को बिठाती है।

# आनंद शर्मा ने सीएम सुक्खू से राजनीतिक हालात पर किया मंथन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** देश के पूर्व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा आज दोपहर के वक्त शिमला पहुंचे। दोपहर सवा एक बजे के करीब वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलने सीएम के सरकारी आवास ओक ओवर पहुंचे। दोनों नेताओं में यह शिष्टाचार मुलाकात बताई जा रही है। सुक्खू और आनंद शर्मा के बीच करीब आधा घंटा तक मुलाकात हुई। इस दौरान देश और प्रदेश के राजनीतिक हालात को लेकर दोनों नेताओं ने चर्चा की। बता दें कि आनंद शर्मा मूल रूप से शिमला के रहने वाले हैं। उन्हें सुखविंदर सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। आनंद शर्मा ने बीते साल लोकसभा चुनाव कांगड़ा सीट से लड़ा। हालांकि वह चुनाव हार गए थे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का चौथे दिन भी क्रमिक अनशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्राथमिक शिक्षकों का क्रमिक अनशन मंगलवार को भी जारी रहा। अनशन में बैठे सभी शिक्षक अपनी मांगी को लेकर अडिग है और चौथे दिन भी अपनी मांगों को लेकर प्रदेश शिक्षा निदेशालय में डेरा डाले हुए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार उन्हें बातचीत के लिए नहीं बुलाती है, तब तक उनका क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

**शिक्षक झुकने को तैयार नहीं, सरकार बातचीत करने को राजी नहीं**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

संघ ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है और उनकी मांगों को दबाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, मगर वह झुकने वाले नहीं है, जब तक सरकार उन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाती, तब तक वह क्रमिक अनशन पर बैठे रहेंगे।

दूसरी तरफ, राज्य सरकार की ओर से इन शिक्षकों से बातचीत नहीं की जा रही है और न ही सरकार की ओर से किसी तरह की बातचीत के संकेत दिए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल कोटखाई के दो दिवसीय दौरे पर निकल गए हैं, जबकि शिक्षा सचिव राकेश कंवर के कड़े तेवर बरकरार है और उनकी तरफ से आज कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों से ऐसा क्या गुनाह हो गया है कि उन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाया जा रहा है। बता दें कि शिक्षक शिक्षा निदेशालय के पुनर्गठन का विरोध कर रहे हैं और इसको लेकर चौथे दिन भी क्रमिक अनशन पर सरकार के खिलाफ धावा बोलने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

# नरेश टिकैत के विवादास्पद बयान से देश का हुआ अपमान : संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पहलगाम में 26 सैलानियों की नृशंस हत्या के बाद देशभर में आक्रोश है। ऐसे समय में भारतीय किसान यूनियन नेता नरेश टिकैत के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। टिकैत ने केंद्र सरकार की ओर से सिंधु जल संधि को रद्द करने के निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

हिमाचल किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने टिकैत के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और मृतकों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तब ऐसे राष्ट्रविरोधी बयान देश की पीठ में छुरा घोंपने के समान हैं। देष्टा ने सवाल उठाया कि जो देश हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा रहा है, उसके साथ किसी भी प्रकार के संबंध बनाए रखने की बात आखिर कैसे की जा सकती है?

उन्होंने मांग की कि नरेश टिकैत को तुरंत देश और किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। हिमाचल किसान मोर्चा ने देशवासियों से अपील की है कि ऐसे राष्ट्रविरोधी सोच रखने वाले लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाए और उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया जाए।

# सराज घाटी में अफीम के 19 हजार अवैध पौधे पकड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी की सराज घाटी में अफीम की खेती को लेकर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। लगभग 19,000 अफीम के पौधों की अवैध खेती पकड़ी गई है। पुलिस थाना औट की टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान गांव खुहण में दो मामलों में 4500 और 5500 कुल 10 हजार अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पहले मामले में पुलिस टीम ने आरोपी दिले राम और डिणु उर्फ दीनू दोनों निवासी गांव खुहण के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध रूप से अफीम उगाने को लेकर एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने गांव खुहण में ही आरोपी कर्म सिंह उर्फ कमाला तथा मुनी लाल सहित अन्य के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध रूप से अफीम उगाने को लेकर एफआईआर दर्ज किया है।

वहीं, थाना पधर के अंतर्गत धारा 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने गांव खुहण के किनारे देवदार के जंगल के साथ खेत खसरा नंबर 294 में 2 विघा 15 बिस्वा में 9000 अफीम के पौधे पाए हैं। पुलिस ने नामालूम व्यक्ति के नाम मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंबाघाट में नेपाली महिला-पुरुष से 8 .184 किलोग्राम अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस थाना सदर सोलन की टीम थाना क्षेत्र के चंबाघाट में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक प्राइवेट बस जो सोलन से शिमला जा रही है, की पिछली सीट पर नेपाली मूल के एक पुरुष व एक महिला बैठे हैं, जो उपरोक्त दोनों नेपाल से भारी मात्रा में अफीम को बेचने के लिए लाए हैं और उपरोक्त दोनों उक्त अफीम को शिमला क्षेत्र में लोगों को सप्लाई करने की फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सलोगड़ा के समीप नाकाबंदी करके उक्त प्राइवेट बस को रोककर चेक किया तो उक्त बस में बैठे नेपाली पुरुष व महिला जिनके नाम शंकर बहादुर विका पुत्र सूर्य बहादुर निवासी गांव बांस कोट, नेपाल व शीरजना बुढा पत्नी दीपक कुमार निवासी गांव त्रिवेणी नलगाड़ जिला जाजरकोट नेपाल मालूम को 8.184 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोका अभियोग पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त दोनों आरोपी बरामद अफीम को नेपाल से तस्करी करके हिमाचल लाए थे जो उक्त अफीम को शिमला क्षेत्र में लोगों को बेचने की फिराक में थे। गिरफतार दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय ने पेश करके 4 दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। दोनों आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# पहलगाम हमले पर शांता को भाया सीएम उमर का बयान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पहलगांव की दर्दनाक और शर्मनाक दुर्घटना के बाद बहुत से नेताओं ने बहुत कुछ कहा है परंतु जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जो कहा है और जिस तरह कहा है वह मुझे सबसे अधिक बढ़िया लगा।



उन्होंने कहा सबसे बड़ी बात उन्होंने स्वीकारी है कि मुख्यमंत्री के रूप में पर्यटकों की रक्षा करने की उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अति भावुक होकर यह भी कहा कि मैं किन शब्दों में पीड़ितों से क्षमा मांगूं। इतना ही नहीं यह भी कहा कि यह मौका राजनीति का नहीं है। यह भी स्पष्ट कर दिया कि आज के समय में वे पूर्ण राज्य की मांग भी नहीं करेंगे। शांता ने कहा कि मुझे इस बात की भी खुशी हुई है कि उनके पिता फारूक अब्दुल्ला ने भी यह स्पष्ट किया कि वे हमेशा पाकिस्तान से बातचीत करने की बात करते रहे, परंतु अब नही करेंगे। पहलगांव की इस घटना ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ाने वाले पाकिस्तान से कोई बात नहीं हो सकती। उन्होंने कहा उमर ने एक सच्चे देश भक्त के रूप में इस संकट के समय बहुत बढ़िया अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

# दो किलो चूरा-पोस्त समेत दो दबोचे


**अनंत ज्ञान, बद्दी**

जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2.011 किलोग्राम चूरा पोस्त समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान तुषार संगर पुत्र महेश कुमार संगर निवासी वार्ड-3 नालागढ़ व ललित वर्मा उर्फ लक्की पुत्र प्रेम लाल निवासी गांव रख घनसोत तहसील नालागढ़ जिला सोलन से हुई।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देर रात कार्रवाई करते हुए स्कूटी समेत पकड़ा, जिनकी तलाशी लेने पर चूरा पोस्त बरामद हुआ। अब पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल कर पूछताछ में जुटी हुई है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो युवकों को चूरा पोस्त समेत गिरफ्तार किया है।

# हिमाचल में अब पीड़ित अपने अधिकार की नहीं कर सकते बात : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय संयोजक व राज्य अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि हिमाचल में अब पीड़ित लोग अपने अधिकार की बात नहीं कर सकते, क्योंकि यहां पर लोकतांत्रिक प्रणाली धराशायी हो चुकी हैं, जो सरकार अपने कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रही है तो अन्य लोगों का क्या भला करेगी।



उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति को समानता के अधिकार के तहत अपनी बात रखने का हक संविधान में लिखित है, परंतु हिमाचल सरकार हिमाचल के कर्मचारियों से उनका समानता व अपना पक्ष रखने का अधिकार छीन उन्हें सस्पेंड व एक दिन की सैलरी काट कर यह सिद्ध कर रही है कि हम समानता के अधिकार को नहीं मानते। हिमाचल प्रदेश में अधेड़ उम्र मे नौकरी मिलती है तो सरकार बताए कि कितने लोगों की सेवाएं 25 साल नियमित होंगी। कहा क्या यही राजनीति है तो ऐसी राजनीति का संघ वहिष्कार करता है।

**आरोप** अपने ईष्ट देव के पास जाने के लिए अब हिंदुओं को देना पड़ रहा शुल्क

# सुख की सरकार बनी 'शुल्क की सरकार' : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**औरंगजेब के बाद धर्म-कर्म में शुल्क लगाने वाले सीएम बने**



प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने हिंदू विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री कभी हिंदू विरोधी बयान तो कभी हिंदुओं के खिलाफ कोई न कोई योजना लेकर आते हैं। अब सुक्खू सरकार ने हिंदुओं की धार्मिक यात्रा पर ही शुल्क लगा दिया है। चूड़धार की यात्रा करने वाले हिंदू धर्मावलंबियों से सरकार शुल्क वसूल रही हैं। अब शिरगुल महाराज के यहां माथा टेकने पर भी सरकार लोगों से पैसे वसूल रही है। जिसका स्थानीय लोगों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है।

अपने प्रदेश के अंदर ही धार्मिक यात्रा पर लोगों से शुल्क वसूल करना कांग्रेस सरकार की मंशा साफ दिखाता है। सुख की सरकार के शुल्क लगाने की लत लग गई है। सुख की सरकार मात्र दो सालों में ही 'शुल्क की सरकार' बन गई है। अब तो सरकार ने नवजातों के जन्म प्रमाण पत्र में सुधारने के लिए भी पांच गुना पैसा वसूल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि अब चूड़धार की धार्मिक यात्रा करने वाले श्रद्धालु यात्रा करने के बदले सरकार को शुल्क दें। इसी तरह का शुल्क मुगल बादशाह औरंगजेब ने भी हिंदुओं के तीर्थ यात्रा पर लगाया था जिसे 'तीर्थ यात्रा महशूल' यानी 'जजिया कर' कहा जाता था।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम बहुत दुर्भावनापूर्ण है। चूड़धार की यात्रा करने वाले श्रद्धालु भगवान शिरगुल महाराज के दर्शन करने लिए वहां जाते हैं। शिरगुल महाराज के प्रति हिमाचल समेत देश भर के श्रद्धालुओं में बड़ी आस्था है। शिरगुल महाराज शिमला, सोलन, सिरमौर के साथ-साथ उत्तराखंड के जौनसारबावर के लोगों के ईष्ट देव हैं।

# रोहड़ू में 11,35,650 लाख की साइबर ठगी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** शिमला जिले के रोहड़ू थाना में एक साइबर ठगी का मामला प्रकाश में है। एक व्यक्ति से 11,35,650 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित रोहड़ू में ज्वेलरी शॉप चलाता है। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन सर्च के तहत गूगल इंजन में टाटा स्टील के डिस्ट्रीब्यूटर का नाम और नंबर सर्च किया, जिसमें ठग ने खुद को टाटा स्टील का एरिया मैनेजर आलोक कुमार बताया।

तथाकथित एरिया मैनेजर आलोक कुमार से 15 क्विंटल सरिया बुक कराया गया और उसके कहने पर उसने 11,35,650 लाख की राशि बतौर एडवांस जमा करवाई। उसके बाद वह अपने आर्डर का इंतजार करता रहा। मगर वह ऑर्डर उसे नहीं मिला। इस बीच उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। शक होने पर उसने तुरंत पुलिस थाना रोहड़ू में शिकायत दर्ज करना सही समझा। उधर, डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि उन्होंने संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया है और उस ठग को पकड़ने के लिए साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।





## सभी प्रदेश व कुल्लू वासियों को गौहरी देवता को समर्पित बसंतोत्सव 'पीपल जातर' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।

**कमलेश वर्मा ( परी)**
प्रभारी - कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360, 86298-97600

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**किशन ठाकुर**
अध्यक्ष बॉक्सिंग संघ
जिला कुल्लू

## मदर्स टच स्कूल पिरडी ( बदाह)

परिवार को
बसंतोत्सव ( पीपल जातर) मेले की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
हमारा स्कूल प्री नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के लिए व्यापक शिक्षा




## Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

**Aakash Synchro Program**
Admissions Open
Medical (NEET)
Engineering (JEE)
Dropper

JOINING HANDS EXPANDING HORIZONS
With
Kullu Convent Senior Secondary School
Call: 9289514363

**Kullu Convent Senior Secondary School**
PROGRAM HIGHLIGHTS
- Highly Qualified & Experienced Faculty
- Comprehensive & Meticulously Designed Study Material
- Interactive Teaching Approach
- Rigorous Testing Mechanism

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**चंद्रकेश शर्मा**
जिला समन्वयक
रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**एलआर गुलशन**
प्रदेशाध्यक्ष पेंशनभोगी संघ हिमाचल प्रदेश

## प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन जिला कुल्लू

की तरफ से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



रजत जम्वाल
प्रधान



विनय गोयल
महामंत्री

आपको परिवार सहित
## सूत्रधार कला संगम
Estd. 1977
की ओर से
बसन्तोत्सव, पीपल जात्र 2025
SPRING FESTIVAL 2025
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



दिनेश सेन
अध्यक्ष सूत्रधार कला संगम कुल्लू

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रवीन ठाकुर**
वन मंडल अधिकारी पार्वती शमशी



## पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**अमित सूद**
जिला भाजपा अध्यक्ष कुल्लू

## पीपल जातर (बसन्तोत्सव)

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





**सुंदर सिंह ठाकुर**
विधायक



अमर चंद ठाकुर
अध्यक्ष अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू



तुले राम
अध्यक्ष राजकीय अर्ध राजकीय चालक-परिचालक महासंघ जिला कुल्लू एवं महासचिव अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर कुल्लू

की ओर से जिलावासियों को बसन्तोत्सव ( पीपल जातर) मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं





सुरेश ठाकुर
एमडी कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर कुल्लू

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL KULLU
Dream Dare Do

## LAUREL
Pub Sen Sec School
Gandhinagar Distt kullu

**Excellent Result of 2024**
Honored By
Honorable Governor
HIMACHAL PRADESH



Astha Anand
NEET-589



Sonam Palmo
NEET-503



Sumit Pujara
NEET-425



Zeha Thakur
NEET-424



Padma Chewang
IIT JEE Mains





Chherind Dolma
IIT JEE Mains

SEATS LEFT
9th Class: 08
10th Class: 00

10+1 (Med): 03 10+2 (Med): 01
10+1 (N-Med) 08 10+2 (N-Med) 03

3rd ROUND OF COUNSELING STARTING WEF 15TH MARCH 2025
ADMISSION WILL START WEF 25TH MARCH 2025



Ansh Belwa
IIT JEE Mains



Pranjal Rudingwa
IIM

www.laurelsatkullu@gmail.com
Contact No: 8988290002, 9418916459

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक को किया काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत रात एक गश्त के दौरान छापेमारी की गई तथा छापेमारी के दौरान एक नौजवान से 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया की थाना इंदौरा के हेड कांस्टेबल मोटी तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा शिकायत मिलने पर जब गांव धमोटा में छापेमारी की गई तब छापेमारी का दौरान राहुल कुमार आयु 20 साल पुत्र मनजीत सिंह के पास से 8.5 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। आरोपी को आज माननीय अदालत इंदौरा में पेश किया, यहां उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

### चौगान के साथ वनों में लगी आग पर पाया काबू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत बसकेहड़ के राजस्व गांव चौगान के साथ लगते वनों में लगी आग पर वन विभाग के कर्मियों तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी शामिल थे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वन अग्नि पर नियंत्रण पाया। इस मौके पर हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर विनीत राणा तथा फाउंडेशन द्वारा चयनित अग्निशमन स्वयंसेवी भी सहायता के लिए मौजूद रहे। सभी के संयुक्त प्रयासों से अंततः आग पर काबू पाया गया।

### स्टेरिंग लॉक होने से एचआरटीसी बस पुलिस जीप से टकराई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिहुंवा पंचायत के गांव घटवालू के पास एचआरटीसी बस का स्टेरिंग लॉक होने से यात्रियों से भरी बस पुलिस की गाड़ी से जा टकराई। गनीमत यह रही कि यदि पुलिस की गाड़ी वहां खड़ी नहीं होती तो बस खाई में गिरने से बड़ी घटना भी हो सकती थी। पुलिस जानकारी अनुसार बस धर्मशाला से पठानकोट की तरफ जा रही थी तो घटवालू के पास उतराई में अचानक स्टेरिंग लॉक हो गया जिससे गाड़ी एक और जाकर सड़क के बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ी से जा टकराई। बस की टक्कर से पुलिस गाड़ी का दरवाजा टूट गया तथा उस तरफ खड़ी एक बाइक का मामूली नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी शाहपुर ने बताया कि पुलिस ने मौका पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यक्ति ने गलती से निगली जहरीली वस्तु, हालत नाजुक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** मोहल्ला भदरोया स्थित एक परिवार के सदस्य ने गलती से कोई जहरीली वस्तु निगल ली, जिसके चलते उसकी हालत खराब हो गई, जिसे तुरंत एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसको प्राथमिक उपचार देकर रैफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते की डमटाल थाना से जांच करने के लिए एएसआई राजपाल ठाकुर सिविल अस्पताल पठानकोट पहुंचे और उक्त व्यक्ति से वस्तु निगलने के कारणों की जांच की। इसके बाद उसे पारिवारिक सदस्य अमृतसर ले गए। बीमार व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय शिन्दू पुत्र तरसेम लाल के रूप में हुई।

### सिहाल के युवक ने पंखे से लटककर दी जान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ते पंचायत मनोह सिहाल के एक युवक ने घर में ही पंखे से लटक कर अपनी जान दी। थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने बताया पुलिस को पंचायत की तरफ जानकारी दी गई थी। पुलिस ने पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय अमित पुत्र जीत सिंह के रूप में हुई है।

### जिया स्कूल में मनाया बैग फ्री-डे

**अनंत ज्ञान, नगरी।** गत दिवस राजकीय जिया में बैग फ्री-डे मनाया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने स्वास्थ्य और तंदरुस्ती तथा सड़क सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों और अध्यापकों ने स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने हेतु रैली निकाली। इसके पश्चात राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन जी ने पुरस्कृत किया। इसके साथ विद्यार्थियों से आपदा प्रबंधन के तहत मॉकड्रिल करवाई गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन, उपप्रधानाचार्य हेमराज ने सभी गतिविधियों से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी। इसमें विद्यालय के अध्यापक विनोद कुमार, सुधाकर धमन, सुनील कुमार, दीप्ति सूद, नैन सूद, मधु कुमारी, अनीता देवी, कविता, माया देवी उपस्थित रहे।

### नंदपुर भटोली की बेटी तनिष्का बनी नर्सिंग ऑफिसर



**अनंत ज्ञान, देहरा।** ग्राम पंचायत नंदपुर भटोली की तनिष्का ने नर्सिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर इलाके का गौरव बढ़ाया है। तनिष्का मिलिटरी नर्सिंग सर्विस का टैस्ट 2020 में पास करके सिलैक्ट हुई थीं। इसके बाद 4 वर्ष ईस्टर्न कमांड अस्पताल कोलकाता में कोर्स पूरा करके 23 अप्रैल को पास आउट हुई। तनिष्का की ज्वाइनिंग कमांड अस्पताल एयरफोर्स बेंगलुरु में हुई है। तनिष्का ने 12वीं तक की शिक्षा डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां से ग्रहण की है।

### आईआरडीपी आवेदन के लिए आज अंतिम दिन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** एसडीएम विश्रुत भारती ने बताया कि बीपीएल परिवारों की सूची को नए पात्रता मानकों के आधार पर दोबारा तैयार किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में बीपीएल में शामिल सभी परिवारों को भी नए सिरे से आवेदन करना अनिवार्य होगा, ताकि सरकार द्वारा तय किए गए नए पात्रता मापदंडों के अनुसार पुनः मूल्यांकन किया जा सके। पात्र न पाए जाने पर उन्हें सूची से बाहर कर दिया जाएगा। अब ग्रामसभा में सीधे बीपीएल परिवारों का चयन नहीं होगा। पूर्व में ग्रामसभा की बैठक के दौरान सूची तैयार करने के तरीके पर मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने बीपीएल सूची के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए ग्रामसभा की जगह तीन सदस्यीय समिति से सत्यापन करवाने की नई व्यवस्था लागू की है। एसडीएम विश्रुत भारती ने बताया कि यह प्रक्रिया खंड में एक अप्रैल से शुरू हो चुकी है। इच्छुक परिवार 30 अप्रैल तक अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में निर्धारित घोषणा पत्र सहित आवेदन कर सकते हैं।

### भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**अनंत ज्ञान, देहरा।** अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती जनसेवा ब्राह्मण सभा देहरा व देहरा के समस्त हिन्दू समाज ने एकजुट होकर बड़े हर्षोल्लास से साथ मनाई। इस कार्यक्रम में फूलां वाले बाबा जी (मुबारिकपुर), मुख्यातिथि रहे व रेणु शर्मा एसपी हमीरपुर, डॉ. जोगिंद्र चम्याल रिटायर डीआईजी एसएसबी, पूर्व में देहरा में कार्यरत रहीं एसडीएम शिल्पी बेक्टा जी बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन सुशील शर्मा ने मुख्य वक्ताओं में डॉ. सोमनाथ कृष्ण, (सैंट्रल युनिवर्सिटी), डॉ. सुधांशु गौतम (नेचुरलपैथी) ने अपनी ओजस्वी वाणी में भगवान परशुराम जी की महिमा का व्याख्यान किया और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म संस्कृति से जुड़े रहते हुए अपना जीवन यापन करने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सुरेंद्र सूद, संजय डोगरा, सत्यव्रत शर्मा, नीलम राणा राधा सूद सहित अन्य मौजूद रहे।

# पठानकोट पुलिस ने विभिन्न मामलों में 7 आरोपी किए गिरफ्तार

# 19.80 ग्राम चिट्टा, 58 बोतल शराब और ड्रग मनी सहित बाइक बरामद

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब सरकार एवं पुलिस महानिदेशक, पंजाब के दिशा-निर्देशानुसार नशा उन्मूलन के लिए 'ड्रग-फ्री पंजाब' अभियान के तहत पठानकोट पुलिस द्वारा नशा तस्करों/तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए दलजिंद्र सिंह, पीपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पठानकोट ने बताया कि उक्त विशेष अभियान के दौरान, पठानकोट पुलिस ने नशा तस्करों और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 28 अप्रैल को मामले दर्ज किए।

इस दौरान नशीले पदार्थ बरामद किए जिनमें 4 एफआईआर दर्ज की और 7 आरोपी गिरफ्तार किए, जिनसे 19.80 ग्राम हेरोइन बरामदगी की गई तथा ड्रग मनी 1200 रुपए, गैर-कानूनी शराब 58 बोतलें और एक वाहन बरामद किया गया। (अनंत ज्ञान)



गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस टीम व साथ में बरामद वाहन।

### 5 लोगों को नशा मुक्ति केंद्र में करवाया भर्ती

**वहीं** 5 व्यक्तियों को इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया है। पठानकोट पुलिस नशा बेचने, तस्करी या अन्य अवैध कारोबार में शामिल दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। कोई भी मादक पदार्थ तस्कर पुलिस की नजर से बच नहीं सकेगा। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता से आग्रह है कि वे किसी भी संदिग्ध मादक पदार्थ संबंधी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष, पठानकोट को 87280-33500 पर दें।

## पालमपुर के दो स्कूलों में तालाबंदी के संकेत : प्रवीन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी फरमान के तहत पालमपुर विधानसभा सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सह शिक्षा पालमपुर, चंदपुर व उच्च विद्यालय रजेहड़, ख्यांपट्ट में एक किस्म के तालाबंदी के संकेत जारी हो चुके हैं। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने बताया जारी दिशा निर्देशों के तहत केबल औपचारिकता पूरी करने के लिए निदेशालय ने एक प्रारूप (प्रफोर्मा) मुख्य अध्यापकों व प्रधानाचार्यों की सेवा में भेजा गया। ये स्कूल प्रभारी इस प्रमाण-पत्र को भरकर छात्रों की संख्या की रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित करेंगे।

पूर्व विधायक ने बताया कि सुक्खू सरकार कम संख्या वाले इस तरह के स्कूलों को नजदीक के स्कूलों में मर्ज करने का फैसला कर चुकी है। स्कूलों में तालाबंदी करने से पहले स्थानीय जनता के अक्रोश के साथ इस विषय का भी अध्यन किया जाए कि इन्ही प्रस्तावित स्कूलों के इर्दगिर्द निजी स्कूलों में अच्छी खासी संख्या है।

# राज्य सरकार एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेगी : बाली



जानकारी देते हुए आरएस बाली व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है तथा प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा।

मंगलवार को अपने कांगड़ा स्थित आवास पर जनसमस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि व बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है। इस वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार 2 हजार करोड़ रुपए व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि कृषि व बागवानी उत्पादों का प्रसंस्करण कर उनका विपणन करने के लिए बेहतरीन व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दृष्टिकोण के साथ दुग्ध क्षेत्र के विकास के लिए भी नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में पशुधन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार द्वारा हिम गंगा योजना को प्रथम चरण में पायलट आधार पर हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में आरम्भ किया गया है। मिल्कफैड द्वारा मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों में 120 स्वचालित और 32 डिजिटल दूध संग्रहण इकाइयां स्थापित की गई हैं।

प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी, गेहूं तथा मक्का के समर्थन मूल्य को इस वित्त वर्ष में क्रमशः 90 रुपए, 60 रुपए तथा 40 रुपए प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया है।

# शिक्षकों की आवाज कुचल रही सरकार : विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सरकार प्रदेश के बेरोजगार युवाओं से छल कर रही है। जो पार्टी एक साल में एक लाख नौकरियों की गारंटी लेकर सत्ता में आई थी, आज उसी सरकार में बेरोजगार नौकरियों के लिए तरस रहे हैं।



यह बात हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने कही। परमार ने कहा कि सरकार ने कांट्रैक्ट भर्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है, लेकिन युवाओं की भर्ती कैसे होगी, इसके बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने आरोप जड़ा कि एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी देकर सत्ता में आई, वह सरकार हर दिन नौकरियां खत्म करने के पैंतरे अपना रही है। सरकार हर दिन नौकरियां न देने, कर्मचारियों को नौकरियों से निकालने, वेतन काटने, प्रोमोशन रोकने के बहाने खोज रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 25 अप्रैल को सरकार द्वारा एक पत्र जारी कर प्रदेश में सभी प्रकार की अनुबंध आधारित भर्तियों पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह नहीं साफ किया कि आगे भर्तियां कैसे होगी? युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा? क्या सरकार इस नोटिफिकेशन के माध्यम से रोक लगाकर युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है।

# डाडासीबा में चंदन के पेड़ पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडा सीबा पंचायत के वार्ड नंबर 6 में चंदन का पेड़ काटे जाने की एक और घटना ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम कलेहड़ के निवासी प्रेमचंद ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वे अपने खेतों में टहलने गए, तो देखा कि खड्ड के किनारे स्थित उनकी मलकीती भूमि से एक हरा-भरा चंदन का पेड़ काट लिया गया है। चोर पूरी लकड़ी को काटकर ले गए, जबकि 200 मीटर की दूरी पर पेड़ के छोटे-छोटे टुकड़े खड्ड के किनारे पड़े मिले।




प्रेमचंद का कहना है कि चोरी की गई लकड़ी की कीमत हजारों रुपए आंकी जा रही है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इनके पड़ोसी विजय पाल ने बताया कि लगभग एक महीना पहले उनकी भी मलकीती भूमि से चंदन का पेड़ चुराया गया था। इस तरह की दोहराई गई घटनाओं से स्पष्ट है कि डाडासीबा क्षेत्र में चंदन चोरों का गिरोह सक्रिय हो चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि अब ये चोर सिर्फ चंदन ही नहीं, बल्कि अन्य कीमती लकड़ियों को भी निशाना बना रहे हैं। कुछ माह पहले डाडा सीबा फॉरेस्ट क्षेत्र में रात के अंधेरे में खैर के पेड़ भी काटे जा चुके हैं। डाडा सीबा के जंगलों में पहले भी लकड़ी तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं, पर अब इन घटनाओं की पुनरावृत्ति से चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों में डर का माहौल है और उन्होंने वन विभाग तथा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन घटनाओं पर जल्द से जल्द काबू पाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

डाडासीबा पुलिस थाना के सब इंस्पेक्टर विपन कुमार ने बताया कि उन्हें इस चोरी की शिकायत मिली है। पुलिस टीम मौके पर गई है और जांच जारी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## हैप्पी बर्थडे



दघोटा सोलन निवासी समाजसेवी हरि कृष्ण शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बालियां और चेन छीन कर आरोपी हुए फरार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के खानपुर चौक की 7 नंबर गली में घर का सामान लेकर वापस घर लौट रही महिला की स्नैचरों ने कानों की बालियां और चेन छीन कर फरार हो गए। महिला ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए और महिला को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां महिला के दोनों कानों में 10 टांके लगे।

महिला रीटा ने बताया कि वह दो लोग थे एक बाइक पर खड़ा था और दूसरे ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने महिला के बयानों को दर्ज किया और स्नैचरों की जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया।


## धर्मशाला ट्रांसफर हों किराये के मकानों में चल रहे कार्यालय

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आज यहां कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी के नेतृत्व में धर्मशाला से आए प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से शिमला सहित विभिन्न स्थानों पर किराए के मकानों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को धर्मशाला में खाली पड़े सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने पर विचार करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ कम करने के साथ-साथ कुछ शहरी क्षेत्रों में भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी और इस पर विचार किया जाएगा।



धर्मशाला से आए प्रतिनिधि मंडल से मिलते सीएम सुक्खू।

**मुख्यमंत्री सुक्खू से धर्मशाला के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट**

# कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दलाई लामा ने लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को पत्र लिखकर चुनाव में उनकी पार्टी की जीत पर बधाई दी है। दलाई लामा ने लिखा कि पिछले कुछ वर्षों में कनाडा की अपनी यात्राओं के दौरान, मैं कनाडा के लोगों से मिला।

मैं उनके स्नेह और गर्मजोशी किए गए स्वागत से बहुत प्रभावित हुआ हूं। मैं खुद को भी कनाडा का मानद नागरिक होना को बड़ा सौभाग्य मानता हूं। मैं कनाडा का प्रशंसक हूं। उन्होंने कहा बहुसांस्कृतिक समाज जो जीवंत लोकतंत्र का आनंद लेता है, जैसा कि मैंने आपके पूर्ववर्तियों से कहा है, मैं तिब्बती लोगों को आपके निरंतर समर्थन और सहायता के लिए कनाडा की सरकार और लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

दलाई लामा ने कहा कि मैं कनाडा के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने और वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने में आपकी सफलता की कामना करता हूं।

# भेड़ पालकों की आर्थिकी सुधारने के लिए सरकार वचनबद्ध : मनोज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रदेश में भेड़ पालकों की आर्थिकी सुधारने के लिए प्रदेश कांग्रेस सरकार वचनबद्ध है। सरकार भेड़ पालकों को ऊन की कीमतों के समर्थन मूल्यों की संभावनाओं तलाशा जाएगा ताकि जो भेड़ पालक इस व्यवस्थाए को छोड़ने का मन बना रहे हैं वे इस काम को न छोड़े। हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज ने कहा कि भेड़ पालकों का कार्य हिमाचल की संस्कृति से जुड़ा कार्य है तथा अगर यह कार्य खत्म हो गया तो हिमाचल की संस्कृति भी खतरे में पड़ती नजर आएगी। उन्होंने कहा कि निजी एजेंसियों को निवेश करने के लिए आगे लाया जाएगा, ताकि भेड़ पालकों को ऊन की अच्छी कीमतें मिल सकें।



उन्होंने कहा कि वह जल्द ही प्रदेश भर के भेड़ पालकों से मिलेंगे तथा उनकी जो समस्याएं है उन्हे दूर करने किया जाएगा। मनोज ठाकुर ने कहा कि वह जल्द ही जिला स्तर पर भेड़ पालकों के साथ बैठकें भी करेंगे ताकि उन्हे आर्थिक रुप से मजबूत किया जा सके।

ऊन उत्पादकों को बिचैलियों और व्यापारियों के शोषण से बचाने का भी पूरा प्रयास किया जाएगा ताकि भेड़ पालकों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिल सके। भेड़ पालकों को आज समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन का आधार : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि रैत ब्लाक के सभी प्री प्राईमरी स्कूल के बच्चों को अपनी तरफ से स्कूल बैग उपलब्ध करवाएंगे इसके साथ ही गरीब तथा निर्धन बच्चों की पढ़ाई का खर्चा भी वहन करने का संकल्प भी लिया है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

मंगलवार को प्राथमिक पाठशाला सल्ली में अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास करने तथा 90 प्री प्राइमरी बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने के उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन का आधार होती है तथा प्रारंभिक शिक्षा के तहत स्कूलों में बच्चों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानोदय क्लस्टर श्रेष्ठ विधालय कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक श्रेष्ठ क्लस्टर स्कूल को 15-15 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। पठानिया ने दरीणी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ भी किया।



# पहलगाम आतंकी हमले पर लंज में लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

**अनंत ज्ञान, कोटला**

श्रीनगर के पहलगाम में हुए नरसंहार की ज्वाला पूरे देश भड़क उठी है। आज चंगर क्षेत्र लंज में लंज व्यापार मंडल, चंगर संघर्ष समिति, दशहरा कमेटी लंज, विश्व हिंदू परिषद व आरएसएस व स्थानीय लोगों व महिलाओं ने लंज में आक्रोश रैली निकाली। रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों की अबाज क्षेत्र मे गुंजती रही। लंज मुख्य चौक पर पाकिस्तान का पुतला जला कर रोष व्यक्त किया गया।

**रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा क्षेत्र**

वहीं व्यापार मंडल लंज के प्रधान नसीब राणा ने कहा कि जो पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को मारा गया उसका बदला लिया जाए। जन्म सिंह गुलेरिया अध्यक्ष, चंगर संघर्ष समिति ने कहा कि आज लंज बाजार में लोगों व दुकानदारों के सहयोग से आक्रोश रैली निकाली गई है व पुतला जलाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस नरसंहार पर लोगों में भारी रोष है। वहीं विनोद कुमार प्रधान दशहरा कमेटी लंज, रणजीत, अमी चंद, आरएसएस ने कहा कि निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की हत्या कर आतंकवादियों ने जघन्य अपराध किया है। (अनंत ज्ञान)

**चिंता** | **दक्षिण एशिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया तिब्बती संसद का दौरा**

# तिब्बत की विशिष्ट पहचान नष्ट कर रहा चीन : डोलमा त्सेरिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

फ्रेडरिक नौमन फाउंडेशन (एफएनएफ) दक्षिण एशिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिसमें डॉ. कार्स्टन क्लेन, क्षेत्रीय प्रमुख एफएनएफ दक्षिण एशियाय वीट डेंगलर, सह-संस्थापक और संसद सदस्य, द एनईओएसय एलेना फिंक-ट्रैशेल एमडीएल, बाडेन-वुर्टेमबर्ग की राज्य संसद में सदस्य व एफएनएफ के अन्य प्रमुख प्रतिभागी शामिल थे ने पहले मैक्लोडगंज स्थित निर्वासित तिब्बती संसद का दौरा किया और टीपीआईई के उपाध्यक्ष डोलमा त्सेरिंग तेखांगय और स्थायी समिति के राजनीतिक अनुभाग से सांसद त्सेरिंग यांगचेन और सांसद तेनजिन जिगड्रेल से मुलाकात की। लोकतंत्र तिब्बती लोगों को दलाई लामा का एक उपहार शीर्षक वाला एक वीडियो दिखाया गया।



डिप्टी स्पीकर ने तिब्बत की नाजुक स्थिति, तिब्बत के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए इसकी पर्यावरणीय स्थिति और सीसीपी सरकार की दमनकारी नीतियों के तहत तिब्बत में तिब्बतियों की स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तिब्बत को एक राष्ट्र के रूप में और तिब्बतियों को चीन के कब्जे में एक राष्ट्र के रूप में सामना करने वाले खतरे पर प्रकाश डाला, जिसमें तिब्बत को चीनीकृत करने की नीतियां लक्षित हैं। डिप्टी स्पीकर ने सीसीपी की विस्तारवादी मानसिकता और अरुणाचल प्रदेश भारत के एक उत्तर-पूर्वी राज्य के साथ अन्य क्षेत्रों पर दावा करने के उसके प्रयास के बारे में बताया। उपसभापति ने उपस्थित लोगों को चीन द्वारा तिब्बत की विशिष्ट पहचान, संस्कृति और भाषा को निशाना बनाने के बारे में जानकारी दी, जिसमें लाखों तिब्बती बच्चों को उनके माता-पिता से दूर करके उन्हें औपनिवेशिक शैली के बोर्डिंग स्कूल में भेजा जा रहा है। सांसद त्सेरिंग यांगचेन और सांसद तेनजिन जिगदल ने सीटीए के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी, विशेष रूप से निर्वासित तिब्बती संसद के साथ और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की सीट पर कई महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडलों की यात्राओं को सुविधाजनक बनाने के लिए एफएनएफ का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश की 18 रेस्क्यू टीमों ने की मोबिलाइजेशन ड्रिल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

14वीं वाहिनी एनडीआरएफ द्वारा मंगलवार को बलजिंद्र सिंह, कमांडेंट के कुशल मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों- कांगड़ा, बिलासपुर, सोलन, मंडी एवं शिमला में मोबिलाइजेशन ड्रिल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस ड्रिल में 14वीं वाहिनी की हिमाचल में 18 रेस्क्यू टीमों ने शाहपुर के चंबी मैदान सहित अन्य जिलों में भाग लिया।

शाहपुर के चंबी मैदान हुई यह ड्रिल वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित, सटीक एवं बहु-एजेंसी समन्वित प्रतिक्रिया तंत्र की ऑपरेशनल रेडीनेस और रिस्पॉन्स एफिशिएंसी का परीक्षण करने हेतु आयोजित की गई। इस ड्रिल का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ आदि - के दौरान त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

अभ्यास में विभिन्न आपदा परिदृश्यों का यथार्थपरक अनुकरण किया गया, जैसे कि त्वरित तैनाती एवं प्रतिक्रिया समय का परीक्षण, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और आपात सेवाओं के साथ समन्वय, राहत एवं बचाव उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच।

एनडीआरएफ कमांडेंट बलजिंदर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के फील्ड वेलिडेटेड एक्सरसाइज आपदा प्रबंधन प्रणाली की मजबूती हेतु अत्यंत आवश्यक हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल में आधा किलो चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल पुलिस ने एक आरोपी से करीब आधा किलो चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार एसआईयू सोलन की टीम ने एक व्यक्ति प्रकाश चंद निवासी कोट, तहसील चौपाल से 1.310 किलो चरस बरामद की थी। इसके बाद आरोपी को तफ्तीश के लिए उसे ग्राम कोट लाए और चौपाल पुलिस से भी जांच में सहायता ली गई तो चौपाल पुलिस ने ननाहर गावं में आरोपी के घर से 15 फीट दूर 520.460 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चौपाल थाना में एनडीपीएस की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### डोम देवता मंदिर के दरवाजे के ताले तोड़े

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत झीना में डोम देवता मंदिर भोट में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी का प्रयास किया गया और मंदिर में लगे दरवाजे के ताले तोड़े गए है। स्थानीय निवासी ओम प्रकाश मेहता ने पुलिस थाना चौपाल में मंदिर के ताले टूटने बारे रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उधर डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

### ईश्वर सिंह प्रधान व वृंदा बने महासचिव

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू कोटखाई ब्लॉक इकाई सम्मेलन विश्राम गृह कोटखाई में संपन्न हुआ। इसमें 27 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जिसमे 21 पद भरे गए व 6 खाली रखे गए। सम्मेलन में ईश्वर सिंह प्रधान, वृंदा महासचिव, कृष्ण लाल कोषाध्यक्ष, राजेश उपप्रधान, राजीव, राधा, दीपा व सुरेश सचिव, शशि, तोशी, अंकुश हेमलता, नेक राम, जीत राम, अमरचंद, रीना, द्रोपदी, मालता, लीला, दादा, संजीव शर्मा को सदस्य चुना गया।

### 23 सदस्यीय कमेटी का किया गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू शिमला ब्लॉक इकाई सम्मेलन किसान मजदूर भवन चितकारा पार्क कैथू में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 23 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन को सीटू जिला उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष बालक राम, हिम्मी देवी, कौशल्या (प्रिती) ने कहा कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को पूर्ण हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है।

### वेदांत व मैवी ने मुक्केबाजी में जीते कांस्य पदक

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** जिला शिमला के जुब्बल निवासी वेदांत और नेरवा की मैवी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर हिमाचल का नाम ऊंचा किया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मैवी ने स्वर्ण पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का खिताब भी अपने नाम किया था। उधर, पुरुषों के 90 किलो वर्ग में जिला शिमला के ही जुब्बल तहसील के सुंडली गांव के वेदांत धौटा ने भी अपने वर्ग में कांस्य पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया। वेदांत व मैवी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा मुक्केबाज कोच दिनेश जैतोली और राज्य मुक्केबाजी संघ को दिया है। उधर, जिला शिमला के इन दोनों मुक्केबाजों की सफलता के लिए राज्य मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष राजेश भंडारी एवं सचिव सुरेंद्र भंडारी ने बहडाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कोरी साबित हुई सीएम की घोषणाएं : भोटका

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** बीते वर्ष नवंबर में चायल कोटी कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सीएम सुक्खू द्वारा की गई घोषणाएं कोरी साबित हुई हैं। कसुपम्टी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र भोटका ने जारी बयान में कहा कि सीएम ने चायल कोटी के प्रवास के दौरान कोटी में पुलिस चौकी, सीएचसी कोटी को दस बिस्तरों का अस्पताल बनाना, सतलाई में पटवार सर्कल खोलने की घोषणा की गई थी जोकि छः माह बीत जाने के बावजूद भी पूरी नहीं हुई हैं। इसके अतिरिक्त सीएम ने पीरन के लिए वाया कुफरी होते हुए पुरानी बस सेवा आरंभ करने और डिग्री कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र से बीएड की कक्षाएं आरंभ करने की बात कही थी जोकि केवल भाषण तक सीमित रही। उन्होंने कहा कि कोरी घोषणाएं साबित होने पर सीएम ने कसुपम्टी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है।

# नशे से छुटकारे के लिए खेलें जरूरी : अनिरुद्ध

## भट्टाकुफर में आयोजित कबड्डी स्पर्धा के समापन समारोह में बोले पंचायतीराज मंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भट्टाकुफर में हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 46वीं ऑल इंडिया पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हार-जीत जीवन के दो पहलू हैं। हारने वाले खिलाड़ी निराश न हो, कड़ी मेहनत करें और आगामी वर्ष में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बनने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा में गुणवत्ता लाने के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बच्चों को नशा से दूर रखने के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जा रहा है ताकि बच्चे स्वस्थ रहने के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा ग्रहण कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सके। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्युत स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा बिजली बोर्ड के कार्य एवं स्पोर्ट्स पर तैयार की गई स्मारिका का विमोचन भी किया। (अनंत ज्ञान)



### पुरुष वर्ग में हिमाचल बिजली बोर्ड बना विजेता

**कबड्डी** प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हिमाचल बिजली बोर्ड ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 33-16 से हराकर विजय हासिल की तथा तृतीय स्थान पर हरियाणा पावर कॉरपोरेशन रहा जबकि महिला वर्ग में भी हिमाचल ने महाराष्ट्र बिस्कॉम को 30-17 से हराकर विजय हासिल की तथा तृतीय स्थान पर महाराष्ट्र ट्रांसमिशन रहा। मुख्यातिथि ने विजेता टीमों तथा बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर और बेस्ट ऑलराउंडर को पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया।

### पहली बार महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**बिजली** बोर्ड के अतिरिक्त निदेशक (पीआरओ) अनुराग पराशर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि इस 46वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल सहित बाहरी राज्यों की 14 पुरुष टीमों तथा 4 महिला कबड्डी टीमों ने भाग लिया जिसमें 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि लोगों की रुचि के मद्देनजर इस बार बोर्ड द्वारा महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता भी पहली बार आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के 15 से अधिक बेहतरीन खिलाड़ियों ने कबड्डी एवं अन्य खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन किया है।

# आठ लाख से निर्मित कंगनाधार वर्षाशालिका का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने नगर निगम शिमला के अंतर्गत कंगनाधार वार्ड में 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित वर्षाशालिका का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिमला शहर का उप-नगर न्यू शिमला 1980 में बसना शुरू हुआ था जिसमें वर्तमान में जनसंख्या बढ़ोतरी के मद्देनजर तीन वार्ड न्यू शिमला, बीसीएस था कंगनाधार बनाए गए हैं। उन्होंने समस्त पार्षदों से राजनीति से ऊपर उठकर तन-मन से अपने क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया।

**अनिरुद्ध बोले-कंगनाधार क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत हैं 5 करोड़**

उन्होंने कहा कि कंगनाधार वार्ड के लिए वर्तमान नगर निगम कार्यकाल के डेढ़ वर्ष के दौरान लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है जिनमें से 60 लाख रुपए की राशि सीवरेज व्यवस्था को सुधारने, 15 लाख रुपए की राशि पर्याप्त पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए तथा नालियों के चैनेलाइजेशन एवं मरम्मत के लिए खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि कंगनाधार क्षेत्र में 2 करोड़ की लागत से एक बड़ी तीन मंजिला वाहन पार्किंग का निर्माण किया गया है जिसका शुभारंभ 4 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आवश्यकता को देखते हुए कंगनाधार वार्ड सहित सभी वार्डों में छोटे-छोटे स्थलों का चयन कर वहां छोटी-छोटी पार्किंगों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने तथा पुस्तकालय खोलने के भी प्रयास किए जाएंगे।

# फोरेंसिक सेवाएं जुन्गा और पंजाबी यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू साइन



**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**निदेशालय** फोरेंसिक सेवाएं जुन्गा ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के फोरेंसिक साइंस विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन फोरेंसिक सर्विसेज निदेशालय की निदेशक, डॉ. मीनाक्षी महाजन व पंजाबी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, डॉ. संजीव पुरी के मध्य औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित करके संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के विभागाध्यक्ष डॉ. कोमल सैनी, प्रोफेसर डॉ. राजिंद्र सिंह व प्रोफेसर (रिटायर्ड) डॉ. मुकेश भी मौजूद रहे। डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि यह एमओयू दोनों संस्थानों

**दोनों संस्थानों के लिए शोध कार्यों को विस्तार देने का मिलेगा अवसर : महाजन**

के लिए अपने शोध कार्यों को विस्तार देने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होने बताया कि आधुनिक आपराधिक जांचों में फोरेंसिक साइंस के बढ़ते महत्व को मध्यनजर रखते हुए इस एमओयू के साइन होने सेअ फोरेंसिक साइंस सेवाओं को लाभ मिलेगा। पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित संकाय के साथ सहयोग करके, निदेशालय फोरेंसिक सर्विसेज, शिमला हिल्स, जुंगा, अपने शोध उत्पादन व तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देगा।

### परियोजना कार्य को पहले चरण में जनता से मिला समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सुएज इंडिया द्वारा शिमला क्षेत्र में जल आपूर्ति सेवाओं के आधुनिकीकरण और प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रारंभ की गई परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस चरण के अंतर्गत मशोबरा, ढली और क्रैगनेनो क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नागरिकों ने अपना सकारात्मक समर्थन व्यक्त किया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में जल वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना, जल क्षति को कम करना और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। अभियान के दौरान, सुएज इंडिया की टीम ने लोगों को परियोजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली व उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। अब परियोजना के दूसरे चरण के तहत सुएज इंडिया की टीम ढिंगूधार और समिटरी क्षेत्रों में जन संपर्क और कार्य गतिविधियां प्रारंभ करेगी। इस चरण में और अधिक नागरिकों को जोड़ते हुए परियोजना के कार्यों को गति दी जाएगी।

# लालसा में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती, 'चार ठहरी' के देवता रहे मौजूद

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**भगवान** परशुराम की जयंती मंगलवार को रामपुर उपमंडल के लालसा में माता मंगला काली मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। सुबह प्रात: काल परशुराम की मुख्य तपस्थली शनेरी से उनकी पालकी निकाली गई। इस मौके पर भगवान परशुराम ने जिन चार ठहरियों पर अपनी माता के शाप से मुक्ति पाने के लिए तपस्या की थी उन चारों ठहरिओं शनेरी, शिगला, लालसा व डनसा के देवताओं का मां मंगला काली मंदिर लालसा में देवलुओं द्वारा स्वागत किया गया।

महिलाओं द्वारा इस दौरान गीत गाए गए। माता मंगला काली मंदिर के भंडारी जन्म देव शर्मा, मोत्मीम कृष्ण लाल शर्मा व ताराचंद शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम की जयंती हर साल क्रमश: धंसा के देवता का दमुख, लालसा के देवता जोदनु, शनेरी के देवता झरु नाग,



सिंगल के योगेश्वर गुरु महाराज मंदिर में मनाई जाती है। इस मौके पर चारों ठहरी के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर परिसर में चारों देवों की नाती के बाद शाम को देवों की विदाई का कार्यक्रम हुआ। विदाई के समय श्रद्धालु भावुक और भाव विभोर हो गए।

वहीं ब्राह्मण समाज सुधार सभा ने रामपुर के अयोध्या नाथ मंदिर में भी भगवान परशुराम जयंती मनाई। इस मौके पर हवन आदि करने के बाद मिष्ठान वितरण

**देवों की विदाई के समय भावुक हुए श्रद्धालु**

किया गया। ब्राह्मण समाज सुधार सभा के अध्यक्ष राम रतन शर्मा ने सभी को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज सुधार सभा के उपाध्यक्ष पूज्य देव शर्मा, सत्यदेव शर्मा, श्रवण शर्मा, एके गोस्वामी, कृष्ण गोपाल भारद्वाज भी विशेष रूप से मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# बरमाणा में साइबर ठगी बेनकाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**93 हजार की ठगी, फर्जी कॉल और ओटीपी से बनाया शिकार**



साइबर अपराध के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत जिला बिलासपुर के बरमाणा थाना क्षेत्र में एक संगठित साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है।

यह ठगी का नेटवर्क तीन राज्यों तक फैला हुआ बताया जा रहा है। खुलासा तब हुआ जब स्टेट सीआईडी साइबर क्राइम यूनिट, शिमला से एक शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बिलासपुर को प्राप्त हुआ। शिकायत में पंजाब नेशनल बैंक की बैरी-बरमाणा शाखा के एक खाते (संख्या 1705000100150819) का उल्लेख किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से ठगे गए पैसे जमा किए गए थे।

### 93 हजार की ठगी, 90 हजार रुपए सीधे खाते में किए ट्रांसफर

**प्रारंभिक** जांच के अनुसार, कुल 93 हजार रुपए की ठगी की गई, जिसमें से 90 हजार रुपए सीधे उक्त बैंक खाते में ट्रांसफर हुए। यह खाता साइबर अपराधियों के नेटवर्क का अहम हिस्सा रहा है। पुलिस ने इस खाते में संदिग्ध लेनदेन की पुष्टि की है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इससे और भी कई ठगी के ट्रांजैक्शन जुड़े हो सकते हैं। पुलिस को संदेह है कि साइबर ठग फर्जी कॉल, एसएमएस, नकली बैंकिंग लिंक और ओटीपी के जरिए लोगों को निशाना बना रहे थे। पीड़ितों द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायतें दर्ज की गई थीं।

### बरमाणा थाने में एफआईआर, जांच जारी

**बरमाणा** थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज़ी से की जा रही है। पुलिस खाताधारक की पहचान में जुटी है और पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने के प्रयास कर रही है।

### जनता सतर्क रहे : डीएसपी की अपील

**इस** संबंध में डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि यह एक संगठित साइबर ठगी का मामला है। आम नागरिक किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि से सतर्क रहें। यदि किसी को साइबर ठगी की आशंका हो, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में रिपोर्ट करें।

# गर्मियां शुरू होते ही बिजली संकट

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 2 के निवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। गर्मियां शुरू होते ही अघोषित बिजली कट की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय दुकानदारों से लेकर आम नागरिक तक रोजाना कई-कई घंटे बिजली गुल रहने के कारण परेशान हैं।

सबसे अधिक असर उन दुकानदारों पर पड़ रहा है जिनका व्यवसाय बिजली पर निर्भर है जैसे कि आइसक्रीम विक्रेता, दूध उत्पाद बेचने वाले, और अन्य खाद्य सामग्री से जुड़ी दुकानें। बिजली न होने की वजह से खाद्य सामग्री खराब हो रही है जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 2 में स्थित मीट मार्केट के समीप लगा ट्रांसफार्मर आए दिन खराब हो जाता है। इस कारण क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। यह समस्या सिर्फ गर्मियों में ही नहीं, बल्कि सर्दियों में भी लगातार बनी रही है। अब गर्मियों में स्थिति और भी अधिक खराब हो गई है क्योंकि ट्रांसफार्मर में आग लगना या उसका ब्लास्ट होना रोजमर्रा की बात बन गई है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रांसफार्मर को बदला न गया तो करेंगे प्रदर्शन

**लोगों** का कहना है कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी हर बार समस्या के बाद मौके पर पहुंचते हैं और कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर को ठीक करते हैं, लेकिन अगले ही दिन वही समस्या फिर हो जाती है। ऐसे में यह अस्थायी समाधान लोगों की परेशानी को खत्म नहीं कर पा रहा है। बार-बार की बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की देखभाल और घरों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस समस्या को झेल रहे हैं और बिजली बोर्ड से कई बार इस ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब लोगों का धैर्य टूटता नजर आ रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही इस ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने पर विवश होंगे।

### स्थायी समाधान पर उठाया जाए कदम

**लोगों** ने नगर परिषद घुमारवीं और बिजली बोर्ड से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए और वार्ड नंबर 2 के ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदला जाए। साथ ही बिजली आपूर्ति को नियमित करने के लिए स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### कर्मचारियों को पैनल के सभी स्विच बदलने के दिए निर्देश

**विद्युत** बोर्ड घुमारवीं के अधिशाषी अभियंता, कर्ण चंदेल ने बताया कि मामला ध्यान में आया है । ट्रांसफार्मर के पैनल में स्विच काफी पुराने होने की जानकारी मिली है कर्मचारियों को पैनल के सभी स्विच बदलने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके बिजली बोर्ड लगातार कोशिश कर रहा है कि लोगों को गर्मियों में बिजली कट से न जूझना पड़े इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### धमकी देने पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गांव गलेड़ा में सड़क पर टिप्पर रोककर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार पुत्र श्री आनन्त राम, निवासी गलेड़ा ने थाना सदर में दर्ज करवाई शिकायत में बताया कि वह 26 अप्रैल को भवन निर्माण सामग्री लेकर टिप्पर के माध्यम से अपने गांव जा रहा था। सुरेश कुमार का आरोप है कि गांव के ही रमेश कुमार और अनिल कुमार (पुत्र स्वर्गीय नंद लाल) ने बीच रास्ते में टिप्पर को रोक लिया और उसे जबरन वापस भेजने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

### नयना देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नैना देवी मंदिर में परशुराम जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। देशभर से आए हजारों भक्तों ने मां नैना देवी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और माता रानी से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। परशुराम जयंती और अवकाश के चलते पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर हवन, यज्ञ एवं पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भीड़ प्रबंधन की कमान संभाली, वहीं भीतर तैनात एक्स सर्विसमैन (पूर्व सैनिकों) ने सुरक्षा और व्यवस्था को बखूबी संभाला। (अनंत ज्ञान)

### वरिष्ठ नागरिक सभा ने पहलगाम हमले पर जताई निंदा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने कश्मीर के पहलगाम में हुए निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। सभा के प्रधान डॉ. जेएन मिश्रा व महासचिव मस्तराम वर्मा ने कहा कि हम समस्त वरिष्ठ नागरिक इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। प्रो. जेएन मिश्रा व मस्तराम वर्मा ने देश की एकता एवं अखंडता और भारतवर्ष की आंतरिक व बाहरी सुरक्षा को सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री से आतंकवाद पर काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए इस दिशा में भारतवर्ष को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों का समर्थन भी मिल रहा है। सभा के सभी पदाधिकारियों में मुख्य सरंक्षक रत्नलाल शर्मा, राजपाल सरीन, अरुण शर्मा, ओम प्रकाश गर्ग, रत्नलाल सांख्यान, ई.मनमोहन भंडारी, ई. प्रेमलाल पराशर, ई. अश्वनी सुईल, ओंकार कपिल, कमाडेंट सुरेंद्र, कमाडेंट नवलकिशोर व अन्य सदस्यों ने भी इस घटना की निंदा की है ।

# खेल से होता है मानसिक व शारीरिक विकास : रजनीश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) घुमारवीं के तत्वधान आयोजित 18वी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) का मंगलवार को समापन हुआ। चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरकारी आईटीआई बिलासपुर ओवरऑल चैंपियन रही। इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला की सरकारी व निजी दस आईटीआई के 202 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर विद्युत रजनीश वर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को समानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। समय समय पर ऐसे खेल आयोजनों का होना जरूरी है। अनुशासन से खेलने वाला खिलाड़ी हमेशा बड़े स्तर पर पहुंचता है। खेलों के अंतिम दिन खो खो का फाइनल प्रांजलि आईटीआई पट्टा व गोवरमेंट आईटीआई बरठीं के बीच खेला गया।

इस दौरान प्रांजलि आईटीआई पट्टा के खिलाड़ी विजयी रहे। बेड़िमेन्टन प्रतियोगिता का मैच गोवरमेंट आईटीआई घुमारवी व गोवरमेंट आईटीआई बिलासपुर के बीच हुआ। इसमें आईटीआई बिलासपुर के खिलाड़ी विजयी रहे।

बॉलीबॉल का फाइनल गवर्मेंट आईटीआई बिलासपुर व न्यू डोगरा आईटीआई चांदपुर के बीच खेला गया। इसमें न्यू डोगरा आईटीआई के खिलाड़ी विजेता व न्यू डोगरा आईटीआई के खिलाड़ी उपविजेता रहे। मुख्यातिथि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई।

**समस्या** राहियां-अमरपुर हड़सर, घुमारवीं-तुंगड़ी सड़क का काम बंद

# लोग काम शुरू न होने पर करेंगे लोनिवि का घेराव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही राहियां-अमरपुर हडसर, घुमारवीं-सुन्हाणी-तुंगड़ी सड़क का काम पिछले काफी समय से बंद पड़ा है।

जानकारी के अनुसार 1157.73 लाख की लागत से बनने वाली इस 10.260 किलोमीटर लंबी सड़क के उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इस सड़क का उन्नयन कार्य की शुरुआत 30 मार्च 2024 को हुई थी तथा इसे 29 सितम्बर तक तक पूरा किया जाना है, लेकिन अब तक सड़क का कार्य अधूरा पड़ा है, जिस कारण इस सड़क का निर्माण कार्य समय पर पूरा होने की संभावना कम ही है। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने कहा है कि काम बंद होने के कारण स्थानीय लोगों का जीवन नरक बन चुका है।

काम बंद होने के कारण पूरे क्षेत्र में सड़क से धल-मिट्टी उड़ रही है।



**कहा-15 दिन के भीतर शुरू किया जाए काम**

जिससे सड़क किनारे रहने वाले लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं स्थानीय लोगों में आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि धूल को नियंत्रित करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार से पानी का छिड़काव तक नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि संबंधित सड़क का निर्माण कार्य तकनीकी शिक्षा मंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है। सड़क की दुर्दशा मंत्री के ही विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिलने से न केवल विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गए हैं। यदि मंत्री के क्षेत्र का यह हाल है, तो बाकी प्रदेश का अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज ने लोक निर्माण विभाग को खुली चेतावनी दी है। देश राज ने कहा कि अगर 15 दिन के भीतर सड़क का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता चुप नहीं बैठेगी।

### फिरोजपुर का युवक चिट्टे सहित काबू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम द्वारा पंजाब के फिरोजपुर के युवक से 55.6 ग्राम चिट्टा पकड़ा है जो कि जिले में चिट्टे की साल की सबसे बड़ी खेप है। यही नही यह पंजाब से हिमाचल में चिट्टा आपूर्ति करने वाला मुख्य सरगना भी है।

जानकारी अनुसार स्पेशल डिटेक्शन टीम ने हेड कॉंस्टेबल आशु वर्मा की अगुवाई में गत रात्रि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन की टनल नंबर 2 थापना के पास नाका लगाया हुआ था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। वहीं यह स्मगलर युवक टीम को चकमा देने के प्रयास से पैदल ही सड़क पर जा रहा था ताकि वह चिट्टे की खेप तय समय पर तय ठिकाने पर पहुंचा सके, लेकिन टीम ने इस युवक को नाके पर रोक लिया और जब इसकी तलाशी ली तो इसके कब्जे से चिट्टे की 55.6 ग्राम की खेप बरामद हुई । युवक की पहचान अमन उम्र 23 साल पुत्र बाबू लाल निवासी कुम्हार मंडी फिरोजपुर कैंट पंजाब के रूप में हुई है ।

### नगर परिषद सभागार में रोजगार मेला 11 मई को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मिशन रोजगार हिमाचल के तहत अब अगला रोजगार बिलासपुर में 11 मई को आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन नगर परिषद बिलासपुर के प्रथम तल के सभागार में किया जाएगा। मिशन रोजगार हिमाचल के प्रांत संयोजक डॉ. रणेश राणा व लघु उद्योग संघ के राज्याध्यक्ष अशोक राणा व बिलासपुर मिशन रोजगार के प्रभारी कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें बी.टेक डिप्लोमा, आईटीआई, 12वीं व दसवीं पास व बी.फार्मा से संबधित कोर्स वाले युवाओं का पंजीकरण कर उनको उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाया जाएगा।

### सरकार ने कर्मचारी बना दिए सेल्समैन : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने शराब की बिक्री को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सरकार खुद शराब बेच रही है और यह कार्य मल्टीटास्क वर्कर्स, होमगार्ड, शहरी निकायों व उद्योग समेत विभिन्न विभागों के कई श्रेणियों के कर्मचारियों को सौंपा जा रहा है। यह बेहद निंदनीय व शर्मनाक है। इससे नशे को खत्म करने के लिए कई डींगें हांकने वाली सरकार का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। क्या कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के ऐसे ही मॉडल के लिए जनता को गुमराह करके सत्ता हासिल की थी। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि हजारों संस्थानों पर तालाबंदी करके अपने कार्यकाल की शुरुआत करने वाली कांग्रेस सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में एक से बढ़कर एक जनविरोधी फैसले लेने में कोई कसर नहीं रखी है।

### बस में कीरतपुर से बैठे अज्ञात व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** चंडीगढ़ से सरकाघाट रूट पर जा रही बस में कीरतपुर में बैठे एक अज्ञात व्यक्ति की कैंचीमोड़ बिलासपुर में पास तबीयत बिगड़ गई। जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से एम्स बिलासपुर पहुंचाया, लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक अज्ञात व्यक्ति ने एचआरटीसी के सरकाघाट डिपो की बस नंबर एनची-28-बी-8542 पर चंडीगढ़ से सरकाघाट जा रही थी, में कीरतपुर से यात्रा शुरू की थी। सदर थाना प्रभारी हरनाम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### नए फरमानों पर शिक्षक वर्ग ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्रदेश में आए दिन नये नये फरमानों से सभी अध्यापक वर्ग आहत और निराश हैं। अध्यापकों का कहना है कि विभाग बार बार ऐसे निर्णय अध्यापकों पर थोप रहा है जिनका कोई भी औचित्य और धरातल पर कोई महत्व नहीं है। आगामी माह से आनलाईन उपस्थिति दर्ज करने के फरमान बेतुके और अव्यवहारिक हैं क्योंकि बहुत से विद्यालयों में इंटरनेट और मोबाइल सिग्नल की कोई सुविधा नहीं है। परंतु अधिकारी लोग व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर अध्यापकों के शोषण और उत्पीड़न पर उतर आए हैं। अधिकारियों को मोबाइल भता मिलता है और वे आलीशन सुविधाओं से लैस रहते हैं। एक ओर तो विभाग मोबाइल फोन विद्यालयों में प्रतिबंधित कर रहा है तो वही दूसरी ओर हर जानकारी और सूचना आनलाईन मांगी जा रही है जो कि तर्क संगत नहीं है। अध्यापक संगठन के सदस्य संदीप,विक्रम नीरज, संजीव ,राकेश ,मुनीष, महिन्द्र, राजेश इत्यादि ने मांग की है कि सरकार और विभाग ऐसे फरमानों को वापिस ले ताकि विद्यालयों में पढ़ाई का स्वस्थ वातावरण कायम किया जा सके।

### 7 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने मंगलवार शाम को नाके के दौरान स्कूटी सवार युवक को 7 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुंदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी युवक को आगामी कार्रवाई के लिए थाना के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम ने एसआईयू दौलत राम के नेतृत्व में जिसमें मुख्य आरक्षी हंसराज, आरक्षी कुलदीप, सतीश, कमल व उपेश राणा शामिल रहे। उन्होंने सुंदरनगर के पुंघ में फोरलेन पर मंगलवार शाम को नाका लगा रखा था। इस दौरान पुलिस ने बिलासपुर की ओर से आ रही एक स्कूटी (एचपी 82 5618) सवार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार द्वारा डिक्की में रखे हेल्मेट के अंदर पैकेट में चिट्टा बरामद किया। जिसका वजन करने पर वह 7 ग्राम निकला। जिस पर पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी गांव धनोटू डाकघर महादेव तहसील सुन्दरनगर जिला मंडी को गिरफ्तार और बाइक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चिट्टे का मामला दर्ज है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कार्यकाल पूरा कर चुके जलरक्षक हों नियमित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंचायत के माध्यम से लगे जल रक्षक सरकार के समक्ष काफी लंबे समय से अपनी मांगे रख रहे हैं उसके बावजूद भी जल रक्षक के पक्ष में अभी तक कोई उचित फैसला नहीं हो पाया है चाहे कोरोना कल हो या हिमाचल प्रदेश पर कोई भी आपदा आई हो जल रक्षक ने बिना अवकाश के ना दिन देखा ना रात लगातार अपनी सेवा देते आ रहे हैं उसके बावजूद भी जल रक्षक की प्रमुख मांग 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके जल रक्षक को रेगुलर किया जाए कांटेक्ट पर आने की अवधि को 12 वर्ष से घटकर 8 वर्ष किया जाए तथा उन्हें पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग के अधीन किया जाए जल रक्षक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल उर्फ जवालू ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि समय रहते उनकी उचित मांगों को पूरा किया जाए ताकि जल रक्षक अपना व अपने परिवार का पालन पोषण उचित प्रकार से कर सके मांगे पूरी न होने की स्थिति आने वाली 9 तारीख के बाद हिमाचल प्रदेश के समस्त जल रक्षक आंदोलन की राह पर चले जाएंगे जिसकी जिम्मेदार सरकार खुद होगी।

### मंडी शहर में लगाई जाए अंबेडकर की प्रतिमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पन्नालाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से मंडी शहर की विभिन्न सभाओं ने प्रदेश सरकार से मंडी शहर के किसी भी प्रमुख स्थान पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा को स्थापित करने की मांग उठाई है। पन्नालाल रक्षा मैमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित पत्रकारवार्ता में रविदास सभा, कबीर सभा और वाल्मीकि सभा के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अपनी इस मांग को प्रमुखता से रखा। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पन्नालाल रक्षा मैमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजेश कपूर ने कहा कि अंबेडकर के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# भगवान परशुराम के आदर्शों का करें अनुसरण : पठानिया

## ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात के परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की विधानसभा अध्यक्ष ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

रायपुर कस्बे में ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम एक दिव्य और अनुकरणीय आयोजन बनकर सामने आया, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस पावन अवसर पर भगवान परशुराम के पूजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई, जिसने आयोजन को संवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकता का आयाम प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी धरती पर अन्याय, अधर्म और असंतुलन ने पैर पसारे, तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना की। उन्होंने परशुराम को अन्याय और पाप का विनाश करने वाले तेजस्वी प्रतीक के रूप में



नमन करते हुए सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने मानव जीवन में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे परशुराम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए सामाजिक सौहार्द और सद्भावना के पथ पर अग्रसर हों। विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए पठानिया ने भटियात ब्राह्मण कल्याण परिषद को एक लाख रुपये की ऐच्छिक निधि से सहयोग देने की घोषणा की। साथ ही गरनोटा कस्बे में प्रस्तावित 'परशुराम भवन' के निर्माण के लिए भूमि से संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण होते ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का भी वचन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं, जिनमें दुरगाई घट्टा-रायपुर संपर्क मार्ग को जून माह तक पक्का करना, रायपुर-स्यूंण तथा दुरगाई घट्टा-जावल मार्ग का शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करना शामिल हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भक्ति रस से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर आयोजन को और भी भावमय बना दिया। इस गरिमामयी आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं ब्राह्मण समाज के गणमान्य सदस्य एसडीएम पारस अग्रवाल, डीएसपी योगेश्वर कुमार, विजय कंवर, राजीव कौशल, सुरेंद्र चाढक, रजनीश महाजन, सहित उत्तम कौशल, डॉ. गिरिराज गौतम, डॉ. बृजेंद्र शर्मा व अनिल डोगरा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था और संस्कृति का उत्सव था, बल्कि सामाजिक जागरूकता, जनसेवा और विकास संकल्प का भी प्रतीक बनकर उभरा। परशुराम जयंती का यह आयोजन भाव, भक्ति और विकास का प्रेरणास्त्रोत बन गया।

# पशु तस्करी पर लगे लगाम : हेमराज

## भेड़पालक संघ अध्यक्ष ने तुनुहट्टी बैरियर पर सख्त चेकिंग की मांग उठाई

**आरके सहगल, चंबा**

**सलूणी** उपमंडल के भेड़पालक एवं पशुधन संघ के अध्यक्ष हेमराज चंदेल ने मंगलवार को चंबा सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान तुनुहट्टी बैरियर से बिना समुचित जांच के निकल रही पशु-वाहन गाड़ियों की ओर आकर्षित किया।

हेमराज चंदेल का कहना है कि जम्मू-कश्मीर सीमा से सटे इस संवेदनशील क्षेत्र में पशु तस्करी की संभावना लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि हर साल करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों में भेड़-बकरियां और अन्य पशु बिना किसी वैध जांच और अनुमति के इस क्षेत्र से गुजरते हैं। इससे न केवल पशु तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय पशुधन पर भी संकट खड़ा हो रहा है। हेमराज चंदेल ने यह भी सुझाव दिया कि

### हर पशु वाहन के पास हो वैध परमिट, परमिट पर दर्ज पशुओं की संख्या की भी की जाए पुष्टि



हेमराज चंदेल।

**अध्यक्ष** हेमराज चंदेल ने प्रशासन से मांग की है कि तुनुहट्टी बैरियर पर प्रत्येक वाहन की विधिवत जांच हो, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि हर पशु-वाहन के पास वैध परमिट हो, परमिट पर दर्ज पशुओं की संख्या की पुष्टि की जाए। परमिट पर दर्ज नाम और स्वीकृति की जानकारी क्रॉस चेक की जाए। चेकिंग के बाद बैरियर से एक पक्की रसीद या स्लिप जारी की जाए। यह स्लिप कीहर थाने और संघनी चेक पोस्ट पर भी सत्यापित की जाए ।

यदि इन वाहनों पर कोई संदेह हो तो उन पर नज़र रखने के लिए प्रशासन स्क्वॉड या निगरानी टीम गठित करे। उनका यह कदम पशुधन की सुरक्षा, अवैध तस्करी पर नियंत्रण और स्थानीय पशुपालकों के हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह ज्ञापन न केवल प्रशासन को सतर्क करता है, बल्कि पशु-तस्करी के खिलाफ जन-जागरूकता का भी संदेश देता है। उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित कार्रवाई करेगा और तुनुहट्टी बैरियर को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। यह पहल पशुधन की रक्षा की दिशा में एक साहसिक और प्रशंसनीय कदम है। (अनंत ज्ञान)

# बचाव उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ द्वारा बलजिंदर सिंह, कमांडेंट के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों कांगड़ा, बिलासपुर, सोलन, मंडी एवं शिमला में मोबिलाइजेशन ड्रिल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस ड्रिल में 14वीं वाहिनी की 18 रेस्क्यू टीमों ने भाग लिया। यह ड्रिल वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित, सटीक एवं बहु-एजेंसीसमन्वित प्रतिक्रिया तंत्र की ऑपरेशनल रेडीनेस और रिस्पॉन्स एफिशिएंसी का परीक्षण करने हेतु आयोजित की गई। इस ड्रिल का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, भूस्खलन आदि के दौरान प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। अभ्यास में विभिन्न आपदा परिदृश्यों का यथार्थपरक अनुकरण किया गया, जैसे कि त्वरित तैनाती एवं प्रतिक्रिया समय का परीक्षण एवं बचाव उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच गई।

# उलांसा पंचायत में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सुनी जनसमस्याएं



उलांसा में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर का लोगों ने स्वागत किया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भरमौर-पांगी** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत उलांसा में मंगलवार को एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने जनता से सीधा संवाद स्थापित कर जनसमस्याएं सुनीं और तत्परता से समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए। उन्होंने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया और मौके पर ही संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। ललित ने कहा कि जनता द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय-सीमा में सुलझाया जाएगा। जनसंवाद के इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र की जागरूक जनता ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस दौरान एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार होली, कानूनगो, जेई पीडब्लूडी और वन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने विश्वास दिलाया कि जनता से प्राप्त फीडबैक के सुखद परिणाम जल्द ही धरातल पर दिखेंगे और पंचायत के विकास में नया अध्याय जुड़ जाएगा।

# करियां टीआरटी मार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** में स्वच्छता और जनजागरूकता का एक अद्वितीय उदाहरण उस समय देखने को मिला जब सामाजिक संस्था 'प्रयास एक ज़रिया' ने चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक करियां टीआरटी मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय गान की गूंज और स्वच्छ भारत के संकल्प के साथ शुरू हुए इस अभियान ने समाज को स्वच्छता, एकता और ज़िम्मेदारी का संदेश दिया।

इस स्वच्छता अभियान में एनजीओ की युवा टीम में दीक्षा, मोविन, अभिषेक, रक्षित, पूरब, हर्ष, अंकुश, यश, शुभम, शाहबुद्दीन, अयान, सीमा, करन, उत्तम चंद और मनप्रीत ने भूमिका निभाई। इस स्वच्छता आंदोलन की नींव रखने में सबसे अहम भूमिका रही ज़िला परिषद अध्यक्षा डॉ. नीलम कुमारी की, जिन्होंने बीते दिनों चंबा बचत भवन में आयोजित 'दिशा




बैठक' के दौरान करियां टीआरटी मार्ग पर सड़क किनारे डंप हो रहे मलबे और कूड़े की गंभीर समस्या को कांगड़ा- चंबा के सांसद डॉ राजीव भारद्वाज और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष खुलकर उठाया। उन्होंने न सिर्फ मुद्दा उठाया, बल्कि मीडिया से भी आह्वान किया कि वे जमीनी हकीकत दिखाएं, जिससे प्रशासन हरकत में आए। स्थानीय निवासियों ने भी बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, और निर्माण कार्यों का मलबा तथा घरेलू कचरा सड़कों के किनारे फेंकने से पूरा क्षेत्र बदबू और गंदगी से परेशान है।

'प्रयास एक ज़रिया' और ज़िला परिषद अध्यक्षा डॉ. नीलम कुमारी की इस संयुक्त पहल ने यह साबित कर दिया है कि जब जागरूक नेतृत्व और युवा जोश एक साथ आता है, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आता है।

# सुन्नी में मनाई परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** परशुराम जयंती के उपलक्ष में सुन्नी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। देव भूमि स्वर्ण संगठन जिला शिमला की सुन्नी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में परशुराम को पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान देवभूमि स्वर्ण संगठन जिला शिमला के अध्यक्ष अशोक कंवर में उपस्थित कार्यकर्ताओं को परशुराम की जीवनी से रूबरू करवाया और कहा कि परशुराम के जीवन से ज्ञान प्राप्त करना चाहिए उनके द्वारा किए गए धार्मिक कार्यों से सभी जन को सनातन धर्म के प्रति कर्तव्य निष्ठा की सीख मिलती है तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सभी सनातनियों को धर्म रक्षा के लिए एक जुट होकर कार्य कारण एके प्रतिज्ञा भी ली।

# बेदखली और तालाबंदी पर लगाई जाए रोक

## हिमाचल किसान सभा चुराह इकाई ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, चुराह**

**हिमाचल** किसान सभा चुराह इकाई द्वारा एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री को भूमि संबंधी मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें किसानों के विस्थापन, तालाबंदी और भूमि अधिकारों को लेकर तीव्र चिंता व्यक्त की गई।

किसान सभा के अध्यक्ष पवन कुमार ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के एक निर्णय के बाद, राज्य सरकार द्वारा बिना वैकल्पिक प्रावधानों के बेदखली और तालाबंदी की मुहिम चलाई जा रही है, जिससे हजारों गरीब किसान उजड़ने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से पूरी तरह अनुचित है। इस ज्ञापन में नरेंद्र, कर्म चंद, प्यार मोहम्मद, मजीद, याकूब, देश राज, नूर मोहम्मद, राजेश, हरिलाल, कादर जैसे कई किसान प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### ये हैं मुख्य मांगें

- बेदखली और तालाबंदी पर तत्काल रोक।
- भूमिहीन किसानों को 5 बीघा तक भूमि का प्रावधान।
- वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी दावों को मान्यता और मासिक समीक्षा।
- ग्रामीण क्षेत्रों में दो बिस्वा व शहरी क्षेत्रों में तीन बिस्वा भूमि की गारंटी।
- 2023 की प्राकृतिक आपदा में घर गंवाने वालों को 7 लाख रुपये का विशेष पैकेज।
- गैर-म्यूटटेड 'नौ तोड़' भूमि पर बनाए घरों को मान्यता।
- अधिग्रहीत भूमि पर किसानों को चार गुना मुआवजा, 2019 से घटे सर्किल रेट को संशोधित करना।

### सूडोकु नवताल- 7416 (✱ सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# बनीखेत में जागरण व भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बनीखेत।** बनीखेत ज्वाला माता मंदिर में जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर की पुजारण मीरा राणा ने बताया की काफी वर्षो से ज्वाला माता मंदिर में भंडारा व जागरण का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे की बनीखेत और आसपास के गांव के भक्तजन जागरण और भंडारे में काफी संख्या में हिस्सा लेते हैं । ज्वाला माता मंदिर का जागरण धार्मिक श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 28 तारीख को रात को जागरण शुरू हुआ।

# चंबा में सजी आस्था और बहनत्व की अनुपम झांकी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचल** की पावन भूमि चंबा, जहां प्रकृति की गोद में रचे-बसे हैं देवी-देवता, वहां हर वर्ष आयोजित होने वाला चामुंडा जातर मेला एक ऐसा अलौकिक पर्व बन गया है जो मां चामुंडा और मां बैरवाली के प्रेम व मिलन की भक्ति-गाथा को जीवंत करता है।

पौराणिक कथा के अनुसार, मां चामुंडा चंबा नगर में और उनकी बहन मां बैरवाली देवीकोठी में निवास करती हैं। साल में एक बार मां बैरवाली, अपनी बहन मां चामुंडा से मिलने चंबा आती हैं। यह बहनत्व और आस्था से भरा पुनर्मिलन ही चामुंडा जातर मेले का आधार है। मां बैरवाली के आगमन के साथ ही मां चामुंडा के मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। मंदिर घंटियों की गूंज, भजन-कीर्तन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंज उठता है। लोगों की आस्था और प्रेम इस मिलन को अद्वितीय बनाते हैं।

मेले में पारंपरिक नाटी, झांकियां, लोकगीत, और स्थानीय लोकनृत्य चंबा की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करते हैं। यहां हर कदम पर लोककला और देव संस्कृति का संगम देखने को मिलता है।

चामुंडा जातर मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि चंबा के लोगों की एकजुटता और सहयोग भावना का भी प्रतीक है।



मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

बुधवार, 30 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत वैशाख, **तिथि** तृतीया (02:15): **नक्षत्र** रोहिणी (04:19), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** शोभन (12:01) **शुभ मुहूर्त :** अभिजित काई नहीं, **राहुकाल** (12:18-01:57)।

**विशेष दिन**

- 30 अप्रैल अक्षय तृतीया आज।
- 30 अप्रैल मातंगी जयंती आज।

**मेष:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृषभ:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्क:** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**सिंह:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्या:** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला:** महत्वपूर्ण कार्य समय पर कर लें तो अच्छा होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**धनु:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**मकर:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का साथ देने से कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्य में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मीन:** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को समय से निपटा लें, उसके बाद समय व्यवहारिक सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**परेशानी** 2 डॉक्टर, 2 नर्स व 2 फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा भरमौर अस्पताल, मरीज परेशान

# भरमौर में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, 128 में से 89 पद खाली

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**जनजातीय** क्षेत्र भरमौर में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बद से बदतर हो गई है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर भरमौर से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग में कुल 128 स्वीकृत पदों में से मात्र 39 पदों पर ही कर्मचारी तैनात हैं, जबकि 89 पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। 39 पदों में भी 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं, अगर इन्हें छोड़ दिया जाए तो लगभग 80 प्रतिशत पद खाली हैं।

भरमौर अस्पताल और उससे जुड़े स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारियों के 18 पद स्वीकृत हैं, परंतु मात्र 6 डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। बीएमओ का पद भी खाली पड़ा है।




### सिर्फ चुनावों के समय आती याद

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि चुनावों के समय नेताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में भरमौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों को हमेशा उपेक्षित रखा जाता है। गांवों में इलाज के अभाव में छोटे-छोटे रोग भी जानलेवा बन रहे हैं।

### सरकार जल्द भरे खाली पद

**भरमौर** वासियों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए और स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाया जाए, ताकि दुर्गम क्षेत्र के लोगों को भी प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं समय पर मिल सकें।

दंत चिकित्सक के दोनों पदों पर कोई डॉक्टर नहीं है। फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर और मुख्य फार्मासिस्ट जैसी महत्वपूर्ण श्रेणियों में भी भारी रिक्तियां हैं। भरमौर अस्पताल का तो इतना बुरा हाल है कि सिर्फ 2 डॉक्टर, 2 नर्स और 2 फार्मासिस्ट ही हैं।

10 स्टाफ नर्सों के स्थान पर मात्र 2 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं। लैब टेक्नीशियन ग्रेड-2 के 6 पदों में से केवल 2 भरे हैं। वार्ड सिस्टर, एफएचएस और प्रशिक्षित दाई जैसे अहम पदों पर भी सीमित स्टाफ काम कर रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) और सब-सेंटरों पर हालत और भी खराब है। कई उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही तैनात नहीं हैं। पुरुष और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कुल 38 पदों में से एक भी भरा नहीं गया है। (अनंत ज्ञान)

**भगवान** उस हृदय में निवास करते हैं जिसके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है। -**संत रविदास**

## संपादकीय

# ग्रीन हिमाचल की ओर

हिमाचल में कारों और बसों में कूड़ा रखना अब अनिवार्य हो गया है। उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा और कचरा इधर-उधर फेंका तो 1500 रुपए पेनल्टी देनी होगी। निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल सराहनीय है पर यह भी सोचने की बात है कि आज तक किसी ने इसके बारे में पहले क्यों नहीं सोचा? यह निर्णय निश्चित रूप से एक दूरदर्शी सोच का परिचायक है, जो सुक्खू सरकार के ग्रीन हिमाचल के सपने को साकार कर सकता है। कमर्शियल वाहन चालकों या निजी वाहन मालिकों को यह स्वयं समझ लेना चाहिए था कि उनके वाहनों से गंदगी फैलाना न केवल दूसरों के लिए असुविधा का कारण बनता है, बल्कि यह एक सामाजिक अपराध भी है। आखिर सरकार को ही क्यों कहने की जरूरत महसूस हुई कि कमर्शियल व्हीकल्स में गंदगी डालना ठीक नहीं है? भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे 'स्वच्छ भारत अभियान' ने पूरे देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की लहर पैदा की है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है, जो न केवल पर्यावरण की दृष्टि से, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं होती है। सड़क पर चलते हुए लोग पानी की बोतल, चिप्स के पैकेट या अन्य कचरा खिड़की से बाहर फेंक देते हैं।

खासतौर पर बसों और टैक्सियों में सफर करते समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जहां यात्रियों के पास कूड़ा फेंकने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में वे कचरा या तो सीटों के नीचे छोड़ देते हैं या चलती गाड़ी से बाहर फेंक देते हैं। जब एक समाज में स्वच्छता को लेकर व्यक्तिगत चेतना और सामाजिक अनुशासन की कमी होती है, तब सरकार को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है। इसलिए हिमाचल सरकार का यह कदम समय की मांग है, जो लोगों को न केवल कानून के डर से, बल्कि धीरे-धीरे एक आदत के रूप में स्वच्छता की ओर प्रेरित करेगा। प्लास्टिक कचरा जानवरों द्वारा खा लिया जाता है जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह कचरा नालियों को जाम करता है, जिससे जलभराव और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, जो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों को जन्म देता है। वाहनों में डस्टबिन की व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि यात्रियों को अपना कचरा फेंकने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था मिले और गाड़ियों से बाहर कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगे। यदि यह व्यवस्था नियमित रूप से लागू की जाए और इसकी निगरानी की जाए, तो निश्चित रूप से यह हिमाचल को और अधिक स्वच्छ व सुंदर बनाएगी। दुख की बात यह है कि हमारे समाज में अभी भी स्वच्छता को केवल सरकारी जिम्मेदारी माना जाता है।

आम नागरिकों को लगता है कि सफाई का काम केवल पंचायतों, नगरपालिका या नगर निगम का है, लेकिन जब तक प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास की सफाई के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं समझेगा, तब तक कोई भी सरकारी प्रयास पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकता। कमर्शियल व्हीकल्स के मालिकों और चालकों को यह समझना चाहिए कि उनके वाहन केवल पैसे कमाने का जरिया नहीं हैं, बल्कि वे एक सार्वजनिक स्थान भी हैं, जहां सफर करने वाले यात्रियों का अनुभव उनके व्यवहार पर निर्भर करता है। यदि वे अपने वाहनों को साफ-सुथरा रखें, तो इससे यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी और उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हिमाचल सरकार का यह फैसला केवल एक दिशा-निर्देश नहीं है, बल्कि यह एक सख्त कानून है, जिसका उल्लंघन करने पर जुर्माना तय किया गया है। जुर्माने की राशि को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकार इसे हल्के में नहीं लेना चाहती। हालांकि, कानून बनाना एक बात है और उसका सही से क्रियान्वयन करना दूसरी बात। इसलिए जरूरी है कि संबंधित विभाग इस नियम को पूरी गंभीरता से लागू करें और नियमित रूप से वाहनों की जांच की जाए। इसके साथ ही, जनता को इस नियम के बारे में पूरी जानकारी दी जाए ताकि वे स्वयं भी इसका पालन करें। स्वच्छता अभियान की सफलता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं हो सकती। इसमें आम जनता की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। वाहन मालिकों, चालकों और यात्रियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एक प्रभावशाली कदम हो सकता है। यदि प्रत्येक नागरिक यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ले कि वह अपने वाहन, घर और परिवेश को स्वच्छ रखेगा, तो न केवल हिमाचल, बल्कि पूरा भारत एक दिन वास्तव में स्वच्छ भारत बन सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### राजनीतिज्ञ और सक्रिय राजनेता

**मीनाक्षी** लेखी भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ और सक्रिय राजनेता हैं। वे वर्तमान में नई दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वे भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और भारत के सुप्रीम कोर्ट की वकील हैं। 7 जुलाई, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में विस्तार तथा फेरबदल के बाद लेखी को 'विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री' तथा 'संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री' बनाया गया है। लेखी का जन्म नई दिल्ली में हुआ था। वह एक मध्यम वर्ग के परिवार से हैं। उन्होंने प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में बीएससी किया है। बाद में एलएलबी किया। डीयू से उन्होंने 1990 में दिल्ली बार काउंसिल में पंजीकरण करवाया। उनके ससुर स्वर्गीय प्राण नाथ लेखी सुप्रीम कोर्ट के वकील थे। वे अमन लेखी नामक सुप्रीम कोर्ट के वकील के साथ प्रेमसंबंध में बंध गईं। बार काउंसिल चुनाव में उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए लेखी की अमन लेखी से मुलाकात हुई थी। इनका विवाह 11 अप्रैल, 1992 को हुआ। इस दंपती के तीन बच्चे हैं। 2014-मीनाक्षी लेखी को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोकसभा में चुना गया। उन्होंने आप के आशीष खेतान को हराया था। 12 जून, 2014-उन्हें सदन समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया। 11 दिसंबर, 2014 के बाद वे लाभ के कार्यालयों संबंधी संयुक्त समिति की सदस्य बनीं। ■



मीनाक्षी लेखी
जन्म : 30 अप्रैल, 1967



कविता

## हसरत

राकेश, 'रूखसार' केसीसी बैंक, थुरल

*इतनी सी हसरत लिए फिरते हैं।*
*कोई तो जहां में हमारा होता।*

*जुबां खुलती नहीं, आंखों से समझ जाते।*
*कोई तो इस कद्र प्यारा होता।*

*लफ्जों के तूफां दिल में उठते हैं।*
*समझने वाला कोई तो सहारा होता।*

*लिख कर तो यह जमीं भी रंग दूं लहू से।*
*पढ़ने वाला कोई तो दिल का मारा होता।*

*चांदनी रात नहीं धूप में भी छत पर जलते।*
*झलक दिखाने का गर हल्का सा इशारा होता।*

*लौट के आना था इसलिए रूखसत हुए थे।*
*एक बार तो जालिम हमको पुकारा होता।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के संबंध खत्म हों



हाल ही में भारत सरकार द्वारा भारत में विभिन्न कारणों से आए हुए पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने के अल्टीमेटम ने कई बड़े आंकड़े भी भारत सरकार को उपलब्ध करवा दिए है। बड़ी संख्या में भारतीय मुस्लिम महिलाओं ने पाक पुरुष से शादी की हुई है।

समाचारों में कई शादीशुदा महिलाओं को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उनकी शादी तो पाकिस्तान में हुई, पर उनके अपने मायके अर्थात भारत आना जाना लगा रहता है। इनमें से अधिकांश महिलाओं का मानना है कि उनके पास आज भी भारत की नागरिकता है, कुछ की शादी को तो बीस बीस साल हो गए हैं पर उनके द्वारा पाकिस्तान की नागरिकता लेने के कोई गंभीर प्रयास किए ही नहीं गए हैं। भारत में यदि किसी भी हिंदू परिवार या अन्य धर्म की लड़की की शादी होती है तो उसका अपना नया घर उसके पति का घर होता है और यहां तक कि उसके मायके के राशन कार्ड से भी उसका नाम हटवाना पड़ता है।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड

फिर यहां इस नियम में क्यों ढील दी गई है? वो भी एक ऐसे देश में लड़की या महिला का विवाह होना जिसे किसी भी तरह से मित्र देश नहीं कहा जा सकता। जो हमारे देश के लिए सिर्फ जहर ही उगलता है। ऐसे में भारत की सुरक्षा और गोपनीयता की रक्षा कैसे हो सकती है? एक विवाहित महिला के लिए, उसके पति का घर सब कुछ होता, वहीं उसके लिए सर्वोपरि होता है। तो क्या ऐसे में पत्नी अपने पति के विचारों, उसकी अपने देश के प्रति निष्ठा, अपने राष्ट्र के प्रति देशभक्ति के खिलाफ जा सकती है? शायद ऐसा कभी भी मुमकिन नहीं हो सकता कि पति और पत्नी अलग राष्ट्रों के प्रति देशभक्ति और निष्ठा रखें। फिर चाहे मजबूरी में ही पत्नी को पति का साथ देना पड़े, वो अपने पति का ही साथ देगी। उस समय भारत के प्रति उनकी देशभक्ति गौण होकर रह जाती है। यह एक ऐसा कड़वा सच है जिससे इनकार किया जाना, स्वयं को धोखा देना है। विदेशों में भारतीय युवा और युवतियों के विवाह संबंध कोई नई बात नहीं है, पर एक दुश्मन देश के साथ इस तरह के संबंध हमारे देश के लिए सुरक्षा की दृष्टि से कभी भी सुरक्षित और ठीक नहीं माने जा सकते।

जब तक पाकिस्तान में शादी करने वाली महिलाओं की भारतीय नागरिकता बनी रहती है तब तक उन्हें भारत में आने से, भारत में बसने से रोकना शायद कानूनी रूप से मुमकिन न हो। यद्यपि विवाह के लिए कोई पाबंदी नहीं है, आप कहीं भी शादी कीजिए, बशर्ते कि आप अपनी भारतीय नागरिकता का त्याग करने को तैयार रहें। यह भी जांच का विषय है कि कितनी मुस्लिम महिलाएं, पाकिस्तान में विवाह के बावजूद, आज भी अपने बच्चों के साथ भारत में निवास कर रही है और भारत सरकार के अपने देश के अल्पसंख्य वर्ग के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रही है? जबकि नियमानुसार उन्हें पाकिस्तान सरकार की कल्याण योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। यह आर्थिक बोझ, पाकिस्तान की सरकार को उठाना चाहिए न कि भारत सरकार को। यह और भी आश्चर्य चकित करने वाला तथ्य है कि कई महिलाओं को विवाह के कई दशकों बाद भी वहां (पाकिस्तान) की नागरिकता नहीं दी गई जिससे पाकिस्तान की मंशा साफ हो जाती है कि संसाधन भारत के, नागरिकता भारत की, और शत्रुता भी भारत से ही।

भारत की बदलती डेमोग्राफी में कहीं न कहीं इस प्रकार के वैवाहिक संबंध भी एक बड़ा कारण हो सकते है? जहां तक दोहरी नागरिकता की बात है तो भारत में दोहरी नागरिकता बनाए रखने की अनुमति नहीं है। हालांकि, भारतीय मूल का व्यक्ति जो किसी दूसरे देश में चला गया है और नागरिकता प्राप्त कर ली है, वह ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया का दर्जा पाने के लिए आवेदन कर सकता है।

हालांकि, भारतीय मूल के व्यक्ति के पास पाकिस्तान या बांग्लादेश की नागरिकता नहीं होनी चाहिए। नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 9 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 9 के प्रावाधानों के अनुसार दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं दी जाती है। भारत सरकार को यह नियम लाना होगा कि जो महिलाएं, पाकिस्तानी या बांग्लादेशी पुरुषों से शादी करे, उसकी भारतीय नागरिकता और पासपोर्ट दोनों समाप्त किए जाने चाहिए। जब-जब भारत के अंदर ही शादी करने पर पीहर के राशन कार्ड से लड़की का नाम काट दिया जाता है तो फिर पाकिस्तान या बांग्लादेश में शादी करने वालों की नागरिकता क्यों रद्द नहीं की जा सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कर्म प्रधान होता है, हे मानव! जीवन में अच्छे कर्म कर


कहते हैं जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। कर्म प्रधान होता है इसलिए कर्म करते रहिए। भाग्य किसी को भी मिट्टी में मिला सकता है। भाग्य एक पल में किसी को कंगाल बना दे यह किसी को पता नहीं होता। दो जून की रोटी को तरसने वाले आज अपना समय भूल चुके हैं। अच्छे कर्म करते रहिए जीवन स्वर्ग बन जाएगा। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है, जिसके वे काबिल नहीं है, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता एक कहावत है कि घर का जोगी जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध, आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को ऊपर उठाया जाता है। भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जाता, वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है।

जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझते हैं। जिन्होंने जब जिंदा था तो बात तक नहीं की होगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता, मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैकड़ों चादरें डाली जाती है।



जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुंह में शुद्ध देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए, तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आत्मकेंद्रित लोग बहुत ही घातक होते हैं। बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए। समाज में ऐसे लोग किसी के नहीं होते हैं। आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है, जो दूसरों को दुख देता है। गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए, अगर गरीब की बददुआ लग जाए, तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है, इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए। मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए।

आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है, मगर ऊपर का खाता खाली है, इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोगों को दान पुण्य करना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है। गरीब आदमी बेईमान नहीं होता नमक से खा लेता है किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता। भाग्य अपना-अपना है कोई झोपड़ी में खुश है तो महलों में भी रोता है। भाग्य किसी की बपोती नहीं होती कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है अच्छे कर्म करते रहिए। अपना-अपना भाग्य होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**अभी** कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान ने पहलगाम में मानवता को शर्मसार करने वाला भारतीय हिंदुओं के साथ आतंकी हमला निर्दोष और निहत्थे लोगों पर हुआ, उसके लिए पाकिस्तान माफ करने योग्य बिलकुल नहीं है। परंतु पाकिस्तान का इस हमले में हाथ नहीं होता और वह हमारे देश के प्रति जरा भी हमदर्दी रखता तो वह पहलगाम में हुए नरसंहार पर दुःख जताता और आतंकवाद के विरुद्ध वैसी ही आवाज उठाता जैसे दुनिया के दूसरे देश हमारे साथ दुःख की घड़ी में साथ खड़े दिख रहे हैं। लेकिन नहीं, अपने यहां तैयार की गई आतंकवाद की फसल को पाकिस्तान खुद कैसे बर्बाद कर सकता है? पाकिस्तान अपनी हिंसा पर पूर्ण विश्वास रखता है, जबकि हमारा भारत देश जानता है कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान हमें कमजोर समझने की भूल कर रहा है। युद्ध से दोनों तरफ भारी भरकम नुकसान ही होगा। यह बात पाकिस्तान भी जानता है, परंतु वह पड़ोसी मुलखों के कहने पर ऐसा कर रहा है। **स्वरूप सिंह, मिहालू**

# पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावी एवं निर्णायक फैसले की ओर बढ़ता भारत

पहलगाम आतंकी हमले में बेकसूर 28 नागरिकों की मौत के बाद भारत वैश्विक समर्थन के साथ इस बार पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक फैसलों की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश दौरा रद्द कर एयरपोर्ट पर ही उच्च स्तरीय बैठक कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे कि भारत अब आतंकी हमलों का कठोरता से जवाब देते हुए उत्तरदायी ताकतों से निपटने को तैयार है।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

सिंधु नदी जल समझौते को रद्द करने के साथ साथ कड़े निर्णय एवं मीडिया को सैन्य कार्रवाई से जुड़ी खबरें सावधानी के साथ कवर करने को जारी एडवाइजरी इस बात का संकेत है कि इस बार सैन्य कार्रवाई निर्णायक एवं प्रभावी होगी। राष्ट्रों के तौर पर साथ-साथ अस्तित्व में आए भारत एवं पाकिस्तान आज वैश्विक व्यवस्था में दो अलग-अलग मुहानों पर खड़े हैं भारत जहां उच्च लोकतांत्रिक परंपराओं एवं प्रगतिवादी विचार के साथ विश्व में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान मजहबी कट्टरपंथियों के चंगुल में फंसकर आतंकपोषी देश के रूप में आर्थिक कंगाली एवं राजनीतिक अस्थिरता के साथ विश्व में अलग-थलग पड़ा है। भारत ने सदैव सीमा पर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक बर्ताव किया है एवं विश्व मंच पर मजबूती से अपना पक्ष रखा है।

भारत एक जिम्मेदार राष्ट्र के नाते हमेशा पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध बनाने की नीति पर आगे बढ़ा है। बात चाहे अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों की हो या फिर नरेंद्र मोदी के अकस्मात धारणा के विरुद्ध पाकिस्तान में एकाएक उतरकर नवाज शरीफ से मुलाकात की हो भारत राजनीतिक तौर पर अपने स्तर पर पाकिस्तान के साथ संबंधों को सुधारने की एकतरफा पहल कर भारतीय उपमहाद्वीप में शांति का पक्षधर रहा है, परंतु पाकिस्तान ने हमेशा राजनीतिक फ्रंट से समझौते का नाटक एवं पीठ पर आतंक का छुरा घोंपने का काम किया है।



कारगिल घुसपैठ, संसद पर हमला बॉम्बे अटैक, उड़ी एवं पुलवामा के हमले के बाद यह ताजा आतंकी हमला इस बात का सुबूत है कि पाकिस्तान अपने तमाम मुद्दों को एकतरफ छोड़कर भारत में प्रायोजित आतंक की नीति का सर्वथा सूत्रधार रहा है। वर्तमान मोदी सरकार ने अपनी कश्मीर नीति को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के आदर्शों एवं लक्ष्यों अर्थात एक देश में दो संविधान, दो प्रधान एवं दो निशान नहीं चलेंगे के ध्येय पर आगे बढ़ाते हुए वहां धारा 370 को समाप्त कर पूर्ण रूपेण कश्मीर को भारतीय संघ का अभिन्न भाग बनाकर कश्मीर को विकास के पथ पर डालकर वहां पर्यटन एवं बागवानी की गतिविधियों को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को पंख लगाने का काम किया लिहाजा बेरोजगार युवाओं को पत्थरबाजी से हुनरबाजी की ओर प्रेरित कर कश्मीर में शांति एवं समृद्धि के द्वार खोलने का भगीरथ प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप कश्मीरियों का भारतीय संघ के प्रति नजरिया बदलने लगा है। दूसरी ओर पाकिस्तान में भीतर ही भीतर नागरिक असंतोष बढ़ने के चलते बलूचिस्तान एवं पाक अधिकृत कश्मीर में बगावत की चिंगारी भड़कने लगी है जिससे घबराए आतंकी संगठनों ने कश्मीर में बढ़ते पर्यटन एवं कारोबार को निशाने पर लाने एवं आतंकी हमलों से दहशत पैदा करने के लिए इस कायराना हमले को अंजाम दिया।

मोदी सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक एवं बाला कोट एयर स्ट्राइक में मार खाए आतंकी संगठन धर्म पूछकर गोली चलाने का काम भी सोची समझी रणनीति के तहत कर गए जिसके पीछे उनकी मंशा भारत में मजहबी तनाव पैदा कर अपना एजेंडा बढ़ाने की सोची समझी चाल है। भारत को अस्थिर करने के पाकिस्तानी प्रयासों के बीच भारत ने इस मसले पर कूटनीतिक एवं सैन्य कार्रवाई के प्रभावी निष्पादन की प्रतिबद्धता के चलते इस बार निर्णायक फैसलों की तैयारी कर ली है जैसा घटनाक्रमों से लगता है। इस बार भारत अपनी सैन्य कार्रवाई केवल आतंकी कैंपों तक सीमित न कर हो सकता है पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर पाक सीमा तक जाकर पाकिस्तानी सेना से सीधे टकराने तक ले जा सकता है, क्योंकि वायु सेना के युद्धाभ्यास को आक्रमण नाम देना यह इंगित करता है कि इस बार भारत बेगुनाहों की मौत का बदला प्रभावी आक्रमण से लेकर रहेगा, क्योंकि दुर्योधन को बार-बार समझाने के विफल प्रयासों के बाद अब याचना नहीं रण होकर रहेगा। हो सकता है इस बार 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के ऊपर भारत पाकिस्तान के बदले हुए भूगोल के साथ अपनी श्रद्धांजलि उनके चरणों में अर्पित करे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गर्मियों में एयर कंडीशन के इस्तेमाल से बचे

आज कल लोग गर्मियों में एयर कंडीशन का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है खुली और बंद हवा वाले रेफ्रिजरेशन सिस्टम के बीच मुख्य अंतर यह है कि रेफ्रिजरेंट (हवा) बंद लूप के भीतर घूमता है या पर्यावरण में छोड़ा जाता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

खुली प्रणालियों में, ठंडी हवा सीधे ठंडा होने वाले स्थान में प्रवेश करती है और फिर उसे पुनः संपीड़न के लिए वापस ले जाया जाता है। बंद प्रणालियों में, हवा को बंद लूप के भीतर प्रसारित किया जाता है, और एक अलग हीट एक्सचेंजर का उपयोग दूसरे तरल पदार्थ (जैसे नमकीन पानी) को ठंडा करने के लिए किया जाता है, जो फिर स्थान को ठंडा करता है। जो आपके सेहत के लिए हानिकारक है चेस्ट या गले का इंफेक्शन होने का खतरा है, क्योंकि इस प्रक्रिया में ऑक्सीजन को चिल्ड किया जाता। वातावरण में पाए जाने वाले ऑक्सीजन शुद्ध होता है उसमें मोईस्टर नहीं होता है। स्प्लिट एसी यूनिट मुख्य रूप से शुष्क हवा, खराब वायु गुणवत्ता और अपर्याप्त रखरखाव के कारण गले की समस्याएं पैदा कर सकती हैं।



एसी की कूलिंग प्रक्रिया हवा से नमी को हटा देती है, जिससे सूखापन होता है जो गले और न के मार्ग में जलन पैदा कर सकता है। इसके अतिरिक्त, गंदे एयर फिल्टर धूल, एलर्जी और अन्य परेशानियों को फिर से प्रसारित कर सकते हैं, जिससे गले की परेशानी और बढ़ जाती है। एयर कंडीशनर प्राकृतिक रूप से हवा को ठंडा करते समय नमी को हटाते हैं। इससे न के मार्ग और गले सूख सकते हैं, खासकर संवेदनशील श्वसन प्रणाली वाले व्यक्तियों के लिए। सूखापन गाढ़े बलगम के निर्माण में सहायक होता है, जिससे शरीर के लिए कीटाणुओं को साफ करना मुश्किल हो जाता है।

रात में ठंडा तापमान हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को धीमा कर सकता है। यह आपको सामान्य सर्दी या सूखी खांसी जैसी स्थितियों के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है। एयर कंडीशनिंग हमारे श्वसन तंत्र पर हानिकारक प्रभाव डाल सकती है, खासकर उन व्यक्तियों के लिए जिन्हें श्वसन संबंधी कोई अंतर्निहित समस्या है।

ठंडी और शुष्क हवा वायुमार्ग को परेशान कर सकती है, जिससे खांसी, छींकने और गले में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं। एयर कंडीशनिंग के लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से श्वसन संबंधी समस्याएं, शुष्क त्वचा और आंखें, सिरदर्द, थकान और संक्रमण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ सकती है। इसके अतिरिक्त, अनुचित एसी रखरखाव फफूंद और बैक्टीरिया के विकास में योगदान कर सकता है, जिससे एलर्जी और श्वसन संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

एसी श्वसन पथ को शुष्क कर सकता है, जिससे एलर्जी और जलन पैदा करने वाले तत्वों के लिए सूजन पैदा करना और खांसी, घरघराहट और सांस की तकलीफ जैसे लक्षण पैदा करना आसान हो जाता है। शुष्क त्वचा और आंखें-एयर-कंडीशन वाले वातावरण में कम नमी त्वचा और आंखों में जलन पैदा कर सकती है, जिससे सूखापन, खुजली और बेचैनी हो सकती है। सिरदर्द और थकान-गर्म बाहरी तापमान से ठंडे इनडोर वातावरण में अचानक बदलाव शरीर को तनाव दे सकता है। निर्जलीकरण-एसी हवा और शरीर से नमी को हटा सकता है, जिससे निर्जलीकरण हो सकता है, जो शुष्क मुंह, प्यास और मूत्र उत्पादन में कमी के रूप में प्रकट हो सकता है। एसी से निकलने वाली ठंडी हवा रेस्पिरेटरी सिस्टम में जलन पैदा कर सकती है, जिससे खांसी, घबघराहट, सीने में जकड़न और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु आप किसी भी स्वशन संबंधित डॉक्टर से राय ले सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ब्रेक फेल होने से बस दुर्घटनाग्रस्त, 5 घायल

## भोलूघाट में उतराई पर पेश आया हादसा; ड्राइवर की सूझ-बूझ से टला हादसा, पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलटी बस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**नेरचौक** जाहु सुपर-हाइवे ऊना-नेरचौक के भाम्बला के भोलूघाट के समीप कुल्लू-कांगड़ा रूट पर चलने वाली निजी बस की अचानक ब्रेक फेल हो गई। इस दौरान चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

जानकारी के अनुसार जब बस मंडी से धर्मशाला जा रही थी तो भोलूघाट के पास बस की ब्रेक ने काम करना छोड़ दिया। बस उतराई में थी, इसके चलते ड्राइवर ने बस सड़क किनारे पहाड़ी से टकरा दी, जिससे बस वहीं सड़क पर ही पलट गई। हादसे का शिकार हुई बस (एसपी 40सी 9937) कुल्लू से कांगड़ा की ओर जा रही थी। बस के पलटने से ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस थाना हटली से थाना प्रभारी बृजलाल शर्मा अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

बस में 15 यात्री मौजूद थे जोकि सभी सुरक्षित हैं। हालांकि 5 घायलों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से नागरिक अस्पताल बल्द्वाडा ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोगों को घर भेज दिया गया है। बस में सवार लोगों ने बताया कि यदि बस चालक समय पर सूझ-बूझ से काम नहीं लेता तो 50 मीटर आगे जाकर बस खाई में गिर जाती और इस हादसे में कई यात्रियों की जान जा सकती थी।

बस चालक सुभाष चंद, परिचालक इकबाल खान, रोबिन सिंह, अर्चना कुमारी, भूप सिंह, विमला देवी, ज्ञानों देवी और राजीव कुमार बस में सवार थे। इस बस हादसे में संतोष कुमारी, कार्तिक, अंजू, रेशमा देवी और सूर्याश ठाकुर घायल हुए हैं, जिन्हें 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से नागरिक अस्पताल बल्द्वाडा ले जाया गया।



कुल्लू से कांगड़ा जा रही थी निजी बस, 15 यात्री थे सवार

### घायलों की हालत स्थिर

**बीएमओ** बल्द्वाड़ा अनिल कुमार ने बताया कि बस हादसे के बाद 5 घायलों को नागरिक अस्पताल बल्द्वाड़ा लाया गया था। सभी लोगों को मामूली चोटें लगी थीं। इनको प्राथमिक उपचार दिया और घर भेज दिया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर है। बस हादसे की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है।

# जोगिंद्रनगर में शौचालय के यूरिनल में लगाया पाकिस्तान का स्टिकर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की मौत के बाद पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में जोगिंद्रनगर में भी अलग-अलग संगठनों द्वारा विरोध-प्रदर्शन कर पाकिस्तान की निंदा की जा रही है।

मंगलवार को गुस्से की यह अभिव्यक्ति एक अलग रूप में सामने आई जब जोगिंद्रनगर पुलिस थाना के ठीक नीचे स्थित नगर परिषद के शौचालय के यूरिनल पॉट में किसी अज्ञात व्यक्ति ने पाकिस्तान का स्टिकर चिपका दिया। यह हरकत उस गुस्से का प्रतीक मानी जा रही है जो आम लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ उभर रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने इस कदम को 'आम जनता की भावनाओं का प्रतीक' बताया। वहीं प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है कि यह स्टिकर किसने और क्यों लगाया। इस घटना से स्पष्ट है कि देशवासी अब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतना चाहते और अपने-अपने तरीके से विरोध दर्ज करवा रहे हैं।



जोगिंदरनगर में शौचालय के यूरिनल में लगाया पाकिस्तान का स्टिकर।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस के विशेष जांच दस्ते ने नवाही पंचायत सैन खड्ड पर बने पुल के पास एक युवक से तीन ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की पहचान पंकज सोनी (35) पुत्र नीलम प्रकाश गांव बरछवाड़ डाकघर सूरजपुर बाड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गहन पूछताछ शुरू कर दी है। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि की है।

### गोडा गागल इकाई के प्रधान बने कर्म सिंह

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** हिमाचल किसान यूनियन खंड बल्ह इकाई गोडा गागल की विशेष बैठक बल्ह खंड के प्रधान देव राज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कर्म सिंह चौहान को गोडा गागल इकाई का प्रधान, जीतराम को उपप्रधान, शुभम चौधरी सचिव, जगदीश कश्यप सह सचिव, चमन लाल कोषाध्यक्ष सोहन सिंह मुख्य सलाहकार शिवराम तथा नरेश कुमार टेकचंद धर्म सिंह व पुर्नचंद को कार्यकारिणी की सदस्य चुना गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा उपप्रधान देवी रूप, जिला माहसचिव दुनी चंद शर्मा उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने वाम तट सिंचाई योजना बग्गी से मलवाना तक को चुस्त दुरुस्त करने, जैन इरिगेशन का रख रखाव तथा बेसहारा पशुओं व बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### मां बगलामुखी प्रकटोत्सव 4 व 5 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तुगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्ति पीठ माता बगलामुखी मन्दिर सहेली में मां बगलामुखी प्रकटोत्सव हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। माता बगलामुखी के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि रविवार 4 मई को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए रात्रि भोज का आयोजन होगा। रात 8 बजे से सुबह तक मंदिर में विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। रात्रि 12 बजे मंदिर में मां की पूजा-अर्चना व जाग का आयोजन होगा। 5 मई को मन्दिर में हवन किया जाएगा व कन्या पूजन होगा,11 बजे पूर्णाहुति होगी। दोपहर 1 बजे से भण्डारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी का दस महाविद्याओं में 8वां स्थान है। मां बगलामुखी की सच्चे मन से उपासना करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### बच्चों ने सीखे आपदा से निपटने के गुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शिक्षा खंड चौंतड़ा-1 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंथल में 'बैग फ्री डे' के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक और शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी गतिविधि आधारित रूप में दी गई। कार्यक्रम के तहत हैल्थ एंड हाईजीन विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में मीनाक्षी ने प्रथम, सक्षम ने द्वितीय तथा गौरवी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में कार्तिक प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय तथा सूजल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। आपदा प्रबंधन को लेकर एक मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को आपदा के समय सतर्कता बरतने, स्वयं को सुरक्षित रखने और प्राथमिक उपचार देने के गुर सिखाए गए।

### देवराज बने किसानों के प्रधान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक/मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन बल्ह की गोड़ा गागल इकाई का चुनाव प्रधान देवराज व सचिव कृष्ण चंद की उपस्थिति में सर्व समिति से संपन्न हूए। इसमें इकाई प्रधान कर्म सिंह चौहान, उप जीतराम, सचिव शुभम चौधरी, सहसचिव जगदीश कश्यप, कोषाध्यक्ष चमन लाल, मुख्य सलाहकार सोहन सिंह और कार्यकारिणी सदस्य शिवराम, नरेश कुमार, टेकचंद, धर्म सिंह व पूर्ण चंद्र चुने गए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा, उप प्रधान देवी रूप व जिला महासचिव दुनीचंद शर्मा उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर चार मई को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नाचन के हाटेश्वरी माता मंदिर में स्वास्थ्य जांच कैंप 4 मई को होगा। मंदिर प्रबंधन कमेटी के प्रधान नंद लाल ठाकुर ने बताया कि यह कैंप नेरचौक मेडिकल कॉलेज की सेवा भारती की शाखा व एनजीओ के सौजन्य से हाटेश्वरी माता मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से लगाया जा रहा है। इस कैंप में नेरचौक मेडिकल कॉलेज के रोग विशेषज्ञ डाक्टर अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे।इस कैंप में सर्जरी से प्रोफेसर परीक्षित मल्होत्रा,मैडिसन डॉ रोशन,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना जग्गी,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ योगेश, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश गुप्ता,डॉ अरुण चंदेल,नेत्र विशेषज्ञ डॉ पंकज ठाकुर, ईएनटी प्रोफेसर रजनीश शर्मा, दंत विशेषज्ञ डॉ पूजा और बायो केमिस्ट्री डॉ अश्वनी अपनी सेवा देंगे। सेवा भारती ने सभी इलाके के लोगों मरीजों को इस हेल्थ कैंप में आने की अपील की है।

# भगवान परशुराम ने कई बार किया था दुष्टों का संहार

**भीम बसेड़ू, महादेव।** राष्ट्र नायक विशेष समुदाय के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की विभूति होते हैं। नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक गांव महादेव में आयोजित की गई गोष्ठी में ये शब्द पहलवान जितेंद्र सिंह चौहान ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने कार्तिय वीर अर्जुन को परास्त किया था और अनेकों बार दुष्टों का संहार किया था। राजेश कुमार ने स्मरण करवाया कि परशुराम जी महाभारत के मृत्यु विजेता पितामह भीष्म तथा महारथी कर्ण जैसे वीर पुरुषों के गुरु थे। वहीं कृष्ण चंद्र महादेविया ने कहा कि कार्तिक वीर अर्जुन का साथ देने वाले क्षत्रियों का जनेऊ संस्कार भी परशुराम जी ने छीन लिया था। गोष्ठी में वीरेंद्र सिंह, अभय, क्रांति, पीताम्बर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (अनंत ज्ञान)

# आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश रैली निकाली

## पूर्व सैनिकों ने हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि की अर्पित

**सुनील शर्मा, गोहर**

**भारतीय** पूर्व सैनिक संघ (सराज) थुनागअध्यक्ष कैप्टन श्याम सिंह ने कहा कि आतंकवादी घटनाएं दुखद और निंदनीय हैं और हमें आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत सरकार को अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए सेना की संख्या में कोई कमी नहीं करनी चाहिए और नए हथियारों की क्षमता के आधार पर नई भर्तियां होनी चाहिए।

कैप्टन श्याम सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार के कदमों का समर्थन किया और पाकिस्तान के मंत्रियों के भड़काऊ बयानों की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारतीय पूर्व सैनिक सेना के साथ हैं और आवश्यकता पड़ने पर भारत माता की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पाकिस्तान सेना के मुखिया जनरल असीम मुनीर के भड़काऊ भाषण की भी निंदा की और कहा कि ऐसे बयानों से ही टकराव की स्थिति पैदा होती है व हमें ऐसे टकराव के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)




# मंडी में लगाई जाए अंबेडकर की प्रतिमा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शहर में उचित स्थान पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि शहर में महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, स्वामी कृष्णानंद, स्वामीपूर्णानंद और रानी खैरगढ़ी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं लेकिन बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित नही की गई है। उन्होंने मांग की कि ऐसा करने से उनका मान सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण करना चहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासनिक व सरकारी तौर पर ऐसा नहीं किया जाता है तो वे अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर आंदोलन भी चलाएंगे।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा

## लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, सनातन धर्म मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**भगवान** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को जोगिंद्रनगर नगर में धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला। ब्राह्मण सभा जोगिंद्रनगर द्वारा स्थानीय सनातन धर्म मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिवत हवन अनुष्ठान से हुई, जिसमें ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम का आवाहन किया। यज्ञ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसे व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता और श्रीराम कला मंच के सदस्यों के सहयोग से भव्य रूप दिया गया। शोभायात्रा सनातन धर्म मंदिर से आरंभ होकर जोगिंद्रनगर बाजार, मुख्य चौक होते हुए गुरुद्वारा चौक तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया और भगवान परशुराम के दर्शन किए। इस मौके पर भास्कर गुप्ता के साथ अमित शर्मा, सचिन सूद, राजीव बहल, सतवीर शर्मा, विनोद शर्मा सहित ब्राह्मण सभा के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज के युग में परशुराम जी के आदर्शों को अपनाने की नितांत आवश्यकता है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता, धर्म और नैतिकता की स्थापना में योगदान देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



सनातन धर्म मंदिर में हवन यज्ञ के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

# पाप के सर्वनाश के लिए भगवान परशुराम ने उठाया था अपना फरसा : हरीश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भगवान** परशुराम ने धरती पर पनप रहे अधर्म के नाश के लिए अपना फरसा उठाया था। मंडी में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष हरीश शर्मा ने हवन यज्ञ पूजा करने के बाद यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को जिला मंडी की धार्मिक संस्थाओं की ओर से बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। छोटी काशी मंडी में मंदिरों व संस्कार परिसरों में हवन यज्ञ के बाद भंडारों का आयोजन किया गया।

ब्राह्मण सभा द्वारा संस्कार भवन में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा शांति की प्राथना की गई। इस अवसर पर डॉ ओम राज शर्मा, प्रकाश चंद्र, गीतांजलि, चंपा शर्मा, माया, मुरारी लाल, पुष्पराज कात्यायन आदि की मौजूदगी में परशुराम की प्रतिमा का जलाभिषेक किया। इस दौरान संस्कार भवन में भगवान परशुराम की कांस्य मूर्ति भी स्थापित की गई। कार्यक्रम में नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा भी मौजूद रहे उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। परशुराम जयंती पर निकली गई शोभा यात्रा में माता महाकाली पुरानी मंडी और माता चामुंडा स्कूल बाजार मंडी ने भी अपने भक्तों के साथ देव वाद्य यंत्रों के साथ शिरकत की। इसके उपरांत पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान परशुराम राम की महिमा का गुणगान किया गया।



मंडी की धार्मिक संस्थाओं की ओर से बाजार में शोभायात्रा निकाली गई।

# 159 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगवाई वैक्सीन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

### इनरव्हील ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

**सेवा** भारती जोगिंद्रनगर जिला इकाई द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 8 से 13 वर्ष की आयु वर्ग की 159 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई गई। यह अभियान इनर व्हील ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सेवा भारती जिला अध्यक्ष ज्ञान ठाकुर, सचिव पंकज शारदा और कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है, और समय पर वैक्सीन लगवाकर इससे प्रभावी बचाव संभव है। किशोरियों और उनके अभिभावकों को इस बीमारी की गंभीरता और वैक्सीन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच भी की गई और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी अन्य आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गईं। सेवा भारती द्वारा चलाया गया यह अभियान स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया और भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई। सेवा भारती एवं इनर व्हील ऑर्गेनाइजेशन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुंचाना और किशोरियों को स्वस्थ भविष्य प्रदान करना है।

# प्रदेश की सुक्खू सरकार से सभी दुखी: इंद्र सिंह गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि आज के समय में प्रदेश में कांग्रेस सरकार से कर्मचारी, नौजवान, बुजुर्ग, पेंशन धारी, महिलाएं सभी वर्ग दुखी है। जो बहुत शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। आज यह सरकार, मित्रों को लाभ पहुंचाने बाली सरकार के नाम से पहचानी जा रही है। सरकार के पास पेंशन देने के लिए पैसे नहीं हैं, मगर अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सत्ता मे आने से पहले महिलाओं को 1500 नौजवानों को रोजगार, कर्मचारियों से लेकर सभी वर्ग को झूठी गारंटियों के नाम पर ठगने का काम किया है।

प्रदेश की सुक्खू सरकार का कर्मचारी और शिक्षक विरोधी चेहरा अब पूरी तरह सबके सामने आ गया है। आज कर्मचारी सरकार से अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। जो शिक्षक और कर्मचारी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे, उन्हें निलंबित करना सरकार की तानाशाही, और कर्मचारी विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। भाजपा कर्मचारियों और शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और न्याय के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

# गर्मी के साथ-साथ लो वोल्टेज ने छुड़ाए रिस्सा पंचायत के ग्रौडूवासियों के पसीने

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट के तहत आने वाली ग्राम पंचायत रिस्सा के गांव ग्रौडू के लोग आजकल भरी गर्मी में लो वोल्टेज से परेशान हैं। ग्रौडू गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर दो महीने पहले किसी टेक्निकल समस्या के कारण रिपेयर के गए हैं, लेकिन अभी तक वापस नहीं लगाया है। इस बीच दूसरे ट्रांसफॉर्मर से बिजली लाइन जोड़कर टैंपरेरी बिजली सप्लाई दी जा रही है पर उससे कोई बड़ी वोल्टेज के बिजली उपकरण चलाना बेहद मुश्किल हो गया है।

इस गांव के लोग पहले भी लो वोल्टेज से परेशान थे जिस पर मिलकर लगभग सौ से ऊपर लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं जिसपर उन्होंने ने नये ट्रांसफॉर्मर लगाने भी मांग उठाई है जिसे जल्द ही बिजली विभाग सरकाघाट को सौंप दिया जाएगा। महादेव युवक मंडल ग्रौडू के प्रधान सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि जब विभाग को पता था कि आने वाले कुछ महीनों में गर्मियों का सीजन है तो ट्रांसफार्मर का रखरखाव या उनकी मरम्मत समय पर करनी चाहिए थी ।इस समस्या पर ग्रामीण राजेंद्र पाल, दलिप चंद, धर्म चंद, कृष्ण,देश राज,टेक चंद, रमेश कुमार, सुभाष चंद, अमृत लाल, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार आदि ने विभाग से इस समस्या पर जल्द निजात पाने की बात कही है।

**रिपेयर के निकाला ट्रांसफार्मर वापस लगाना भूला बोर्ड**

### क्या कहता है विभाग

**बिजली** विभाग रिस्सा के जूनियर इंजीनियर कुलैन ने बताया कि इस विषय पर उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है जैसे ही रिपेयर होकर आता है उसे दोबारा इंस्टाल कर देंगे।

# प्रदेश में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी साइंस कांग्रेस एसोसिएशन की स्थापना: दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिम** साइंस कांग्रेस एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ने अपना 13वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विज्ञान चेतना और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. दीपक पठानिया ने सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एसोसिएशन की निरंतर प्रगति और सफलता में उनके योगदान की सराहना की।

उन्होंने वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार और उसके सामाजिक उपयोग की दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि हिम साइंस कांग्रेस एसोसिएशन की स्थापना प्रदेश में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। यह एसोसिएशन विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों के अग्रणी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर युवा शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करती है। पिछले वर्षों में एसोसिएशन के सम्मेलनों को डीएसटी, डीआरडीओ, आईएसआरओ, बीआरएनएस, एसजेवीएन और हिमाचल पर्यटन विभाग जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा प्रायोजित किया गया है। एसोसिएशन विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए कटिबद्ध है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार) के सहयोग से बच्चों की विज्ञान कांग्रेस तथा कई राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों का भी सफल आयोजन कर चुकी है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि अब तक 694 जीवन सदस्य एसोसिएशन से जुड़ चुके हैं।



**सुविधा** मेट्रो की तर्ज पर हिमाचल पथ परिवहन निगम उपलब्ध करवा रहा सुविधा, दिल्ली-मुंबई में भी मान्य

# कैशलेस भुगतान के लिए यात्रियों की पसंद बन रहा एचआरटीसी का एनसीएम कार्ड

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम की बसों में अब यात्री यूपीआई, क्रेडिट व डेबिट कार्ड सहित नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से भी टिकट राशि का भुगतान कर सकेंगे। मैट्रो की तर्ज पर निगम की बसों में यह कार्ड चलेगा। वहीं यह कार्ड देश के अन्य राज्यों में भी चलाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस कार्ड से यात्री पार्किंग फीस सहित शॉपिंग भी कर सकेंगे।

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देते हुए कैशलैस सेवा को आसान बनाने के लिए एचआरटीसी की बसों में एनसीएम कार्ड की सुविधा शुरू की गई है। अब मैट्रो की तरह यात्री इस कार्ड का प्रयोग निगम की बसों में भी कर सकेंगे। वहीं यह कार्ड मुम्बई, दिल्ली में भी चलेगा, जिससे यात्रियों को बसों व मेट्रो में किराया देने के लिए कैश की जरूरत नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)



### कार्ड के लिए नहीं इंटरनेट की जरूरत

**विशेष** बात यह कि इस कार्ड को चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं है। यह कार्ड सबसे अधिक वहां काम आएगा जहां इंटरनेट सेवा धीमी रहती है या इंटरनेट सुविधा ही नहीं है। ऐसे में यात्री बिना इंटरनेट के भी टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। निगम की बसों में चलने वाला यह एनसीएमसी कार्ड पहली बार मात्र 100 रुपए में बनेगा। इसके बाद व्यक्ति इसे अपने बैंक अकाउंट से रिचार्ज कर सकता है या फिर निगम के किसी भी बस काऊंटर में जाकर टॉप अप (रिचार्ज) करवा सकते हैं।

### कार्ड एक, सुविधाएं अनेक

**यह** एक अंतर-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट कार्ड है। परिवहन कार्ड उपयोगकर्ता को यात्रा, टोल शुल्क (टैक्स), पैसे निकालने और खुदरा खरीद के लिए भुगतान करने में भी सक्षम है। इस तरह यह एक छतरी के नीचे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को एक साथ लाने के प्रयास के रूप में सामने आया है।

### 5 साल होगी कार्ड की वैधता

हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट के कार्यकारी क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कश्यप ने बताया कि सरकाघाट डिपो में 19 अक्तूबर, 2024 को पहली बार उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए यह कार्ड उपलब्ध करवाया गया। अभी तक 138 कार्ड यहां बनाए जा चुके हैं। यह कार्ड एसबीआई के माध्यम से जारी किये जा रहे हैं। यह कार्ड कम से कम से सौ रुपये तथा अधिक एक हजार रुपए तक रिचार्ज किया जा सकता है। कार्ड की वैधता 5 साल की होगी।

### यात्रियों ने गिनाईं कार्ड की खूबियां

**सरकाघाट** क्षेत्र से संबंध रखने वाले सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि निगम द्वारा संचालित कार्ड से हमें काफी सुविधा मिल रही है, जिसके लिए सीएम सुक्खू का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं क्षेत्र के एक अन्य व्यवसायी अशोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निगम की बसों में कैशलैस सुविधा से हमें काफी फायदा हो रहा है। जिसके लिए प्रदेश सरकार का धन्यवादी हूं।

# खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बना कांगड़

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के तीसरे और अंतिम दिन कांगड़ मैदान दिनभर विविध खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहा। जन हर्षोल्लास और सहभागिता के इन आयोजनों में लोगों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अनेक आयोजनों में शिरकत कर प्रतिभागियों की हौसलाफजाई की। कार्यक्रमों की शृंखला में सामाजिक जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, महिला मंडलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में डॉग शो, स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रस्साकसी समूह नृत्य, नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद तथा महिला मंडलों की खेल प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। वहीं, पुरुष वर्ग की रस्साकसी प्रतियोगिता में बढेड़ा की टीम विजेता रही, जबकि बिजली बोर्ड की टीम उपविजेता बनी। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण डॉग शो रहा, जिसका आयोजन पशुपालन विभाग द्वारा किया गया।


डॉग शो के विजेताओं को पुरस्कृत करते पशु पालन विभाग के अधिकारी।

इसमें लगभग 50 से अधिक पशुप्रेमी विभिन्न नस्लों के अपने पालतू कुत्तों के साथ आए। कुत्तों के करतबों एवं स्वास्थ्य मानकों के आधार पर नंबदिए गए। इस शो में कुत्तों की बड़ी नस्ल श्रेणी में मंजिद्र सिंह के मेजर नाम के बुली नस्ल के कुत्ते को प्रथम आंका गया, जबकि गगन जसवाल का गद्दी नस्ल का कुत्ता सारा और बलकार सिंह का बुली नस्ल का जोड़ा नाम का श्वान तीसरे स्थान पर रहा। मध्यम नस्ल श्रेणी में लक्ष्य के साइबेरियन हस्की नस्ल के कुत्ते स्काई को प्रथम आंका गया, जबकि अमनप्रीत के चार्ली को दूसरे स्थान और रजत के बुल डॉग बोलो को तीसरे स्थान पर आंका गया।

छोटी नस्ल श्रेणी में वरुण के टॉय पॉम नस्ल के मैक्स को प्रथम, राजन गुलेरिया के दासहूंड नस्ल के जैरी को द्वितीय और गुरप्रीत के शिहत्जु नस्ल के कूकी को तृतीय स्थान पर आंका गया। साथ ही पप्प ऑफ द शो अंश के बुली नस्ल के भोला को चुना गया, जबकि चैंपियन ऑफ द शॉ पुलिस लाइन झलेड़ा के शाशिपाल डोबरमैन नस्ल का जिप्सी रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुलैहड़, रोड़ा, कुठारबीत, गोंदपुर जयचंद, गोंदपुर बल्लां, पूबोवाल, पोलियां बीत, बाथू, बाथड़ी, भटकलां, नंगल कलां, ललड़ी, पालकवाह, नंगल खुर्द के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गणेश बरवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, विनोद बिट्टू, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## तेजधार हथियारों से युवक पर हमला, काटी अंगुली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली उत्सव देख घर लौट रहे युवक पर अज्ञात युवकों ने तलवार से कातिलाना हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमले में युवक के एक हाथ की अंगुली कट गई और लहुलूहान हालत में घायल युवक सड़क पर बेहोश हो गया। युवक को इस हालत में पड़ा देख स्थानीय लोगों द्वारा उसे हरोली अस्तपाल के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां से गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल के दोस्त की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विशाल कुमार निवासी चंदपुर ने बताया कि सोमवार रात्रि हैप्पी व लखविंद्र कुमार हरोली उत्सव देखकर हिम्मती सिंह उर्फ हैप्पी के साथ बाइक पर सवार होकर टाहलीवाल जा रहे थे। रात्रि करीब साढ़े 12 बजे केपी होटल टाहलीवाल के सामने पहुंचे, तो युवक ने हिम्मत सिंह व लखविंद्र कुमार को आवाज लगाई। जिस पर हिम्मत सिंह ने बाइक रोकी, तो क्रिमिका उद्योग की ओर से अज्ञात युवक आ गए। युवकों को देख विशाल सिंह, हिम्मत सिंह व गौरव मौके से भाग गए, जबकि लखविंद्र कुमार पर अज्ञात व्यक्तियों ने तलवार से हमला कर दिया। घायल लखविंद्र को हरोली अस्पताल से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया, जहां से गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 23 लाभार्थियों को सौंपे गृह निर्माण के स्वीकृति पत्र

**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मंगलवार को विश्राम गृह अंब में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 23 लाभार्थियों को गृह निर्माण के स्वीकृति पत्र सौंपे। विधायक ने यह स्वीकृति पत्र विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (आवास) और स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है, जिन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए हैं, उनके बैंक खातों में पहली किस्त की राशि ट्रांसफर कर दी गई है। शेष दो किस्तें निर्माण की प्रगति के अनुसार प्रदान की जाएंगी। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका सही तरीके से क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करना है। कोई भी पात्र परिवार बिना छत के न रहे, इसके लिए वह हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करें।

## बोल में 300 कनाल में इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट तैयार, जल्द होगा शिलान्यास: विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बसाल क्षेत्र का दौराकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को खुलकर विधायक के समक्ष रखा।

लोगों ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया, जिन पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए। विधायक ने बसाल में जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समय रहते समाधान करवाना ही उनकी पहली जिम्मेदारी है। इस दौरान झंबर-लाम-जोगीपंगा सड़क के निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस सड़क की वर्षों से क्षेत्र की जनता की एक पुरानी और अहम मांग रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। झंबर से लाम जोगीपंगा तक जल्द सड़क निर्माण करने के लिए शिलान्यास किया जाएगा। झंबर, लाम और जोगीपंगा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवाजाही में जो परेशानी होती थी, वह अब दूर हो जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है और बजट का प्रावधान कर लिया गया है।

सड़क का निर्माण कार्य आगामी कुछ महीनों में शुरू कर दिया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि बोल क्षेत्र में लगभग 300 कनाल भूमि पर इंडस्ट्रियल यूनिट स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने दावा किया कि यह यूनिट युवाओं को उनके घरद्वार पर ही रोजगार उपलब्ध कराएगी, जिससे पलायन की समस्या भी कम होगी। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम करना है। बॉल में बनने वाली यह औद्योगिक यूनिट आने वाले वर्षों में क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।

## पंचायत खरयालता-डीहर को जोड़ने वाली पुली का निर्माण पूरा

**अनंत ज्ञान, जोल।** लोक निर्माण विभाग जोल के तहत पंचायत खरयालता और पंचायत डीहर को जोड़ने वाली पुली का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लगभग 15 लाख की लागत से बनने वाली पुली के निर्माण से स्थानीय पंचायत प्रधान राकेश धीमान व स्थानीय लोगों ने चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, एसडीओ जोल भानु ओहरी एवं ठेकेदार अर्जुन सिंह का आभार जताया। स्थानीय पंचायत प्रधान राकेश धीमान ने बताया कि लगभग 15 लाख की लागत से बनने वाली पुली का निर्माण कार्य आज पूरा हो चुका है और 22 दिनों के भीतर इस पुली का विधायक सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा लोकार्पण कर जनता में समर्पित कर दिया जाएगा, जिससे पुली पर आवाजाही शुरू हो जाएगी और स्थानीय जनता को राहत मिल जाएगी। लोगों का कहना है कि विधायक सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उनकी इस सक्रियता के कारण ही रौनखर में पुली का इतनी जल्द काम हो पाया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

## कुटलैहड़ भाजपा ने पीएम पर की टिप्पणी की घोर निंदा की

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में हमारे देश के वीर जवान शहीद हुए, जिससे हर भारतीय का हृदय दुखी है।



ऐसे संवेदनशील समय में कांग्रेस पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में की गई टिप्पणी अति निंदनीय है, जिसकी कुटलैहड़ भाजपा मंडल घोर निंदा करती है। भुट्टो ने कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को शर्मनाक बताते हुए कहा कि बिना सिर के प्रधानमंत्री का स्टैचू और गायब जैसे शब्दों का प्रयोग करना न केवल असंवेदनशीलता है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं का भी अपमान है।

भुट्टो ने कहा कि एक तरफ पूरा देश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर शोकाकुल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट खड़ा है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रही है। यह कांग्रेस की छोटी सोच और अवसरवादिता को दर्शाता है।

## ठठल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ठठल के परिसर में मंगलवार को मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गई। विशेष समारोह में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। विधायक ने कहा कि मां सरस्वती विद्या, ज्ञान और संगीत की देवी है और विद्यालय परिसर में उनकी स्थापना से छात्रों को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य व्यासदेव ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पढ़ाई के साथ स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना से छात्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था और जागरूकता बढ़ेगी।

## 20 कनाल गेहूं की फसल आग से राख

**हीना पठानिया, बड़ूही**

अंब उपमंडल के अंतर्गत पंचायत टकारला में मंगलवार को आग लगने से लगभग 20 कनाल गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में हुई स्पार्किंग को माना जा रहा है।



स्थानीय किसानों ने बताया कि वे गेहूं काटने के लिए मशीन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक तेज हवा के चलते बिजली की तारे आपस में टकराई और चिंगारी गिरने से खेतों में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के कुछ ओर लोग भी खेतों की ओर भागे व तुरंत अपने ट्यूबवेल चालू कर खेतों में पानी छोड़ा और आग पर काबू पाने की कोशिश की। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे टकारला पंचायत की सैकड़ों एकड भूमि आग की भेंट चढ़ने से बच गई। चरंजी लाल, रणजीत सिंह, नारायण चंद, शंकर और बिशन दास ने बताया कि सभी किसान अपनी फसल की कटाई के लिए मशीन का इंतजार कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ा। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी ने लोगों से अपील की है कि किसान जल्द अपनी गेहूं की फसल को इकट्ठा कर लें क्योंकि तापमान बढ़ रहा है, जिससे आग लगने के चांस ज्यादा होते हैं। (अनंत ज्ञान)

## 5 किलो का दही का मटका चुराया

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में कन्फेक्शनरी की दुकान से 5 किलो दही का मटका चोरी करने की घटना सामने आई है। यह घटना मंगलवार को चिंतपूर्णी के एक दुकानदार राजीव शर्मा की दुकान पर हुई, जब दो महिलाएं और एक लड़की दुकान पर आईं और लड़की दही का 5 किलो का मटका उठाकर वहां से फरार हो गई, जब दुकानदार ने दही के मटकों की गिनती की, तो एक मटका कम निकला। इसके बाद दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज को चैक किया, जिसमें पूरी घटना कैद हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुकानदार ने बाजार में उन श्रद्धालुओं को ढूंढा और नया बस स्टैंड के पास उन्हें पकड़ लिया। दुकानदार ने श्रद्धालु से अपना दही का मटका वापस ले लिया और श्रद्धालुओं से माफी मंगवाई। स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस घटना से दुकानदारों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

## सरकार से प्राइमरी शिक्षकों का निलंबन रद्द करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी, प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, जिला प्रधान देवेंद्र बेली, महासचिव शशि सैनी, उपाध्यक्ष वरुण लखनपाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश, राजीव शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा और संघ के विभिन्न नेताओं ने प्राइमरी शिक्षकों का निलंबन रद्द करने का सरकार से आग्रह किया है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने प्रदेश सरकार के सिंगल शिक्षा निदेशालय बनाने के निर्णय का स्वागत किया, साथ ही लेक्चरर संघ ने यह भी मांग की कि शिक्षा का निदेशक स्कूल कैडर से ही शिक्षाविद को लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षाविद को ही शिक्षा विभाग के बारे में व्यापक जानकारी होती है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता एवं अन्य पहलुओं का सुधार अधिक सशक्त ढंग से हो सकता है। उन्होंने इस विषय में मुख्यमंत्री सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित से आग्रह किया कि इस कड़ी में उचित फैसला लिया जाए। प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि इस बारे में जल्द लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से भेंट करेगा और अपनी काफी समय से लंबित पड़ी मांगों का ज्ञापन सरकार को देगा। साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में अध्यक्ष की तैनाती जल्द करने का सरकार से आग्रह किया। राजन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं शिक्षा सचिव राकेश कंवर मेहनती कर्मठ ईमानदार छवि के व्यक्ति हैं और अपने छात्र जीवन से लेकर आज तक उन्होंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह उनकी मेहनत का ही परिणाम है और वह हिमाचल सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं उनके खिलाफ किसी को भी व्यक्तिगत टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

## आम के पौधों का अस्तित्व खतरे में

### तलवाड़ा बाइपास मार्ग पर पौधों को किया जा रहा नष्ट

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी के तलवाड़ा बाईपास मार्ग पर मंदिर न्यास द्वारा लगाए गए आम के पौधे आज खतरे में हैं।

इन पौधों को कुछ वर्ष पूर्व श्रद्धालुओं को छाया प्रदान करने के उद्देश्य से लगाया गया था। तत्कालीन मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश ऊना संदीप कुमार के प्रयासों से लगाए गए इन पौधों में से अधिकांश अब ऊंचे और फलदाई हो चुके हैं। इन आम के पौधों की सबसे बड़ी समस्या रखरखाव के अभाव में है। कुछ पौधे सूखने की कगार पर हैं, जबकि कुछ पौधे बेसहारा पशुओं और शरारती तत्वों के कारण बेरहमी से नष्ट किए जा रहे हैं। इसके अलावा, कुछ स्वार्थी लोग अपने स्वार्थ को साधने के लिए इन पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार द्वारा फलदार पौधे लगाने के लिए विशेष आयोजन किए जा रहे हैं, लेकिन आम जैसे अन्य फलदार पौधों को रोपने की बजाय मानव द्वारा वृक्षों को काटा जा रहा है। यह प्रकृति और मानव जीवन में एक बड़ा बदलाव है, अगर हम अपने आसपास के पेड़-पौधों की देखभाल नहीं करेंगे, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। आम की खेती के लिए उचित जल निकासी वाली दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। आम के पौधों को शुरुआत में विकास करने के लिए 20 डिग्री के आसपास तापमान की आवश्यकता होती है। चिंतपूर्णी के तलवाड़ा बाईपास मार्ग पर लगाए गए आम के पौधे न केवल श्रद्धालुओं को छाया प्रदान करते हैं, बल्कि ये पर्यावरण को भी कई लाभ पहुंचाते हैं। एसडीएम सचिन शर्मा ने कहा कि आम के पेड़ों का उचित रखरखाव रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)


चिंतपूर्णी मंदिर न्यास की ओर से लगाए गए आम के पौधे।

## टनल के प्रवेश द्वार पर लगी माता चिंतपूर्णी की तस्वीर पर्यटकों के लिए बनी आकर्षण का केंद्र

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश, जो देवी-देवताओं की पावन भूमि के रूप में विख्यात है, एक बार फिर अपनी अध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित कर रहा है। ऊना जिले में स्थित माता चिंतपूर्णी का मंदिर लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है। वहीं, चिंता को दूर करने वाली माता छिन्नमस्तिका के रूप में पूजा जाता है। इस पवित्र स्थल की महिमा को और बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जिला कांगड़ा में निर्माणाधीन हाईवे पर एक सराहनीय पहल की है।

एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही टनल के प्रवेश द्वार पर माता चिंतपूर्णी की भव्य और मनमोहक तस्वीर स्थापित की गई है, जो श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह तस्वीर न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास के संगम के प्रतीक को भी दर्शाती है। कांगड़ा हाईवे, जो धर्मशाला, पालमपुर और अन्य प्रमुख स्थानों को जोड़ता है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर बनी टनल के बाहर माता चिंतपूर्णी की तस्वीर स्थापित करना राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से एक अनूठा प्रयास है, जो आस्था और आधारभूत संरचना के बीच संतुलन को दर्शाता है। माता चिंतपूर्णी का मंदिर सदियों से भक्तों के लिए चिंताओं को दूर करने और मनोकामनाएं पूर्ण करने का प्रतीक रहा है। नवरात्र के दौरान यहां लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए उमड़ते हैं। इस तस्वीर के माध्यम से, एनएचएआई ने न केवल माता की महिमा को बढ़ाया है, बल्कि हिमाचल की इस पवित्र भूमि को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने का प्रयास किया है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने इस पहल की जमकर प्रशंसा की है। उनका कहना है कि यह तस्वीर न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक है, बल्कि यह यात्रियों को माता के आशीर्वाद से जोड़ने का माध्यम भी बनेगी। इस कड़ी में चिंतपूर्णी मंदिर न्यास की अधिवक्ता राज कुमारी ने कहा कि माता चिंतपूर्णी की भव्य तस्वीर टनल के प्रवेश द्वार पर लगाना एनएचएआई की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कांगड़ा और ऊना जैसे क्षेत्र, जो पहले से ही धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, माता रानी की इस तस्वीर के कारण और अधिक ध्यान आकर्षित करेंगे। (अनंत ज्ञान)



**आयोजन** बंगाणा के मुच्छाली गांव में शिवा प्रोजेक्ट का भूमि पूजन

## बागवानी में मील पत्थर होगा साबित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल का गांव मुच्छाली मंगलवार को ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब यहां बहुप्रतीक्षित शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्लस्टर निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में शिवा प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी राजेश्वर परमार ने शिरकत की और प्रोजेक्ट के उद्देश्यों व संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।


मुच्छाली गांव के लोग परियोजना अधिकारियों के साथ भूमि पूजन करते हुए।

राजेश्वर परमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, मुच्छाली गांव के लोग सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिला है। यह योजना न केवल किसानों की आय को दोगुना करने में सहायक होगी, बल्कि क्षेत्र की अर्थ-व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। बागवानी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर केके भारद्वाज ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए बताया कि शिवा प्रोजेक्ट के

### 3.5 करोड़ रुपए की लागत से बदलेगा ग्रामीण कृषि परिदृश्य

माध्यम से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी सुविधाएं, सिंचाई साधन, भंडारण केंद्र और विपणन सहायता जैसे अनेक लाभ मिलेंगे। इस अवसर पर बागवानी अधिकारी वरिंदर भारद्वाज, प्रसार अधिकारी अनुपम, वंदना, तथा फैसिलिटेटर पायल ने भी तकनीकी जानकारी साझा की और परियोजना की संरचना से ग्रामीणों को अवगत करवाया। करीब 3.5 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला यह क्लस्टर, आधुनिक कृषि और बागवानी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। भूमि पूजन के साथ ही जेसीबी मशीन द्वारा कार्य का शुभारंभ किया गया।

## टीवी रियलिटी शो हुनर का रंग में दो युवाओं का चयन

**अनंत ज्ञान, अंब**



एसजीटी हुनर का रंग-सीजन 3 के ऑडिशन में सभी राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत पंजोआ लड़ौली के युवा कलाकार दीपक सोनी व बेहड़ जसवां के उज्ज्वल शर्मा ने टीवी रियलिटी शो में जगह बना ली है, जो पूरे गांव के लिए गर्व का पल है। दीपक व उज्ज्वल ने इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करके यह मुकाम हासिल किया है।

शो में देशभर से हजारों प्रतियोगियों के बीच दीपक व उज्ज्वल ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से चयनकर्ताओं का दिल जीता है। दीपक व उज्ज्वल की सफलता उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और कला के प्रति गहरी रुचि का परिणाम है। उनके चयन से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनके गांव के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी। दीपक व उज्ज्वल का चयन इस बात का प्रमाण है कि अगर इरादा मजबूत हो, तो किसी भी बड़े मंच तक पहुंचा जा सकता है। शो में गायन, नृत्य, अभिनय और अन्य कला विधाओं के प्रतियोगी अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

दीपक व उज्ज्वल ने इस मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरते हुए यह सुनिश्चित किया कि उनका नाम इस सीजन के चुनिंदा कलाकारों में शुमार किया है। दीपक व उज्ज्वल के चयन से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके माता-पिता और रिश्तेदारों ने इन दोनों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सराहा है। उनका कहना है कि दीपक और उज्ज्वल हमेशा से अपनी कला को लेकर गंभीर थे और उनका यही जुनून अब रंग लाया है। दीपक सोनी पहले भी कई राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं व कई उपलब्धियां अपने नाम कर चुके हैं।

## शाम को शाहतलाई से कोड़रा तक नहीं बस सेवा उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** लठियानी से कोड़रा-शाहतलाई मार्ग पर बस सेवाओं की कमी के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों व बुजुर्गों और कर्मचारियों को हो रही है। शाहतलाई से कोड़रा-चंडीगढ़ की बस सेवा के बाद 11 बजे ही बस सेवा उपलब्ध है। उसके बाद कोई भी बस की सुविधा लठियानी के लिए नहीं है।

स्थानीय निवासी गुरदेव चंद, रघुवीर चंद, जगदीश चंद, सुशील कुमार, देस, अशोक कुमार सुखदेव चंद आदि ने कहा कि सुबह के समय कोड़रा से शाहतलाई की ओर एक हाईवे बस की सेवा बहुत समय कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन शाम के समय शाहतलाई से कोडरा लठियानी की ओर कोई भी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, लठियानी से कोडरा शाहतलाई के लिए भी दोपहर तीन बजे के बाद केवल कोडरा तक ही बस सेवा उपलब्ध रहती है। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग और संबंधित प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर शाम के समय भी बस सेवा सुनिश्चित की जाए।

## प्रेत आत्माओं को मोक्ष व भगवान की भक्ति से जोड़ती है श्रीमद्भागवत कथा: डॉ. सुमन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के हटली सुल्तानू में रिटायर्ड कैप्टन एवं समाजसेवी रहे स्व. रामेश्वर दास शर्मा की याद में उनके पुत्र प्रवक्ता विवेकशील शर्मा के घर हो रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा न केवल भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करती है, बल्कि यह भटकी हुई आत्माओं को मोक्ष की राह पर ले जाने का माध्यम भी बनती है।

कथा के दूसरे दिन डॉ. सुमन शर्मा ने श्रद्धालुजनों को धुंधकारी की कथा का वर्णन सुनाया, जो सुनने वालों को आत्मा की शुद्धि, भक्ति की महिमा और सत्संग की शक्ति का साक्षात्कार कराता है। धुंधकारी की कथा एक ऐसे व्यक्ति की है, जो भोग-विलास और पापमयी जीवन में लिप्त था, लेकिन मृत्यु के पश्चात उसकी आत्मा प्रेत योनि में भटकती रही। उसके भाई गोकर्ण ने जब यह जाना, तो उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया और उस कथा के श्रवण से धुंधकारी की आत्मा को मोक्ष प्राप्त हुआ। आचार्य ने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि चाहे आत्मा कितनी भी पापमय क्यों न हो, यदि कोई सच्चे मन से भगवान की कथा का श्रवण करे या करवाए, तो मोक्ष की प्राप्ति अवश्य होती है। यह कथा न केवल प्रेतात्माओं को मुक्ति देती है, बल्कि जीवित व्यक्तियों को भी आत्मिक शांति और भगवान की भक्ति से जोड़ती है।

# धीरे-धीरे बदल रहा पीपल जातर (बसंतोत्सव) मेले का स्वरूप

## आधुनिक व्यापार-सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सिमटा मेला



पीपल जातर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हुए।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ऐतिहासिकता को समेटे हुए पीपल मेले का का समय के साथ धीरे-धीरे स्वरूप बदलता जा रहा है। अब मेले में पहले की तरह व्यापार नहीं होता है। पहले जहां तिब्बत, चीन, लाहौल, किन्नौर और कुल्लू के लोगों में हाथों से बनी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार होता था, वहीं अब बाहरी राज्यों के व्यापारी अपना सामान बेचने के लिए मेले में पहुंचते हैं। प्राचीन समय में तिब्बत के व्यापारी ऊन लाते थे और यहां से ऊन के बदले गुड़ और नमक ले जाते थे।

एक दौर था, जब लोग गाय, बछड़ों सहित खेतों में हल चलाने के लिए बैलों की जोड़ियां भी इस मेले से खरीदते थे, लेकिन आज पशु व्यापार भी नहीं होता और पशु मैदान भी अब पार्किंग स्थल बना दिया गया है। पहले मेले के दौरान प्राचीन लालड़ी नृत्य भी होता था, अब कभी कुल्लू के ढालपुर मैदान में पीपल के पेड़ की छांव में राज दरबार सजता था और राजा कुल्लू जनपद की जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करते थे। राज शासन खत्म होने के बाद राज दरबार मेले में तबदील हो गया और पीपल जातर मेला राय री जाच (राजा का मेला) के नाम से जाना जाने लगा। वह पीपल का पेड़ भी अपनी जिंदगी का पड़ाव पूरा कर अपना अस्तित्व खो गया, अब न ही तो राज दरबार सजता है, न ही प्रजा अपना दुखड़ा सुनाती है

> अब पीपल जातर मेले में न ही तो पशु व्यापार होता है, न ही पहले की तरह व्यापार, अब यह मेला सिर्फ आधुनिक व्यापार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सिमट कर रह गया है।
> ---डॉ. सूरत ठाकुर, साहित्यकार कुल्लू

### दशहरे से पहले का इतिहास

**पीपल** जातर मेले का इतिहास दशहरा से भी पहले का है। पीपल मेला 15वीं शताब्दी से हो रहा है जबकि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का शुभारंभ 16वीं शताब्दी से शुरू हुआ है। राजा महाराजाओं के समय से शुरू हुई पीपल जातर मेले की बागड़ोर अब नगर परिषद कुल्लू के हाथ में है और नप कुल्लू की ओर से हर साल धूमधाम से मेला आयोजित किया जाता है।

लेकिन राज दरबार की याद में यहां पीपल जातर मेला आज भी मनाया जा रहा है। वसंत के बाद मनाए जाने वाले इस मेले को वसंतोत्सव के नाम से भी जाना जाता है।

बेशक हर साल 28 से 30 अप्रैल तक पीपल जातर मेला मनाया जाता है, लेकिन अब यह मेला आधुनिकता के रंग में रंग गया है। मेले में अब आधुनिक सामान ही मिलता है। लिहाजा, अब पीपल जातर मेला सिर्फ आधुनिक व्यापार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सिमटकर रह गया है। (अनंत ज्ञान)



पीपल जातर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाते हुए दर्शक।

# कलाकेंद्र में गूंजा 'छौता भूलू तेरे घौरा रे टाले' लोकगीत

## लोकगायक रमेश ठाकुर के नाम रही बसंतोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या, खूब झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में राज्य स्तरीय बसंतोत्सव ( पीपल जातर) मेले का धूमधाम से आयोजन हो रहा है। मेले में जहां खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं, वहीं तीन दिन तक सांस्कृतिक संध्याएं भी



पीपल जातर मेले में लोक गायक रमेश ठाकुर प्रस्तुति देते हुए।

कुल्लू के कलाकेंद्र में हो रही हैं। इसी कड़ी में पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोककलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। राज्य स्तरीय पीपल जातर उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक रमेश ठाकुर ने खूब धमाल मचाया। उन्होंने इस मौके पर अपने लिखे और गाए हुए गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इस मौके पर उन्होंने छौता भूलू तेरे घौरा रे टाले..तुए शुणे मेरी हे चंद्रा, सैंज म्हारा होटला रौहे तुसे ऐंदे जांदे, अम्मा जुल्ले, लोभ लागा थारा गे बांकी पडोसने आदि पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों को खूब झुमाया।

इसके साथ कुशल वर्मा ने तो पीछे हुआ बदनामा चम्बे री बामनिये, रंग बरसे बड़ा बांका, रोहड़ू जाना मेरी आमिये, ए आए ते कोटके ए आए सराजी, अम्मा जुल्ले आमा जुलले आदि गीत पेश कर दर्शकों को खूब नचाया। इस सांस्कृतिक संध्या का आगाज सूर्या सांस्कृतिक दल ने कुल्लवी नाटी प्रस्तुत कर किया। इसके माध्यम से कुल्लू की ठेठ संस्कृति की झलक देखने को मिली, जबकि उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने किया। उनका यहां नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत सहित नगर परिषद के पार्षदों ने स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में इसके बाद सोमदत्त, ओम प्रकाश, हरीश, संजय पुजारी ने भी पहाड़ी गीत पेशकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने नृत्य, गायन की प्रस्तुति देकर दर्शकों को रिझाने का प्रयास किया।

### 21 सुंदरियों ने बंगाली परिधान में रैंप पर बिखेरे जलवे



**पहली** सांस्कृतिक संध्या में इस उत्सव का विशेष आकर्षण का केंद्र स्प्रिंग क्वीन की प्रस्तुति भी रही। इस दौरान 21 सुंदरियों ने बंगाली परिधान में रैंप पर उतरकर जलवे बिखेरे। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्विंग क्वीन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जिला कुल्लू के साथ साथ प्रदेश के अन्य जिलों और दूसरे राज्य की युवतियां भी भाग लेने पहुंची है।

# रथ मैदान में बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में आयोजित हो रहे पीपल मेले में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का मंगलवार को आगाज हुआ। कुल्लू के रथ मैदान में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन कुल्लू द्वारा करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के 70 युवक-युवतियां भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद कुल्लू के वार्ड 4 का पार्षद दानवेंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया।

बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर एवं उनकी टीम ने मुख्यातिथि को कुल्लवी टोपी एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, समस्त टीम ने मुख्यातिथि के साथ आए तमाम गणमान्य लोगों का भी टोपी पहना कर सम्मानित किया गया। बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने बताया कि हर साल पीपल मेले के दौरान इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है और इस प्रतियोगिता में जिले के अनेक स्थानों से प्रतिभागी शामिल होते हैं और नगर परिषद कुल्लू द्वारा विजेताओं को भी उच्च मान सम्मान दिया जाता है। किशन ठाकुर ने नगर परिषद कुल्लू अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत एवं समस्त कमेटी का आभार जताया।

वहीं, मुख्यातिथि दानवेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी को हम आज के सबसे चिंतनीय समस्या चिट्टा आदि नशे से दूर रखने में सफल हो पाएंगे और युवा पीढ़ी भी आने वाले समय में अपना उज्ज्वल भविष्य तय कर पाएंगे और देवभूमि का नाम रोशन करेंगे।

# स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों ने फैलाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में आयोजित हो रहे पीपल जातर (बसंतोत्सव) में हर बार की तरह इस बार भी स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में शामिल युवतियों का टास्क राउंड आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय कुल्लू के अटल सदन में जहां युवतियों को टास्क राउंड बारे नप की पार्षदों ने जानकारी दी और उसके बाद युवतियां कुल्लू के ढालपुर व मीना बाजार में पहुंची, जहां पर उन्होंने बाहरी राज्यों से आये व्यापारियों व अन्य लोगों को स्वच्छता और नशे के दुष्प्रभावों इसके अलावा दुकानों और ढाबा संचालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर नगर परिषद की पार्षद अमीना राजगौड़, कुब्जा ठाकुर व शालिनी रॉय भारद्वाज ने बताया कि पीपल मेले के दूसरे दिन पर सभी प्रतिभागियों को टास्क राउंड में बाजारों में जाकर लोगों को जागरूक करने का टास्क सौंपा गया। इस दौरान स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों ने जागरूकता रैली भी निकाली, साथ ही प्रतिभागियों ने दुकानों एवं मेले में लगे पंडालों में जाकर सभी लोगों को स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत जागरूक किया गया और साथ ही नशे से दूर रहने की भी अपील की ।



स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता की प्रतिभागियों के साथ पार्षद।

### प्रतिभागियों को पसंद आया टास्क

प्रतिभागियों का भी कहना है कि इस आयोजन में भाग लेकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। खासकर लोगों के बीच में जागरूकता फैलाने का जो टास्क उन्हें दिया गया वह उन्हें बहुत ही पसंद आया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में किसी भी तरह का खर्च उनका नहीं हो रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार युवतियों की ओवरऑल डेवलपमेंट देखने के लिए उन्हें यह टास्क दिया गया था, ऐसे में सरकार और नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत ही युवतियों को दुकानों में जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का टास्क दिया गया और नशा मुक्ति का भी संदेश प्रतिभागियों द्वारा दिया गया, जिसे युवतियों द्वार बखूबी निभाया गया।

उन्होंने बताया की नगर परिषद कुल्लू द्वारा आयोजित स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से किसी भी तरह का शुल्क व अन्य कपड़ों व अन्य का किसी भी तरह का खर्च उनसे नहीं लिया जा रहा। उन्होंने बताया देर शाम टॉप टेन प्रतिभागियों का भी चयन किया जाएगा और बुधवार को स्प्रिंग क्वीन 2025 के विजेताओं का भव्य चयन किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश मौजूद रहेंगी।

# कंप्यूटर कोर्स पूरा करने पर छात्रों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

राधे राधे एजुकेशनल एंड एनवायर्नमेंटल प्रोटेक्शन सोसायटी रिवाड़ी के अंतर्गत राधे राधे इंस्टीटूशन ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी रिवाड़ी में मंगलवार को एक भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें लगभग 30 छात्रों ने 1 वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया।

दीक्षांत समारोह में राधे राधे एजुकेशनल एंड एनवायर्नमेंटल प्रोटेक्शन सोसायटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग तथा प्रशिक्षु छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस समारोह में विशेष कर 30 छात्रों को, जिन्होंने अपना 1 वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त किया, उन्हें सोसायटी के चेयरमैन डॉ. मुकेश कुमार तथा अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थान से जुड़े सभी कर्मचारी वर्ग की कर्मठता, लगन तथा दृढ़ विश्वास की सराहना की, जिनकी वजह से संस्थान के छात्रों ने अच्छे अंक लेकर अपना डिप्लोमा पूरा किया।



कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के अवसर पर शिक्षकों के साथ विद्यार्थी।

### वेटरनरी फार्मासिस्ट संस्थान रिवाड़ी के 30 छात्रों को डॉ. मुकेश ने किया सम्मानित

प्रशिक्षु छात्रों ने भी अपनी सफलता का श्रेय तथा कुशल मार्गदर्शन के लिए सभी का विशेष रूप से धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर सोसायटी की प्रधान कृष्णा देवी, राधे राधे इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की निर्देशिका सरोज शर्मा, राधे राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष, समन्वयक डॉ. निशु चौहान, आशु, तनुज, सरिता,बबिता एवं सभी सदस्य विशेषरूप से मौजूद रहे। अंत में सभी अतिथियों व प्रशिक्षु छात्रों ने संस्थान के प्रांगण में माहौल को खुशनुमा बनाकर पहाड़ी नाटी का आनंद लिया।

# भगवान परशुराम के आदर्शों का पालन करने की आवश्यकता : गौतम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला ब्राह्मण जनकल्याण सभा ने भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके शास्त्रोंक्त विधि से पूजा की और आरती की।

हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों और सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता है, खासकर आज के समय में जब समाज में बुराइयां बढ़ रही हैं। जनकल्याण सभा के अध्यक्ष देव राज ने कहा कि सभा अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सभा के महासचिव लीला गोपाल पंडित, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोक शर्मा, सभा के संविधान कमेटी के सदस्य हेमराज शर्मा, संगठन सचिव प्रदीप शर्मा, परशुराम वाहिनी के जिला संयोजक संजू शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता सुमित का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/मनाली**

समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित सुमित ठाकुर का कुल्लू से लेकर मनाली तक भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कुल्लू में जिला भाजपा के अलावा रोटरी क्लब कुल्लू सहित कॉलेज के युवाओं ने सुमित का भव्य स्वागत किया। वहीं, मनाली में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर समेत कई दिग्गज सुमित का स्वागत करने मालरोड पहुंचे। सनद रहे कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने दो अप्रैल को दिल्ली में देश के 11 युवाओं को सम्मानित किया। इनमे हिमाचल प्रदेश के मनाली के शूरु गांव के सुमित ठाकुर भी शामिल थे। सुमित ठाकुर प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

15 वर्ष की आयु से ही जिस उम्र में युवा अपना अच्छा-बुरा नहीं समझ पाते, तबसे समाज के लिए कुछ करने के भाव ने सुमित को एक अलग पहचान प्रदान की है। अल्पआयु से ही समाजसेवा के प्रति गहरा भाव रखने वाले सुमित 18 वर्ष से पूर्व रक्तदान करने की इच्छा रखते थे, मगर उम्र आड़े आती थी। 18 वर्ष के होते ही उस संकल्प को साकार करते हुए 21 बार रक्तदान कर दूसरों की जीवन में खुशियां ला चुके हैं।



सुमित ठाकुर का स्वागत कर बधाई देते हुए जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद।

भारत सरकार द्वारा एनएसएस के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजना तथा केंद्र व राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन इनके समर्पित कार्यों को देखते हुए इन्हें पुरस्कृत कर चुकी है, जो इनके कार्यों को प्रमाणिकता प्रदान करते हैं। मनाली के रोटरी चौक में उनके स्वागत के लिए पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेत्री धनेशवरी ठाकुर, नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे, रोटरी क्लब के पदाधिकारी व विभिन्न संगठन के लोग पहुंचे। मालरोड में भव्य रैली निकाली गई। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि मनाली के युवा को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना गर्व की बात है। सुमित ठाकुर ने कहा कि पुरस्कार के लिए वह केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर समाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

**कुल्लू में भी किया भव्य स्वागत :** युवा सेवा व खेल मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित रॉट्रैक्टर सुमित ठाकुर को रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू के नवनियुक्त चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता उनकी पत्नी, फाउंडर जनरल सेक्रेटरी डॉ. पीडी लाल, रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन ज्ञान बांगा,रोटेरियन पूजा मलिक, रोटेरियन अनुज मलिक, रोटेरियन राजीव सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सुमित ठाकुर को इस उपलब्धि पर टोपी, मफलर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### कर्तव्यनिष्ठा को समर्पित है पुरस्कार : अंशुल

रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पाराशर का कहना है कि यह सम्मान सुमित ठाकर को उनकी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। यह सम्मान मिलना कुल्लू जनपद के लिए ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि रोट्रैक्टर सुमित ठाकुर ने विशेषकर करोना काल में जनमानस के लिए सेवाएं प्रदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया, जिस कारण भारत सरकार ने उन्हें सम्मानित किया।

**आयोजन** मनाली में आठवीं नेशनल ओपन 'कैच एंड रिलीज' ट्रॉउट आखेट चैंपियनशिप का भव्य तरीके से हुआ समापन

# पंचायत प्रतिनिधियों व लोगों से मत्स्य अवैध आखेट पर प्रबंध में मांगा सहयोग



कार्यक्रम में गणमान्यों का भव्य स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

आठवीं नेशनल ओपन 'कैच एंड रिलीज' ट्रॉउट आखेट चैंपियनशिप-25 मनाली में संपन्न हो गई।

ट्रॉउट कंजरवेशन एंड एंगलिंग एसोसिएशन एवं हिमाचल प्रदेश एंगलिंग एसोसिएशन ने टूरिज्म डेवलपमेंट कौंसिल मनाली, कुल्लू , मत्स्य विभाग के पतलीकूहल ट्रॉउट फार्म और वन विभाग के इको टूरिज्म सोसायटी के सहयोग से 2014 में पहली बार संस्था के संस्थापक स्वर्गीय रूपेंद्र कंवर की स्मृति में कुल्लू घाटी में देश के पहले 'कैच एंड रिलीज' नियमों के अंरराष्ट्रीय मापदंड के अनुसार ट्रॉउट एंगलिंग प्रतिस्पर्धा के आयोजन का आठवां संस्करण व संवादात्मक (इंटरएक्टिव) वर्कशॉप का मनाली के रमणीय ब्यास नेचर पार्क में कुल्लू की जिलाधीश तोरुल एस रवीश के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच कश्मीर घाटी में शहीद हुए पर्यटकों के अलावा, पिछले वर्षों में स्वर्ग सिधारे संगठन के सदस्य स्व. जिम्मी जॉनसन, दिलाराम शबाब, चेतन, गोलू व राम सिंह की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मोन रख कर हुआ।

संगठन के अध्यक्ष रूप चंद कटोच ने बताया कि 'ट्रॉउट मछली के संरक्षण और संवर्धन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में जिलाधीश, कुल्लू जिला पर्यटन अधिकारी सुश्री सुनयना शर्मा, हिमाचल प्रदेश एंगलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी रलहन, पतलीकूहल ट्रॉउट फार्म के उपनिदेशक अरुणकांत वर्मा, अध्यक्ष रूप कटौच, कुल्लू ट्रॉउट फार्मर एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति सिंह जमवाल, कृष्ण समधु महासचिव और जिभी वैली (सेराज) टूरीज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधि ललित कुमार ने विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों, जनप्रतिनिधियों व पर्यटन से जुड़े हितधारकों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

इस कार्यक्रम के दूसरे दिन उपनिदेशक कार्यालय पतलीकूहल द्वारा 5000 नंबर ब्राउन ट्राउट अंगुली का नेचर पार्क मनाली मनालसु रिवर मनाली ओल्ड और बरूआ शनाग रिवर पर संग्रहण किया गया। यह संग्रहण एंग्लिंग संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति में विभाग द्वारा किया गया।

संग्रहण की दौरान पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों से मत्स्य अवैध आखेट पर प्रबंध में सहयोग करने पर भी अपील की गई। जिभी वैली पर्यटन विकास संगठन (सराज) ने अपने क्षेत्र में सरकार, स्थानीय पंचायतीराज संस्थाओं व समुदाय के साथ सहभागिता के अंतर्गत नदियों, वनों और गांव में सतत कायाकल्प करने के लिए इस वर्ष 2025-26 का 'स्वर्गीय दिलाराम शबाब रनिंग ट्रॉफी' जीतने पर बताया कि किस प्रकार बंजार घाटी का सामुदायिक पर्यटन मॉडल हर हिमालयी क्षेत्र के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सैंज नदी के ऊपरी बांध में भी ब्यास नदी में छोड़े गए ट्रॉउट मछली की अंगुलीकाओं की ही तरह ब्राउन ट्रॉउट स्टोकिंग करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम के अंतिम दिवस इस प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग के सह निदेशक पवन शर्मा एवं जिला वन अधिकारी एंजेल चौहान द्वारा संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार राजेंद्र नेगी को सबसे बड़ा कैच पकड़ने पर ट्रॉफी और 25000 रुपए का नकद राशि मुख्यातिथि द्वारा दी गई। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति जिले के वन अधिकारी अनिकेत वानवे और एसी टू डीसी संकल्प गौतम ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ चंद्रभागा की सहायक बरफानी नदियों और झीलों में ब्राउन ट्रॉउट के अंगुलीकाएं बीज की स्टोकिंग करने के बारे में चर्चा की।

# सूक्ष्म उद्योगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



भुट्टिको सहकारी सभा में नए बुनकरों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सिडवी के उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहयोग से भुट्टिको सहकारी सभा में नए 30 बुनकरों को 90 दिनों का प्रशिक्षण धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अभिनव प्रताप सिंह सिडवी विकास अधिकारी (चंडीगढ़) मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भुट्टिको के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर ने की।

मुख्य अतिथि का पारंपरिक टोपी व शॉल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 30 बुनकरों को बुनकर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा बुनाई सामग्री मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर ने मुख्य अतिथि अभिनव प्रताप सिह सिडवी विकास अधिकारी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह कार्यक्रम से बुनाई प्रशिक्षण से नए बुनकरों को इस क्षेत्र में आगे बधनर की प्रेरणा प्राप्त होती है व आर्थिकी भी मजबूत होती है। इस दौरान सूक्ष्म उद्योगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सभा निदेशक मंडल के सदस्य निर्मला देवी, आत्मा राम, कलावती, टिकम राम, सभा मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक सूरती देवी, दिनेश ठाकुर, अनूज ठाकुर, लेख राम, सोमावती, ववीता देवी, रमेश व अन्य प्रशिक्षु बुनकर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्व लोक अदालत कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले की देलगी पंचायत के मेला मैदान में 30 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से 'राजस्व लोक अदालत' तथा 'जन शिकायत निवारण कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की अंतिम तिथि को 'राजस्व लोक अदालत' एवं 'जन शिकायत निवारण कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया ताकि विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।

### ढाबे से लिए बिरयानी के दो सैंपल फेल, नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम की खाद्य सुरक्षा इकाई ने शहर के राजगढ़ रोड स्थित एक ढाबे से लिए गए बिरयानी के सैंपल सीटीएल कंडाघाट में जांच के बाद फेल पाए गए। प्रयोगशाला से दो सैंपल की रिपोर्ट हाल ही में आई है। इसमें दोनों सैंपल फेल हो गए हैं और असुरक्षित निकले हैं। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि बिरयानी में रंग का इस्तेमाल किया गया था, जिससे सेहत से खिलवाड़ हो रहा था। अब विभाग ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। संबंधित ढाबा संचालक को 30 दिन का नोटिस जारी किया गया है। ढाबा संचालक से जवाब मांगा गया है और लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहा है। खाद्य पदार्थ सैंपल असुरक्षित निकलने पर एक्ट में सजा के साथ जुर्माना का भी प्रावधान है। नगर निगम के सहायक आयुक्त डॉ. अतुल कायस्थ ने बताया कि शहर में चल रहे ढाबा के दो सैंपल फेल हुए हैं। इसमें हैदराबादी बिरयानी चिकन मसाला और मुरादाबादी चिकन बिरयानी असुरक्षित आए हैं। संबंधित ढाबा संचालक को नोटिस जारी कर दिया है। कार्रवाई की जा रही है। सैंपल के असुरक्षित आने पर सजा का प्रावधान हैं।

### वाहनों की पासिंग-ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने सिरमौर में मई 2025 में वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार नाहन में वाहनों की पासिंग 8 और 23 मई को निर्धारित की गई हैं, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 9 और 24 मई को होंगे। वहीं, पांवटा साहिब में पासिंग की तारीखें 14 और 27 मई को रखी गई हैं, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 15 और 28 मई को होंगे। राजगढ़ में पासिंग की तिथि 6 मई को रखी गई है और इसी दिन ड्राइविंग टेस्ट भी होंगे। शिलाई और कफोटा में पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 21 मई को आयोजित होंगे। संगड़ाह में पासिंग और ड्राइविंग का आयोजन 17 मई को होगा। इसके अलावा सराहां में 19 मई को पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी आरटीओ सोना चौहान ने दी। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित तिथियों पर अपने वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए उपस्थित होने आग्रह किया है।

### भगवान परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती राजगढ़ में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इसका आयोजन ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय शिरगुल मंदिर के प्रागंण में हवन यज्ञ से किया गया। इसमें ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ पदाधिकारियों ने भाग लिया। तदोपरांत शिरगुल मंदिर से पारंपरिक वाद्ययंत्रों और वेदोक्त मंत्रों के साथ शिरगुल चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें एसडीएम राजगढ़ राजकुमार, जिप सदस्य सतीश ठाकुर सहित समाज के सभी वर्गों के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ के अध्यक्ष हरदेव भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

### आतंकी हमले में मारे पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पहलगाम में कायर आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों पर किए गए कायराना कत्लेआम के विरोध में रोष स्वरूप व दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु सराहां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आंचल प्रमुख विनोद शर्मा के नेतृत्व में समस्त हिंदू समाज ने सराहां बाजार में एक रोष रैली निकाली। इस अवसर पर लोगों में गहरा रोष व्याप्त रहा। लोगों ने भारत सरकार से आतंकवादियों व उनके आकाओं पर जल्द से जल्द पुख्ता कार्रवाई करने की मांग की और देश के गद्दारों को सख्त से सख्त देने की मांग की। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुणाल गर्ग के आह्वान पर दोपहर 12 से सायं 3 बजे तक सराहां के दुकानदारों ने अपने व्यापारिक संस्थान बंद रखे गए। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने रैली में भाग लेकर अपना विरोध व रोष प्रकट किया। रैली में आंचल श्री रेणुकाजी, सोलन व जामन की सैर, सराहां, नारग व नौनी के लोग भी उपस्थित थे।

### रेणुका व पांवटा में अवैध शराब पकड़ी, दो धरे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में रेणुका व पांवटा में 19 लीटर अवैध शराब पकड़ी बरामद करके दो आरोपियों को हिरासत में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव नारीवाला में शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति सुनील कुमार पुत्र दवेंद्र कुमार निवासी गांव खारा, जामनीवाला के कब्जे से रबड़ की ट्यूब के अंदर रखी 15 लीटर नाजायज शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ के पुलिस थाना पुरुवाला में मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस थाना रेणुका जी की टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर खैरी चैंगन सड़क पर एक व्यक्ति सोमप्रकाश उर्फ सही राम पुत्र श्री जागर सिंह निवासी गांव खैरी चैन्गन, ददाहू के कब्जे से प्लास्टिक की कैनी में रखी 4 लीटर नाजायज शराब पकड़ी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना रेणुका जी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

### माजरा में शहीद राजेश को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब के द्वारा अमर शहीद राजेश वर्मा शौर्य चक्र को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहीद स्मारक गांव माजरा दोसड़का में बना है। भारतीय सेना की फर्स्ट पैरा कमांडो में सेवारत हुए सेवाकाल के दौरान 2002 में आपके अदम्य साहस व वीरता को देखते हुए आतंकवादियों की मुठभेड़ के दौरान आपने कई आतंकवादियों को मार गिराया आपकी वीरता को देखते हुए भारतीय सेना ने आपको शौर्य चक्र से सम्मानित किया। पूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब शिलाई के पूर्व सैनिकों ने करनैल सिंह की अध्यक्षता में शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर शहीद राजेश वर्माकी पत्नी राखी वर्मा और भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा-शिलाई से अध्यक्ष करनैल सिंह, उपाध्यक्ष नरेन्द्र ठुंडू, कोषाध्यक्ष तरुण गुरंग, दिनेश ठुंडू, निर्मल सिंह व मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था निदेशक अनुराग गुप्ता व अध्यक्षा पुष्पा खंडुजा एवं अन्य सदस्य तथा शिव कांवड़ समिति माजरा से नीरज बंसल और कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अंतरजातीय विवाह की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का समर्थन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा अर्की की बैठक अर्की में हुई। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया जाए जिसमें अनुसूचित जाति/ जनजाति और सामान्य वर्ग के युवाओं के बीच अंतरजातीय विवाह होने पर जो प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख कर दी गई है, उसके लिए सरकार का धन्यवाद किया जाए, साथ ही इस बारे नोटिफिकेशन भी जल्दी से जल्दी जारी की जाए ताकि इन युवाओं को सरकार की इस योजना का लाभ मिल सके। यह भी निर्णय लिया गया कि जो असामाजिक तत्व हिमाचल में अराजकता तथा सामाजिक भाईचारे को खराब करने में लगे हैं, उनके प्रति कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### बद्दी में प्रवासी चचेरे भाइयों की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी के शिवालिक नगर में किराये के मकान में रह रहे दो प्रवासी चचेरे भाइयों की संदिग्ध हालात में मौत में एसएफएसएस जुंगा की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता लगेगा। मृतकों की पहचान अरविन्द पुत्र सुरेन्द्र निवासी नंद गांव डाकघर कुंवरगांव तहसील व जिला बदायुं उत्तर प्रदेश व गिरीश पाल पुत्र हरपाल पता गांव डा. कुंवरगांव तहसील व जिला बदायुं से हुई। परिजनों ने बताया कि दोनों ने ड्यूटी से आने के बाद एनर्जी ड्रिंक पी थी और नमकीन खाई थी। इसके बाद उनके शरीर का तापमान काफी ज्यादा बढ़ गया और पसीना आने लगा। परिजनों ने बेहोशी की हालत में दोनों को इलाज के लिए बद्दी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बद्दी अस्पताल के एसएमओ डॉ. एमएस चौहान ने बताया कि दोनों का शरीर नीला पड़ गया था। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# सोलन अस्पताल में नहीं हो रहे टेस्ट

## क्रस्ना लैब के कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, काम रोका, मरीज हो रहे परेशान

**आर मोहन चौहान, सोलन**



क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में टेस्ट नहीं होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में स्थापित क्रस्ना लैब में रोगियों को टेस्ट की सुविधा नहीं मिलने से मरीजों को भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि 12 बजे के बाद टेस्ट के सैंपल ही नहीं लिए। मरीजों को निजी क्लीनिकों में जाकर टेस्ट करवाने पड़े। इससे मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए खासी परेशानी झेलनी पड़ी। निजी लैब में टेस्ट करवाने से निशुल्क होने वाले टेस्ट के भी पैसे देने पड़े।

क्रस्ना लैब के कर्मियों तीन दिन से हड़ताल की हुई है। हालांकि इसका अल्टीमेटम अस्पताल प्रशासन को नहीं दिया है। हैरत की बात तो यह है कि क्रस्ना लैब में टेस्ट सुविधा न मिलने से अस्पताल की सरकारी लैब का समय भी नहीं बढ़ाया गया है। वहीं, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन जारी नहीं होगा, तब तक अस्पताल में जांच के लिए सैंपल नहीं लिए जाएंगे, लेकिन इसका सीधा असर मरीजों पर पड़ गया है।

अस्पताल में सोमवार को दोपहर 12 बजे के बाद टेस्ट की सुविधा नहीं मिली। इस कारण मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। केवल आपातकालीन कक्ष में आने वाले मरीजों के ही सैंपल लिए गए। गौर रहे कि क्षेत्रीय अस्पताल जिले का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। यहां पर सोलन ही नहीं, बल्कि सोलन व सिरमौर जिले के कई क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों को चिकित्सक उपचार के बाद टेस्ट लिखते हैं। अस्पताल में सुबह साढ़े 9 से दोपहर 12 बजे तक सरकारी लैब में टेस्ट होते हैं।

इसके बाद क्रस्ना लैब में टेस्ट की सुविधा दी जाती है, लेकिन अस्पताल में क्रस्ना लैब फिर एक बार चर्चाओं में आ गई है। क्रस्ना लैब कर्मचारियों ने प्रबंधकों के खिलाफ वेतन को लेकर खोले मोर्चा के कारण मरीजों को टेस्ट की सुविधा ही नहीं दी, लेकिन मुफ्त में मिलने वाले टेस्ट के लिए भी मरीजों को निजी लैब में पैसे देकर करवाने पड़े। (अनंत ज्ञान)

### कर्मचारियों का आरोप-सैलरी के बजाए मिल रहे आश्वासन

**कर्मचारियों** ने बताया कि अब कंपनी ने सोमवार देर शाम तक वेतन देने के लिए कहा है, लेकिन टेस्ट रुकने के कारण अधिक दिक्कतें आ गई है। सोमवार को अस्पताल में पंजीकरण काउंटर पर टेस्ट करवाने के लिए कहा तो कर्मचारियों ने उन्हें मना कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है, कंपनी रोजाना आश्वासन दे रही है, लेकिन वेतन नहीं दे रही है।

> क्रस्ना लैब प्रबंधक से बात की गई है। कर्मचारियों की सैलरी देने के लिए कहा है, साथ ही कर्मचारियों को मरीजों के टेस्ट करने का आग्रह किया है ताकि मरीजों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।
> -डॉ. राकेश पवार, चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल सोलन।

## प्रियंका वर्मा ने संभाला सिरमौर के उपायुक्त का कार्यभार

### विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिले के विकास के लिए प्राथमिकताएं तय करते हुए प्रियंका वर्मा ने सिरमौर जिले के उपायुक्त का कार्यभार संभाला। वह नई जिम्मेदारी को लेकर उत्साहित हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) की निदेशक के रूप में सेवाएं दे रहीं प्रियंका वर्मा इससे पहले 2019 में सिरमौर में अतिरिक्त उपायुक्त के तौर पर अपनी कुशलता का परिचय दे चुकी हैं। कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने जिले के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

प्रियंका वर्मा के पास एसडीएम कंडाघाट, एसडीएम बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) में निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का समृद्ध अनुभव है। उनके अनुसार, इस अनुभव का लाभ सिरमौर जिले के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत ढांचे के विकास में मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

**एनआरएचएम** निदेशक के तौर पर कार्य करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कार्यों का अनुभव प्रियंका वर्मा सिरमौर में भी लागू करेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जनसाधारण के लिए उन्हें अधिक सुलभ बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने की बात कही, साथ ही, पारदर्शी संवाद और आम जनता की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देने का भी संकल्प व्यक्त किया।

चंबा जिले से ताल्लुक रखने वाली प्रियंका वर्मा ने कहा कि डीसी बनना उनके पिता का सपना था, जिसे उन्होंने साकार किया है। उन्होंने सिरमौर के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वह पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी, साथ ही उन्होंने सभी हितधारकों से सहयोग की अपेक्षा जताई ताकि सामूहिक प्रयासों से सिरमौर को विकास के पथ पर अग्रसर किया जा सके।

## वीरों की भूमि शिलाई में शहीद स्मारक निर्माण की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

सिरमौर जिले के गिरिपार के शिलाई विधानसभा क्षेत्र से यहां के वीर सैनिकों ने वीरता और शौर्य का समय-समय पर बखूबी परिचय दिया है। इस कारण यहां पर अब शहीद स्मारक बनाने की मांग तेज हुई है। वर्ष 2013 में शहीद हुए सैनिक शहीद श्याम सिंह जो 9 पैरा में भर्ती हुए थे, उन्होंने देश के लिए शहादत पाई थी, जो राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी भी रहे हैं, तो वहीं गिरिपार से अभी तक सात शहीदों ने शहादत पाई है।

इन शहीदों के शहीद कल्याण सिंह, शहीद प्रमोद सिंह, शहीद श्याम सिंह, शहीद भरत सिंह, शहीद अनिल कुमार, शहीद टीका राम, शहीद बलवीर सिंह जिसमें से शहीद कल्याण सिंह के अलावा किसी भी शहीद के नाम कोई संस्थान या कोई शहीद स्मारक नहीं बनाया गया है। इन संस्थान का नाम करने से युवाओं एवं समाज में उनकी यादें एवं वीरता की शौर्य गाथाएं हमेशा जनता एवं युवाओं में स्मरण एवं प्रेरणा मिलती रहती, तो वहीं शिलाई क्षेत्र में अभी तक प्रशासन की ओर से शहीद स्मारक तक नहीं बन पा रहा है, जो स्मारक शहीद श्याम सिंह के नाम से बना है, वह भी शहीद परिवारजनों ने अपने गांव बादली में अपने निजी खर्च से शहीद स्मारक का निर्माण करवाया है।

समाजसेवी एवं अधिवक्ता सुरेंद्र हिन्दुस्तानी, जेलदार प्रताप सिंह तोमर, जगत तोमर, व्यवसाई इंद्र तोमर, जय ठाकुर, पूर्व सैनिक हितेंद्र नेगी, शिक्षाविद तपेंद्र नेगी, व्यवसाई महेश्वर नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर हेमराज राणा, अमित तोमर, युवा राजनेता राहुल चौहान, समाजसेवी राजेंद्र ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अजय नेगी, पूर्व प्रधान भवान सिंह, व्यवसाई इंद्र सिंह, पूर्व जिप सदस्य रंजीत नेगी, पूर्व जिप सदस्य जितेंद्र राणा समाजसेवी प्रो. अमर सिंह चौहान, समाजसेवी कुंदन सिंह शास्त्री, प्रधानाचार्य बसंत राणा, प्रधानाचार्य कृष्ण पराशर, अधिवक्ता सुखराम ठाकुर, सेनाधिकारी मोहन शर्मा आदि ने भी शिलाई में शहीद स्मारक पैरवी की है।

## 1.310 किलोग्राम चरस सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन पुलिस की गिरफ्त में आए चरस तस्करी के आरोपी।

जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम पुलिस थाना कंडाघाट के क्षेत्राधिकार में मौजूद थी तो उक्त टीम को सूचना मिली कि एक गाडी नंबर एचआर-21जी-0577 स्विफ्ट डिजायर गौड़ा स्कूल के पास खड़ी है, जिसमें प्रकाश ठाकुर रविंद्र शर्मा व राजेश पांडे नाम के व्यक्ति सवार है तथा उक्त तीनों व्यक्ति चरस को अवैध कारोबार में संलिप्त है और आज भी उपरोक्त तीनों व्यक्ति भारी मात्रा में चरस को सप्लाई करने के लिए लाए हैं, जो गौड़ा क्षेत्र में लोगों को सप्लाई करने की फिराक में हैं।

इस सूचना पर विशेष अन्वेषण इकाई की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मुकाम गौड़ा स्कूल के पास खड़ी उपरोक्त गाड़ी में बैठे तीनों व्यक्तियों जिनके नाम व पते प्रकाश ठाकर पुत्र लायक राम निवासी गांव कोट डाकघर चंबी तहसील चौपाल जिला शिमला उम्र 55 वर्ष, रविंद्र शर्मा पुत्र स्व. जय राम निवासी गांव धमांदर डाकघर भडोली तहसील राजगढ़ जिला सिरमौर उम्र 56 वर्ष व राजेश पांडे पुत्र सेवा राम पांडे निवासी गांव सेवग, डाकघर बलग तह. ठियोग जिला शिमला उम्र 41 वर्ष को काबू करके 1.310 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में मामला दर्ज किया गया। इस मामले में संलिप्त गाड़ी को जब्त किया गया।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके 3 दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पूर्व के अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## नाहन एक्स-कंट्री रेस का दूसरा संस्करण 11 को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नाहन में साहसिक खेल प्रेमियों के लिए रोमांच से भरा मौका आने वाला है। 11 मई, 2025 को 'नाहन एक्स-कंट्री रेस' का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन समुद्र तल से लगभग 4000 फुट की ऊंचाई पर अल्टीमेट सर्वाइवल कैंपसाइट, राजगढ़-बनेठी नाहन के पास स्थित इको टूरिज्म फॉरेस्ट हाउस के समीप होगा। यह रन एंड राइड इवेंट बनेठी और जमटा के बीच आयोजित होगा।

प्रतिभागियों के लिए इवेंट टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, प्रमाण पत्र और दौड़ के बाद नाश्ता भी उपलब्ध रहेगा। कोर्स के दौरान हाइड्रेशन स्टेशन, प्राथमिक चिकित्सा सहायता और एंबुलेंस की सुविधा सुनिश्चित की गई है। 5 किलोमीटर के रूट पर 4 पानी के स्टेशन हैं।

## अक्षदीप ने आईआईएम सिरमौर से प्राप्त की एमबीए की डिग्री



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के अक्षदीप सिंह ने आईआईएम सिरमौर के नौवां दीक्षांत समारोह में जनरल मार्केटिंग से एमबीए की डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर विपिन सोंधी चेयरमैन नेशनल बोर्ड फॉर क्वालिटी प्रमोशन एवं चेयरमैन सीआईआई ग्रीन मोबिलिटी काउंसिल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं समारोह की अध्यक्षता आईआईएम सिरमौर के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष अजय एस श्रीराम ने की।

पांवटा साहिब के व्यवसायी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है कि जिसने उनका नाम रोशन किया है तथा आईआईएम सिरमौर से एमबीए की डिग्री प्राप्त की तथा कैंपस इंटरव्यू के दौरान ही उनकी प्लेसमेंट हो गई है।

## भारतीय भूतपूर्व सैनिक लीग ने सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय भूतपूर्व सैनिक लीग हिमाचल साउथ जोन एवं जिला सैनिक लीग सोलन के प्रतिनिधिमंडल ने सेवानिवृत्त सैनिकों एवं उनके परिवारों पर हो रहे हमलों के विरुद्ध उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति एक ज्ञापन प्रेषित किया है। इसमें 17 अप्रैल, 2025 बेंगलुरु में वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस एवं उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता पर हमले की निंदा की गई। इसी तरह 10 मार्च, 2025, पटियाला (पंजाब) में कर्नल पुष्पेंद्र बात और उनके बेटे पर पुलिस कर्मियों द्वारा हिंसक हमला किया गया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि देशभर में सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों तथा उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने, प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने, दोषियों पर त्वरित एवं पारदर्शी कानूनी कार्रवाई और रक्षा समुदाय के साथ नियमित संवाद व जागरूकता बैठकों का आयोजन किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश को भी भेजी गई ताकि हमारे राज्य में समय रहते उचित सुरक्षा और संरचना विकसित हो सके। यह पहल सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा, उपाध्यक्ष, भारतीय भूतपूर्व सैनिक लीग हिमाचल साउथ जोन तथा अध्यक्ष, जिला भूतपूर्व सैनिक लीग सोलन सदर के नेतृत्व में की गई। ज्ञापन में अनेक वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों एवं इकाई प्रतिनिधियों ने भी समर्थन दिया।



डीसी को ज्ञापन सौंपते लीग के सदस्य।

## जिला स्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोले शांडिल

## खेल- शिक्षा के सामंजस्य से ही युवा बनते हैं उत्तरदायी नागरिक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आईटीआई सोलन में खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि खेल और शिक्षा का समुचित सामंजस्य ही एक युवा को उत्तरदायी नागरिक बनाता है। डॉ. शांडिल आज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों, छात्रों, अध्यापकों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व सभी को परशुराम जंयती की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने हम सभी को उचित मार्ग पर चलने का संदेश दिया और इस संदेश को जीवन में अपनाना चाहिए। इस प्रतियोगिता में जिले के 16 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 372 छात्र भाग ले रहे हैं।डॉ. शांडिल ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि सोलन जिले में चरणबद्ध विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन के प्रधानाचार्य ललित कुमार शर्मा ने बताया कि सोलन जिले में 24 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

**सहभागिता** शूलिनी विवि में छात्रों के लिए वाईकेसी पुस्तकालय में बुक हंट आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत निखिल उत्तम रहे अव्वल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विवि में बुक हंट कार्यक्रम में सम्मानित करते चांसलर।

शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद ज्ञान केंद्र (वाईकेसी) ने छात्रों के लिए एक इंटरेक्टिव बुक हंट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के साथ छात्रों की सहभागिता को बढ़ाना था, ताकि इसके विशाल संसाधनों की खोज को एक मजेदार और खेल-खेल में सीखने के अनुभव में बदला जा सके। विश्वविद्यालय के सभी संकायों के कुल 706 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, सुराग सुलझाए और पुस्तकालय के विभिन्न वर्गों में पुस्तकों की खोज की। इस कार्यक्रम ने पुस्तकालय को रोमांच, खोज और सीखने के एक जीवंत स्थान में बदल दिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा में, फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय के निखिल उत्तम अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार के विजेता के रूप में उभरे। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा सुरभि ने अपने प्रभावशाली प्रयासों से दूसरा पुरस्कार हासिल किया, जबकि बी.फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र निश्चय तोमर ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। इसके अलावा, पूरे आयोजन में उनकी उत्साही भागीदारी और उत्साह के लिए 11 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने भाग लिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रो. सुनील पुरी रजिस्ट्रार, ब्रिगेडियर सुनील मेहता, पूनम नंदा, निदेशक स्थिरता, प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा डीन छात्र कल्याण और एनडी शर्मा के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के प्रमुख, डीन और निदेशक शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और पहल की सराहना की।

विजेताओं का चयन डॉ. जेएम जुल्का, डॉ. नमिता गंडोत्रा और डॉ. शरद के एक प्रतिष्ठित निर्णायक पैनल द्वारा किया गया।

बुक हंट कार्यक्रम का आयोजन कर्नल टीपीएस गिल निदेशक, वाईकेसी और लाइब्रेरियन पूजा ठाकुर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया था, जिसमें लाइब्रेरी टीम के सदस्यों नीलम ठाकुर, राकेश शर्मा और नेहा ठाकुर का सक्रिय सहयोग था। इस पहल का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस द्वारा नीरज गंडोत्रा के नेतृत्व में वाईकेसी लाइब्रेरी टीम के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध समृद्ध संसाधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन संसाधनों का अधिक सक्रिय रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का मंच संचालन शूलिनी विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस के सहायक प्रोफेसर डॉ. शरद ने किया।

## भद्रिका आश्रम शालामू ने कोटला बारोग स्कूल को प्रदान किया जिम का सामान

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आश्रम ने स्कूल को प्रदान किया जिम का सामान।

सिरमौर जिले के अंतर्गत दारो देवरिया पंचायत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बारोग को एक बड़ी सौगात मिली है। भद्रिका आश्रम ने विद्यालय को टेबल टेनिस सेट और जिम का सामान प्रदान किया है, जिसकी कीमत लाखों रुपए में है। ये सुविधाएं छात्रों को खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेंगी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने भद्रिका आश्रम के इस दान के लिए आभार व्यक्त किया है। विगत दिनों प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी के नेतृत्व में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद राम शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत दारू देवरिया देवेंद्र कुमार कंवर और शारीरिक शिक्षक मनोज चंदेल ने बद्रीका आश्रम के ट्रस्टी साध्वी श्रद्धा ओम और राजीव मित्तल से मुलाकात की। शारीरिक शिक्षक मनोज चंदेल ने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेलों में प्राप्त उपलब्धियां और इन खेलों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया।

भद्रिका आश्रम के ट्रस्टी राजीव मित्तल और साध्वी श्रद्धा ओम ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई और तुरंत टेबल टेनिस सेट और जिम सेट विद्यालय को प्रदान किया। विधायक रीना कश्यप, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोविंद राम शर्मा, पंचायत प्रधान देवेंद्र कुमार कंवर, कोटला बारोग के अध्यापकों ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक कार्य हेतु भद्रिका आश्रम शालामू द्वारा दिया जा रहा सहयोग काबिलेतारीफ है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुकट हॉस्पिटल एंड हार्ट इंस्टीट्यूट में लैब की शुरुआत



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कार्डियक साइंसेज के क्षेत्र में एक अग्रणी और प्रतिष्ठित संस्थान मुकट हॉस्पिटल एंड हार्ट इंस्टीट्यूट, चण्डीगढ़ ने एक बार फिर अत्याधुनिक तकनीक को अपनाते हुए फिलिप्स अज्यूरियन कैथ लैब की शुरुआत की है। कैथ लैब भारत में गिनी-चुनी जगहों पर ही उपलब्ध है तथा यह तकनीक कॉरपोरेट हेल्थकेयर सेक्टर में चंडीगढ़ के लिए एक नई उपलब्धि है। नीदरलैंड की यह फिलिप्स अज्यूरियन तकनीक इमेज-गाइडेड इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं में सबसे कम विकिरण के साथ अत्यधिक स्टीकता, सुरक्षा और दक्षता प्रदान करती है, जिससे हृदय, रक्त नलिकाओं और न्यूरोलॉजिकल संबंधी जटिल प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी रूप से की जा सकती हैं। इस नई सुविधा का उद्घाटन आज अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि इंद्र सिंह ने वरिष्ठ डॉक्टरों, अस्पताल प्रशासन और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि फिलिप्स अज्यूरियन कैथ लैब की स्थापना मुकट हॉस्पिटल एंड हार्ट इंस्टीट्यूट में चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए विश्वस्तरीय कार्डियक देखभाल को और नजदीक लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई कैथ लैब में फ्लैट डिटेक्टर तकनीक, रियल टाइम इमेज प्रोसेसिंग, सहज यूजर इंटरफेस, तेज गति से स्थिति बदलने की क्षमता, मरीज के अनुभव को बेहतर बनाने वाला शांत सुपर कूल जनरेटर और एक्स-रे बीम फिल्टर्स के साथ डॉक्टरों, स्टाफ और मरीजों के लिए न्यूनतम विकिरण आदि कई अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

### कांग्रेस ने की संपत्ति कर वापस लेने की मांग



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच एस लक्की के नेतृत्व में आज नगर निगम चंडीगढ़ के कांग्रेस पार्षदों की प्री-हाउस मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोग से लगाए गए प्रॉपर्टी टैक्स को पूरी तरह वापस लेने की मांग की जाए। हालांकि जनता के विरोध के बाद कर में आंशिक कमी की गई, लेकिन कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह कटौती अपर्याप्त है और आम जनता के हितों की पूर्ति नहीं करती। लक्की ने सभी कांग्रेस पार्षदों को निर्देश दिया कि वे कल होने वाली हाउस मीटिंग में अपना विरोध मजबूती से और स्पष्ट रूप से व्यक्त करें। उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स में मनमानी और अनुचित वृद्धि के खिलाफ पार्टी के लगातार रुख को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस ऐसी किसी भी नीति को बर्दाश्त नहीं करेगी जो चंडीगढ़ के नागरिकों पर बोझ डालती हो।

### सरसों से लदा ट्रक लेकर चालक फरार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** मुरथल क्षेत्र से हैरान करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक ट्रक चालक लगभग 350 क्विंटल सरसों लेकर फरार हो गया। यह सरसों हैफेड मुरथल से लोड कर आदमपुर मंडी, जिला हिसारभेजी जानी थी, लेकिन ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा। श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज में कार्यरत राहताश कुमार ने मंगलवार को थाना मुरथल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म को हैफेड मुरथल से दो ट्रकों में सरसों की खेप मिलनी थी। इसके लिए उन्होंने 24 अप्रैल को आदमपुर के एमटीसी ट्रांसपोर्ट के मालिक रामनिवास से बात की। ट्रांसपोर्टर ने दो ट्रक बुक कर दिए। शिकायत के आधार पर एएसआई सुशीलने मामले की जांच की। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# सिख गुरुओं की शिक्षाओं को प्रचारित प्रसारित कर रही प्रदेश सरकार : सीएम सैनी

## केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा सरकार भी उन्हीं का अनुसरण करते हुए सिख समाज की भलाई के लिए अनेक कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार सिख गुरुओं की शिक्षाओं को प्रचारित व प्रसारित करने का काम कर रही है और सिख समाज के इतिहास को संजों कर रखने का भी काम किया जा रहा है।



सैनी मंगलवार को अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में सिख समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में विकास की राह पर तीव्र गति से बढ़ रहा है। इसी तरह से हरियाणा में भी विकास की गति का पहिया तेजी से घूम रहा है। इस विकास को और अधिक गति देने के लिए हम सभी ने मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी हैं। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है और पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ रुपए दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ रुपए दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में बन रहे मेडिकल कालेज का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा गया है। इसी तरह से बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के नाम से लोहगढ़ में म्यूजियम बनाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा और वही लोहगढ़ में मार्शल आर्ट स्कूल का निर्माण करवाया जाएगा। इसी तरह से नाडा साहिब से पोंटा साहिब सड़क का नाम श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के नाम से रखा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कुरुक्षेत्र में सिख म्यूजियम बनाने के लिए जमीन चिन्हित कर ली है। इस म्यूजियम में सिख इतिहास से जुड़ी धरोहर संरक्षित की जाएंगी, जिससे युवाओं को इतिहास की जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सिख समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि आपके द्वारा रखी गई मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद और सरदार तिरलोचन सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## हाउसिंग बोर्ड निवासियों की समस्याओं को जल्द किया जाए हल : टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के निवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हाउसिंग बोर्ड के सीईओ अजय चगती से भेंटवार्ता की और विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा और ज्ञापन भेंट किया।

प्रतिनिधिमंडल में हाउसिंग बोर्ड के पूर्व सदस्य प्रेम कौशिक, वीं के निर्मल, रमन शर्मा, डॉ. अनीश गर्ग, कमल आहलूवालिया विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस भेंटवार्ता की जानकारी प्रदान करते हुए डॉ. अनीश ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने हाउसिंग बोर्ड निवासियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में माननीय सुप्रीम कोर्ट की रुलिंग से पूर्व जिन लोगों ने वायलेशन को रेगुलर करने के लिए आवेदन कर रखा था उनके प्रति चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड सकरात्मक और लचीलापन की पद्धति के आधार पर उनको राहत प्रदान करे, इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड द्वारा हाउसिंग बोर्ड के मकानों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करवाते समय वायलेशन के जो नोटिस भेजे जा रहे हैं उनको रोका जाए। इनको जारी करने से हाउसिंग बोर्ड का रेवेन्यू में घाटा हो रहा है और इनको रोकने से हाउसिंग बोर्ड अपनी रेवेन्यू को बढ़ा सकता है। हाऊसिंग बोर्ड के जो मकान 50 साल से ज्यादा पुराने हो चुके हैं उनके बारे में विचार किया जाना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह मकान लगभग अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि वायलेशन के विरुद्ध की जाने वाली बेनामी और अनजान व्यक्तिगत शिकायतों को हाउसिंग बोर्ड द्वारा संज्ञान नहीं लेना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुनने के उपरांत चगती ने आश्वासन दिया कि वह उनकी प्रमुख मांगों को संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके सकरात्मक कदम उठाएंगे।

## पैदल मार्ग पर खच्चरों के लिए गरम पानी और विश्राम की होगी व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**गंगोत्री और यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ आज से चारधाम यात्रा शुरु**

गंगोत्री ओर यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा, शुरु होने जा रही है। चारधाम यात्रा, उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल-लॉज संचालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। इस बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े खच्चरों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं, पैदल मार्ग के 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है। यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण किया गया है।

यमुनोत्री यात्रा में इस्तेमाल होने वाले घोड़े खच्चरों की जांच, टीकाकरण, चिकित्सकीय सहायता एवं उपचार की व्यवस्था के लिए जानकीचट्टी में अस्थाई पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है। केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुड, भीमबली, लिचौंली और रुद्र प्वाइंट में पांच प्री पेड बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा चंडीगढ़ भारत रत्न अटल जिला के अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से रोष प्रदर्शन किया गया जिसमें पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद असीम मुनीर के साथ साथ पाकिस्तान का झंडा भी जलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र जोशी जी, मंडल 31 अध्यक्ष, स्ट मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमित खैरवाल, ऐसी मोर्चा प्रदेश सचिव सुनील बागड़ी व जिला और मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आनंद बर्द्धन ने शहर के 10 चौराहों में सुधार करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों की भी अद्यतन जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि देहरादून शहर की यातायात संकुलन की समस्या को दूर करने हेतु तैयार योजना को धरातल पर शीघ्र से शीघ्र उतारा जाए। मुख्य सचिव ने सचिव लोक निर्माण विभाग को शहर के यातायात संकुलन वाले चिन्हित 10 चौराहों में सुधार के लिए शीघ्र कार्यवाही शुरू करते हुए डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी एवं एसएसपी देहरादून को यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने एमडीडीए को आढ़त बाजार को शिफ्ट किए जाने हेतु कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि लोगों एवं आने वाली पीढ़ी में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु यातायात पार्क तैयार किए जाएं। उन्होंने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाए जाने और यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए भी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौड़ी की गयी सड़कों के किनारे फिर से वाहन खड़े हो रहे हैं, जिससे हालात पूर्व की भांति हो गए हैं। उन्होंने कहा गलत पार्किंग पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी देहरादून अजय कुमार, प्रबंध निदेशक उत्तराखंड रोडवेज रीना जोशी एवं उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से बृजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### कनाडा में लापता भारतीय छात्रा की मौत

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में तीन दिन पहले लापता हुई 21 वर्षीय भारतीय छात्रा मृत पाई गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक पोस्ट में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत की पुष्टि की। पोस्ट में कहा कि 'ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका के निधन की सूचना से हमें गहरा दुःख हुआ है। संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।' उच्चायोग से जुड़े एक भारतीय-कनाडाई संघ द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के अनुसार, वंशिका पिछले शुक्रवार को ओटावा में '7 मैजेस्टिक ड्राइव' स्थित अपने आवास से किराये का कमरा देखने के लिए रात करीब आठ से नौ बजे के बीच निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व आईपीएस अफसर संजीव की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आइपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1990 में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के मामले में जमानत और उम्रकैद की सजा को सस्पेंड करने की मांग की थी। संजीव भट्ट 1990 में गुजरात के जामनगर जिले में एडिशनल एसपी थे। उन्होंने वहां सांप्रदायिक दंगा भड़कने के बाद लगभग 133 लोगों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक प्रभुदास वैष्णानी की हिरासत से रिहा होने के बाद मौत हो गई। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि भट्ट और अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में प्रताड़ित किया। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## पीयूष गोयल ने ब्रिटेन के साथ सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा



**एजेंसी, लंदन**

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन के साथ अधिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए व्यापार जगत के लोगों के साथ अपनी बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों पर चर्चा की। गोयल दो दिवसीय लंदन यात्रा पर हैं। मंत्री ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बैठक की। इसके बाद सोमवार को वित्त प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेवोल्यूट के प्रमुख मार्टिन गिल्बर्ट और 'रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में वैश्विक रुझानों' पर ध्यान केंद्रित करते हुए डी बीयर्स समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अल कुक के साथ चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के दो उग्रवादी किए गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और जिरीबाम जिलों से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के लंगथबल इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक मैगजीन बरामद की गई है, जिसमें 7.65 एमएम की दो गोलियां थीं। पुलिस ने बताया कि जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक उग्रवादी को को असम के कछार जिले की सीमा से लगे जिरीबाम जिले के जिरीबाम बाजार से गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

## टैलेंट, टेंपरामेंट और टेक्नोलॉजी बदलेगी भारत का भविष्य : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मंडपम में युग्म इनोवेशन कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेंपरामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी।

हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है। मोदी ने कहा कि हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं, इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो।

युग्म कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके। कॉन्क्लेव के जरिए गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है। इसके लिए कॉन्क्लेव में हाई लेवल मीटिंग्स और पैनल डिस्कशन होंगे। इनमें सरकारी अधिकारी, प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

## विभाजनकारी ताकतों की पहचान कर उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए : महबूबा

**एजेंसी, श्रीनगर**

**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाली विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बताया कि उन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे कश्मीरी छात्रों के फोन आ रहे हैं, जो डरे हुए हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर जाने की सलाह दी है, जबकि कुछ ने ऐसा नहीं किया है।

महबूबा मुफ्ती ने गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और जब तक छात्र सुरक्षित घर वापस ना लौट आएं तब तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

## असम में पाकिस्तान का समर्थन करने पर 27 लोग गिरफ्तार, एक विधायक भी शामिल

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत में रहकर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में राज्य में अब तक कम से कम 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने बताया कि गिरफ्तारियों की यह संख्या सोमवार रात तक की है। शर्मा ने एक्स पर कहा कि अब तक 27 देशद्रोही पकड़े गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक अमीन-उल-इस्लाम भी शामिल हैं, जिन पर पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का कथित रूप से बचाव करने के लिए राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस की विशेष संसद सत्र की मांग खड़गे व राहुल ने लिखा पीएम को पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुए हालत के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए, ताकि आतंकवाद के खिलाफ देश के सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति को व्यक्त किया जा सके। पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार रात प्रधानमंत्री को को पत्र लिखकर यह आग्रह किया। खड़गे ने कहा कि इस समय, जब एकता और एकजुटता जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि जल्द से जल्द संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाए। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकवादी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति की एक दृढ़ अभिव्यक्ति होगी। (अनंत ज्ञान)

## संसद की सुरक्षा में सेंध : आरोपियों की जमानत याचिका पर 7 मई को सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**


**दिल्ली** हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध से जुड़े मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा। जमानत याचिकाएं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। पीठ को अभियोजन पक्ष ने सूचित किया कि उसकी ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता को बहस करनी है लेकिन वह आज उपलब्ध नहीं हैं।

अदालत ने अभियोजन पक्ष के स्थगन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि वह मामले में एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत याचिकाओं पर सात मई को सुनवाई करेगी। आजाद के वकील ने स्थगन अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि 'यह विलंब करने की रणनीति है' और ऐसा आचरण देश के लिए अच्छा नहीं है लेकिन अदालत ने उनसे कहा कि बस कीजिए, आपने हमें परेशान कर दिया है। इससे पहले, अदालत ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या 'स्मोक कैन' (धुआं छोड़ने वाला स्प्रे), जो जानलेवा नहीं होता, उसे ले जाना या उसका इस्तेमाल करना आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में लागू होने वाले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के दायरे में आता है। संसद पर 2001 में हुए हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर 2023 को उसकी सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दो आरोपी सागर शर्मा एवं मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कथित तौर पर कूद गए थे। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 70 अंक चढ़कर 80,288 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार, 29 अप्रैल को शेयर बाजार फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 70 अंक चढ़कर 80,288 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 7 अंक की तेजी रही, ये 24,336 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी रही।




रिलायंस और टेक महिंद्रा के शेयर में 2.2 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड और सनफार्मा के शेयर 2.3त्न से ज्यादा गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा गिरावट फार्मा में 1.06 फीसदी, मेटल में 0.95 फीसदी और मीडिया में 0.79 फीसदी रही। आईटी में 1.23 फीसदी की तेजी रही। जापान का निक्केई आज बंद है। कल यह 134.25 अंक (0.38 फीसदी) ऊपर 35,839 पर बंद हुआ था। कोरिया का कोस्पी 16 अंक (0.65 फीसदी) की तेजी के साथ 2,565 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट मामूली गिरावट के साथ 3,286 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 36 अंक (0.16 फीसदी) चढ़कर 22,008 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति को दी मंजूरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दे दी। इसके तहत यात्री इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को सब्सिडी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कुछ ईवी को टोल से भी छूट दी जाएगी। फडणवीस ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि राज्य सरकार ने नई ईवी नीति को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत यात्री इलेक्ट्रिक वाहन को सब्सिडी दी जाएगी।

इलेक्ट्रिक वाहन के विनिर्माण और उपयोग में वृद्धि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली : महिला की हत्या के मामले में पति समेत छह दोषी करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने राजधानी के उत्तर-पश्चिमी बवाना इलाके में वर्ष 2018 में एक स्कूल शिक्षिका की हत्या के मामले में उसके पति समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने मंजीत सहरावत, एंजल गुप्ता, धर्मेंद्र, दीपक, विशाल उर्फ जॉनी और शहजाद सैफी के खिलाफ मामला संदेह से परे साबित किया है। अदालत ने कहा कि सभी आरोपियों ने आपराधिक साजिश को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाई। सुनीता (38) की 29 अक्तूबर 2018 की सुबह करीब आठ बजे घर से निकलते समय हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। प्रारंभिक जांच में महिला के पति मंजीत और उसकी प्रेमिका एंजल गुप्ता समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मंजीत ने अपनी पत्नी द्वारा उसके प्रेम संबंधों का विरोध किए जाने पर उसे रास्ते से हटाने के लिए एंजल के सौतेले पिता राजीव गुप्ता के साथ साजिश रची थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राजीव के वाहन चालक दीपक ने अपने मामा धर्मेंद्र की मदद से दो %शार्पशूटर% विशाल और सैफी को सुपारी दी। इन दोनों ने इलाके की रेकी कर सुनीता को तीन गोलियां मारीं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**विराट कोहली**
456




पर्पल कैप
**जोश हेजलवुड**
18



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 |
| 2. | मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 |
| 3. | गुजरात | 09 | 06 | 03 | 12 |
| 4. | दिल्ली | 09 | 06 | 03 | 12 |
| 5. | पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 |
| 6. | लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 09 | 03 | 05 | 07 |
| 8. | राजस्थान | 10 | 03 | 07 | 06 |
| 9. | हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 |

**आईपीएल** गेंदबाजी में सबसे मनोरंजक जंग शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच होने की उम्मीद

# पंजाब के खिलाफ किस्मत बदलने की कोशिश करेगा चेन्नई

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है लेकिन वह पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी किस्मत बदलने की कोशिश करेगा। पांच बार की चैंपियन चेन्नई के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा है और वह नौ मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

दूसरी तरफ पंजाब किंग्स नौ मैचों में पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और वह लगातार हार से निराश चेन्नई के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। चेन्नई के लिए सबसे निराशाजनक बात लंबे समय से उसके गढ़ माने जाने वाले चेपक में घरेलू परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने में असफल रहना है। चेन्नई की टीम प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत दर्ज करने के लिए बेताब होगी।



यहां तक कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई खिलाड़ी भी कोहनी की चोट के कारण बाहर होने वाले रुतुराज गायकवाड़ से कप्तानी संभालने के बाद टीम में जोश भरने में नाकाम रहा है। धोनी ने स्वीकार किया कि चेन्नई की टीम अभी तक सही संयोजन तैयार करने में असफल रही है। धोनी ने कहा था, ''अगर आप पावरप्ले देखें, चाहे वह संयोजन हो या परिस्थितियां, हम बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष कर रहे हैं।'' इस मैच में कुछ खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। चेन्नई के युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे जब पावरप्ले में अर्शदीप सिंह का सामना करेंगे तो वह दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। बीच के ओवरों में सबसे मनोरंजक जंग शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच होने की उम्मीद है। चहल शानदार फॉर्म में हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि चेन्नई का मध्य क्रम उनकी चुनौती से कैसे पार पाता है।

प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई है और इन दोनों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद पर होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर के रूप में पंजाब को एक ऐसा बल्लेबाज मिला है जो अच्छी तरह से सूत्रधार की भूमिका निभाता है। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। धोनी 43 साल का होने के बावजूद मैच का सकारात्मक अंत करने में सक्षम हैं लेकिन विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी जैसे भारतीय बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गेंदबाजी में रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन और मथीशा पथिराना के संघर्ष से भी चेन्नई को मदद नहीं मिली है पंजाब के पास मार्को यानसन के रूप में बहुत अच्छा ऑलराउंडर है, जबकि गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व अर्शदीप और चहल करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस। श्रेयस गोपाल, मथीशा पथिराना।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को यानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

## राठौड़ बोले-भारत की तरफ से लंबे समय तक खेल सकते हैं सूर्यवंशी

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने वैभव सूर्यवंशी को विशेष प्रतिभा करार देते हुए कहा कि अगर वह खेल पर अपना ध्यान केंद्रित रखते हैं तो लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट की सेवा कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने ईशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर तथा अफगानिस्तान के राशिद खान और करीम जानत जैसे अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए 11 छक्के और सात चौके लगाए और राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राठौड़ ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''हम पिछले कुछ महीनों से इसे नेट पर देख रहे हैं, हमें पता था कि वह क्या करने में सक्षम है और वह कौन से शॉट खेल सकता है, लेकिन खचाखच भरे स्टेडियम में और इस तरह की स्थिति में वास्तव में अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ ऐसा करना, यह वास्तव में विशेष था।''

उन्होंने कहा, ''वह एक विशेष प्रतिभा है और इसकी तकनीकी अच्छी है। आज उसने सभी को दिखाया कि वह कितना अच्छा बल्लेबाज है।'' राठौड़ ने कहा, ''एक 14 साल के बच्चे का इस तरह खेलना निश्चित रूप से उसे खास बनाता है। हमने उसे पहली बार चार महीने पहले देखा था जब वह ट्रायल के लिए आया था। उस दिन से हमें पता था कि हमें कुछ खास मिला है और उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है।'' राठौड़ को लगता है कि सूर्यवंशी लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट की सेवा कर सकते हैं, बशर्ते वह कड़ी मेहनत करते रहें। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली की फिरकी में फंसे कोलकाता के बल्लेबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 48वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आए कोलकाता के ओपनर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और सुनील नरेन ने शुरुआती ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। गुरबाज ने 12 गेंदों में 26 रन बनाए। गुरबाज को स्टॉर्क ने पारेल के हाथों पर करवाया। उसके बाद सुनील नरेन ने भी 16 गेंदों में 27 रन बनाए, उन्हें सुनील निगम पगबाधा आउट किया। अजिंक्य रहाणे ने थोड़ी देर पारी को संभाला और 14 गेंदों में 26 रन बनाए, उन्हें अक्षर पटले ने पगबाधा आउट किया। वेंकटेश अय्यर भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाए और 5 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक कोलकाता ने 10 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 117 रन बना लिए थे। अंकृष रघुवंशी (23) और वेंकटेश अय्यर (2) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।



शॉट खेलता आर गुरबाज।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए सामान्य सी बात : सूर्यवंशी



**एजेंसी, जयपुर।** क्रिकेट जगत उनके साहसी 'स्ट्रोकप्ले' का कायल हो गया है, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के लिए पहली गेंद पर छक्का लगाना एक सामान्य-सी बात है क्योंकि परिस्थितियों का उन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र के शतकवीर बनकर आईपीएल में धूम मचा दी। यह आईपीएल में उनका केवल तीसरा मैच था। उन्होंने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ आईपीएल में अपना पहला मैच खेलते हुए 20 गेंद पर 34 रन बनाए थे और अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर छक्का लगाया था। सूर्यवंशी ने कहा, ''यह मेरे लिए सामान्य बात थी। मैं भारत के लिए अंडर-19 और घरेलू स्तर पर भी खेला हूं, जहां मैंने पहली गेंद पर छक्के लगाए हैं। मुझ पर पहली 10 गेंदों को खेलने का दबाव नहीं था। मेरे दिमाग में स्पष्ट था कि अगर गेंद मेरी जद में आएगी, तो मैं उसे मारूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

### दीपिका का दिलकश अंदाज

**नई दिल्ली।** स्क्वैश प्लेयर दीपिका पल्लीकल भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। बताया जाता है पहले कार्तिक का प्यार कोई और था, लेकिन बाद में उनके बुरे दिनों में पल्लीकल ने उनका साथ दिया और दोनों में पहले दोस्ती हुई। दोस्ती बाद में धीरे-धीरे प्यार में बदल गई।



### डोपिंग के कारण टेनिस खिलाड़ी मैक्स पर्सेल पर लगा 18 महीने का बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दो बार के ग्रैंड स्लैम डबल्स चैंपियन मैक्स पर्सेल पर एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के चलते 18 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। यह मामला किसी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का नहीं, बल्कि 'निषिद्ध प्रक्रिया' के तहत आया है। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पर्सेल ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने अनजाने में 100 मिलीलीटर की निर्धारित सीमा से अधिक विटामिन की आईवी ड्रिप ली थी। नियमों के अनुसार 12 घंटे की अवधि में 100 मिली से अधिक का इन्फ्यूजन प्रतिबंधित है। पर्सेल ने बताया कि उन्होंने क्लीनिक को सूचित किया था कि वे प्रोफेशनल एथलीट हैं और यह इन्फ्यूजन तय मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन फिर भी उन्हें दो बार 500 मिली से अधिक का इन्फ्यूजन दिया गया। आईटीआईए के अनुसार पर्सेल ने जांच में पूरा सहयोग किया और सभी जानकारियां साझा कीं। इसी कारण उनकी सजा में 25 प्रतिशत की छूट दी गई। (अनंत ज्ञान)



## भारत ने द. अफ्रीका को 15 रन से हराया

**एजेंसी, कोलंबो**

प्रतिका रावल की अर्द्धशतकीय पारी के बाद स्पिनर स्नेह राणा ने एक ही ओवर में तीन विकेट चटकाकर महिला वनडे में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया, जिससे भारत ने महिला त्रिकोणीय सीरीज में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर 15 रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

**राणा ने झटके पांच विकेट**

प्रतिका ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद छह विकेट पर 276 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' राणा ने इसके बाद पांच विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम ताजमिन ब्रिट्स के 109 रन के बावजूद 49.2 ओवर में 261 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 21 रन पर गंवा दिए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने इस दौरान पारी के 48वें ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा आक्रामक तरीके से करते हुए भारत को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया। ब्रिट्स मौसम की मुश्किल परिस्थितियों में ऐंठन का सामना करने के कारण 105 गेंद पर 108 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गयी। उन्होंने कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 140 रनों साझेदारी कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलती प्रतिका रावल।

शॉट खेलती भारतीय महिला खिलाड़ी प्रतिका रावल।

### आईपीएल मैच के टिकट 30 अप्रैल व एक मई को ऑफलाइन होंगे उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 8 मई को पंजाब और दिल्ली के बीच खेले जाने वाले आईपीएल मैच के टिकट 30 अप्रैल व 1 मई को आफलाइन माध्यम से उपलब्ध होंगे। ऑफलाइन टिकट के लिए गेट एमई-1 के साथ बनाए गए बॉक्स ऑफिस में टिकटें उपलब्ध करवाई जाएंगी। यहां क्रिकेट प्रेमी एक सरकारी पहचान पत्र प्रति व्यक्ति दो टिकटें खरीद सकेंगे। काउंटर पर सामान्य व सुविधाजनक टिकट मिल सकेंगी। आईपीएल की ऑनलाइन टिकटों के लिए एक निजी बुकिंग ऐप व पंजाब किंग्स की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा धर्मशाला में ऑफलाइन टिकट के शेड्यूल के तहत सुबह 11 बजे से शुरू होने वाली इन ऑफलाइन टिकटों की बिक्री के तहत 30 अप्रैल और 1 मई को पंजाब बनाम दिल्ली कैपिटल्स के टिकट उपलब्ध रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## आगे बढ़ने और आगामी मुकाबलों पर ध्यान देने की जरूरत : हर्षित राणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज़ गेंदबाज हर्षित राणा ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले टीम के दोबारा जीत की राह पर लौटने का विश्वास जताया है। राणा ने हालिया हार को भुलाकर भविष्य की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।



हर्षित राणा ने कहा कि जितना हम अपने पिछले दो मुकाबलों के परिणामों को पीछे छोड़ेंगे, हमारे लिए उतना ही बेहतर रहेगा। अगर हम उन हारों को लेकर ज्यादा सोचेंगे तो टीम का मनोबल प्रभावित हो सकता है। हमें अब आगे के सभी मैच जीतने का लक्ष्य रखना है।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की सतह को लेकर राणा ने कहा कि यहां आमतौर पर उछाल कम होता है। पिछली भिड़ंत में भी देखने को मिला कि गेंद धीमी हो रही थी और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि सफल होने के लिए ज़रूरी है कि टीम जल्द से जल्द खेल क्षेत्र की प्रकृति को समझे और उसी के अनुसार रणनीति बनाए। हर्षित ने कोलकाता के भारतीय गेंदबाजी दल की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा भारतीय गेंदबाज़ी दल बेहद मजबूत है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी गेंदबाजी काफी प्रभावी रही है। अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए राणा ने कहा कि वे इस सत्र में और बेहतर करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि रिवर्स स्विंग अब बहुत अहम हो गया है। इसके अलावा, अब हम फिर से गेंद पर लार (सलाइवा) का उपयोग कर सकते हैं, जिससे अंतिम ओवरों में गेंदबाज़ी करना आसान हुआ है। टीम के सहयोगी दल की सराहना करते हुए राणा ने विशेष रूप से सहायक प्रशिक्षक अभिषेक नायर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अभिषेक नायर क्रिकेट को गहराई से समझते हैं और भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता से भली-भांति परिचित हैं। उनकी मौजूदगी ने मेरे खेल में भी सकारात्मक बदलाव लाया है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम नीतीश ने सूर्यवंशी को 10 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की

**एजेंसी, पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र के शतक बनाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मंगलवार को 10 लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की। सूर्यवंशी ने सोमवार गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन बनाकर 14 साल और 32 दिन की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 35 गेंद में अपना शतक पूरा किया, जिससे वह आईपीएल में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस दौरान अपनी पारी में 94 रन बाउंड्री से बनाए। नीतीश ने ट्विटर पर लिखा, ''आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है।''



उन्होंने सूर्यवंशी और उनके पिता से मुलाकात की फोटो को साझा करते हुए लिखा, ''वैभव सूर्यवंशी एवं उनके पिता से वर्ष 2024 में 'एक अणे मार्ग' में मुलाकात हुई थी तथा उस समय मैंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के पश्चात फोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई भी दी।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी को बताया उभरता हुआ सितारा

# सचिन सहित दिग्गजों ने की वैभव की सराहना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों ने 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए इस विलक्षण बालक को एक उभरता हुआ सितारा बताया। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सूर्यवंशी ने सोमवार की रात जयपुर में खेले गए आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के राशिद खान को मिड विकेट पर छक्का लगाकर टी20 में सबसे कम उम्र का शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के बाद क्रिकेट जगत को अपना दीवाना बना दिया।

भारत की तरफ से 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, '' वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली।'' सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जड़कर



राजस्थान रॉयल्स के पूर्व बल्लेबाज यूसुफ पठान के किसी भारतीय के टी20 में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सूर्यवंशी का तब जन्म भी नहीं हुआ था जब 15 साल पहले पठान ने 37 गेंद में शतक लगाया था।

पठान ने कहा, ''एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था।'' भारत के एक अन्य पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने कहा, ''आप 14 साल की उम्र में क्या कर रहे थे। यह बच्चा बिना पलक झपकाए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहा है। वैभव सूर्यवंशी नाम याद रखें। वह निडर रवैये के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी को चमकते देखकर गर्व है।''

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार बताया। श्रीकांत ने कहा, ''14 साल की उम्र में ज्यादातर बच्चे सपने देखते हैं और आइसक्रीम खाते हैं। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल के दावेदारों में से एक के खिलाफ शानदार 100 रन बनाए। उनका धैर्य, कौशल और साहस उनकी उम्र से कहीं अधिक है। हम एक अभूतपूर्व बल्लेबाज का उदय देख रहे हैं। भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार यहां है।'' (अनंत ज्ञान)

### वैभव अविश्वसनीय प्रतिभा : मोहम्मद शमी

**भारत** के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लिखा, ''वैभव सूर्यवंशी, क्या अविश्वसनीय प्रतिभा है। सिर्फ 14 साल की उम्र में शतक बनाना अविश्वसनीय है। चमकते रहो भाई।'' भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, ''सूर्यवंशी को खेलते हुए देखकर ऐसा लगा जैसे इतिहास बनते हुए देख रहे हों। उन्होंने बड़ी सहजता से 35 गेंद पर शतक बनाया। बहुत अच्छा खेला चैंपियन।'' क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इयान बिशप सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों से स्तब्ध रह गए।



*सूर्यवंशी के पिता बोले-*

### रॉयल्स व द्रविड़ का आभार व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं

**एजेंसी, पटना।** अपने बेटे के क्रिकेट खेलने के सपने को पूरा करने में उनकी खेती की जमीन चली गई, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद उनके पिता संजीव ने इस युवा बल्लेबाज को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले राजस्थान रॉयल्स और राहुल द्रविड़ का आभार व्यक्त किया।



बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को जयपुर में खेले गए मैच में 35 गेंद पर शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। बिहार क्रिकेट संघ द्वारा जारी किए गए वीडियो में संजीव ने कहा, ''उसने हमारे गांव, बिहार और पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। हम इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकते और जश्न मना रहे हैं। मैं राजस्थान रॉयल्स को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने पिछले तीन-चार महीनों में उसका खेल निखारने पर बहुत काम किया।'' (अनंत ज्ञान)